ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • फाल्गुन शुक्ल पक्ष 14 • विक्रम संवत 2079 • सोमवार, 06 मार्च 2023 • वर्ष-29 • अंक-141 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50



आपका काम ही आपका सबसे अच्छा पीआर... पेज 10 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### हाईकोर्ट में आज से होली का अवकाश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में होली के अवकाश में बदलाव किया गया है। अब छह और सात मार्च को भी होली का अवकाश रहेगा। पहले आठ से दस मार्च तक अवकाश निर्धारित था। अब छह और सात मार्च को भी अवकाश रहेगा। छह और सात मार्च के अतिरिक्त अवकाश का समायोजन शनिवार को अदालत की कार्यवाही कर पूरी की जाएगी। छह और सात मार्च के अवकाश के बदले 19 अगस्त और 16 सितम्बर को अदालत की कार्यवाही होगी। दोनों शनिवार का दिन है और क्रमशः उक्त महीने का तीसरा शनिवार है। इस संबंध में रजिस्ट्रार जनरल ने आदेश जारी किया है।

### तीन राज्यों में चुनाव कराने गए जवानों को मिलेगी पांच दिनों की छुट्टी

**रांची।** त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड चुनाव ड्यूटी में गये जैप, आईआरबी और एसआईआरबी के जवानों को पांच दिनों की छुट्टी मिलेगी। जैप एडीजी ने इसको लेकर आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के अनुरोध पर त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय विधानसभा चुनाव-2023 में ड्यूटी करने गये जैप, आईआरबी और एसआईआरबी के पुलिस कर्मियों को पांच दिनों का अनुमति अवकाश स्वीकृत किया जाता है। संबंधित समादेष्टा इन पुलिसकर्मियों को रोस्टर के अनुसार बारी-बारी से अवकाश में प्रस्थान कराना सुनिश्चित करेंगे। उल्लेखनीय है कि इन तीनों राज्यों में चुनाव कराने के लिए जैप, आईआरबी और एसआईआरबी की दस बटालियन गयी थी।

### गोला में ऑटो पलटने से भाई-बहन की मौत आठ लोग घायल

**रामगढ़।** गोला- मुरी मार्ग के हारुबेड़ा के समीप रविवार को ट्रक ने एक ऑटो को धक्का मार दिया, जिससे ऑटो पलट कर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। घटना में भाई-बहन की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। जबकि ऑटो में सवार आधा दर्जन से अधिक मजदूर घायल हो गये। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में प्राथमिक इलाज करने के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, रामगढ़ रेफर कर दिया गया। मृतकों की पहचान सीमना लोहार (17) एवं इसकी बहन चांद लोहार (पांच ) दोनों के पिता अमृत लोहार के रूप में हुई। जबकि घायलों में देवाशीष लोहार, कालीचरण कर्मकार, एकादशी देवी, दिलीप लोहार, बहादूर कर्मकार, अमृत लोहार, सूरज लोहार, समीर लोहार सहित अन्य शामिल है। सभी नावाडीह सुईसा पश्चिम बंगाल निवासी बताये जाते हैं। घटना की सूचना मिलते ही इनके परिजन गोला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां दोनों भाई-बहन की मौत होने से परिजनों बुरा हाल था।

# प्रमोद मिश्रा से ईडी आज करेगी पूछताछ

### झारखंड हाईकोर्ट ने भी दिया है उपस्थित होने का आदेश

### पंकज मिश्रा को सहयोग देने का है आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन व उससे जुड़े मनी लाउंड्रिंग के मामले में ईडी सोमवार को बरहरवा के पूर्व डीएसपी प्रमोद मिश्रा से पूछताछ करेगी। प्रमोद मिश्रा को चौथी बार ईडी ने पूछताछ के लिए समन भेजा था। समन के खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में अपील की थी। जिसके बाद हाईकोर्ट ने प्रमोद मिश्रा को समन पर उपस्थित होने का आदेश दिया था, वहीं कोर्ट के आदेश में बताया गया था कि कोर्ट के समन पर उपस्थिति के दिन प्रमोद मिश्रा की गिरफ्तारी नहीं हो सकती। ईडी ने 1000 करोड़ के अवैध खनन के मामले में मुख्य आरोपी पंकज मिश्रा के सहयोगी के तौर पर प्रमोद मिश्रा को चिन्हित किया है। ईडी को दिया बयान में सेवानिवृत पुलिसकर्मी निराला ने बताया था कि प्रमोद मिश्रा ने अवैध वसूली के मामले में प्रति ट्रक उगाही के लिए तंत्र बनाया था। ईडी ने इस मामले में गवाही के बाद प्रमोद मिश्रा को पहली बार दिसम्बर 2022 में समन किया था।




### टॉल प्लाजा केस में 24 घंटे के भीतर क्लीनचिट देकर आए संदेह के घेरे में

बरहरवा में टॉल प्लाजा के ठेका मैनेज करने से जुड़े केस में बरहरवा डीएसपी रहते हुए प्रमोद मिश्रा ने केस का सुपरविजन किया था। सुपरविजन में 24 घंटे के भीतर ही बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और मंत्री आलमगीर आलम का नाम एफआईआर से हटा दिया गया था। इस मामले में ईडी ने केस के अनुसंधानकर्ता मो सरफुद्दीन से पूछताछ की थी। जिसके प्रमोद मिश्रा की भूमिका का खुलासा किया था। ईडी ने बरहरवा टॉल प्लाजा केस के आधार पर ही ईसीआईआर दर्ज किया था।

# पलामू में हथियार के साथ एक गिरफ्तार, दूसरा फरार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निदेर्शानुसार चैनपुर थाना की पुलिस ने हथियार के साथ एक युवक रंजीत कुमार सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग ने बताया कि शनिवार की रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# होली का रंग फीका कर सकती है बारिश

### राज्य के एक दर्जन जिलों में बारिश होने का अनुमान

### रांची मौसम विभाग ने आठ-नौ मार्च को बारिश की जताई है संभावना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

होली के रंग में इस बार बारिश खलल डाल सकती है। झारखंड में आठ मार्च को होली का त्योहार मनाया जायेगा। इसके पहले राज्य के एक दर्जन जिलों में बारिश होने का अनुमान है। रांची मौसम विभाग ने आठ-नौ मार्च को बारिश होने की संभावना जतायी है। सात और आठ मार्च को रांची, पलामू, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा और गुमला सहित 12 जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है। साथ ही राजधानी रांची सहित झारखंड के दक्षिणी-पश्चिमी और उससे सटे मध्य भागों में छह, सात और आठ मार्च को आसमान में आंशिक बादल छाये रहेंगे। रांची के न्यूनतम तापमान में बदलाव हो सकता है। रांची का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सलियस है। आने वाले दिनों में तापमान बढ़कर 34 डिग्री सेल्सियस तक जाने की संभावना है। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट स्थित मौसम केंद्र ने मौसम का जो पूर्वानुमान जारी किया है, उसमें बताया है कि आठ मार्च को झारखंड के पूर्वी, दक्षिण-पश्चिमी तथा उससे सटे मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के दर्जे की वर्षा हो सकती है। इससे पहले छह मार्च को झारखंड के दक्षिणी-पश्चिमी और उससे सटे मध्य भागों में कहीं-कहीं आंशिक बादल छाये रहेंगे। उत्तरी-पूर्वी भागों में आसमान साफ रहेगा। साथ ही इस हिस्से में यानी देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज जिले में छह मार्च तक मौसम शुष्क रहेगा। राजधानी रांची के अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा, लेकिन न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि हो सकती है। रांची का अधिकतम तापमान छह मार्च को 32 डिग्री सेंटीग्रेड, सात मार्च को 30 डिग्री ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



# पांकी से धारा 144 हटाने का निर्देश जारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के पांकी इलाके से धारा 144 हटा दी गई है। हिंसा के बाद यहां 17 दिनों से पांकी के इलाके में धारा 144 लागू किया गया था। सदर एसडीएम राजेश कुमार शाह ने लेस्लीगंज एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी और पांकी सीओ की रिपोर्ट के आधार पर धारा 144 को हटाने का निर्देश जारी किया है।

**विधायक ने विधानसभा में उठाया था मामला :** धारा 144 हटाने की मांग को लेकर विधानसभा के समक्ष विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता धरना पर भी बैठे थे। विधायक ने लगातार दो दिनों तक विधानसभा में आवाज उठाई थी और कहा था कि इलाके में हालात सामान्य हैं। होली को देखते हुए धारा 144 हटायी जाये। वहीं धारा 144 को लेकर लेस्लीगंज एसडीपीओ और पांकी सीओ ने एक रिपोर्ट सीओ को सौंपी है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दो मार्च को पांकी में शांति समिति की बैठक हुई थी। शांति समिति की बैठक में दोनों पक्षों ने आपसी सहमति और आपसी भाईचारा को जाहिर किया है। दोनों पक्षों ने मिल जुलकर पर्व-त्योहार मनाने का निर्णय लिया है।

**महाशिवरात्रि में तोरणद्वार को लेकर हुई थी हिंसा :** दरअसल, 15 फरवरी को पलामू के पांकी थाना क्षेत्र में महाशिवरात्रि के तोरण द्वार लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। विवाद के बाद जमकर हिंसा हुई थी। हिंसा को देखते हुए पूरे इलाके में धारा 144 लागू की गई थी। करीब 17 दिनों के बाद इलाके से धारा 144 हटायी गई है। शनिवार को इस संबंध में सदर एसडीएम ने एक लिखित निर्देश जारी की है।

**चौक-चौराहों पर पुलिस बलों की रहेगी तैनाती :** पांकी में फिलहाल पुलिस बल की तैनाती सभी चौक-चौराहों पर रहेगी। वहीं हिंसा के बाद से पलामू में चार दिनों तक इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई थी। हालात सामान्य होने के बाद ही इलाके में इंटरनेट सेवा चालू की गई थी। पांकी के इलाके में हिंसा के बाद लगातार हालात सामान्य हो रहे हैं। हिंसा मामले में पुलिस ने दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की थी, जबकि 18 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा है। पूरे मामले में 159 नामजद, जबकि 2900 अज्ञात उपद्रवियों को आरोपी बनाया गया है।

# अन्याय के खिलाफ सामूहिक आंदोलन का समय : मुख्यमंत्री

### पूर्व केंद्रीय मंत्री और रास सांसद कपिल सिब्बल के जन आंदोलन को हेमंत सोरेन ने किया समर्थन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व रास सांसद कपिल सिब्बल के प्रस्तावित जन आंदोलन को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपना समर्थन दिया है। प्रस्तावित जन आंदोलन का खुलकर समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वर्तमान में अन्याय के खिलाफ सामूहिक आंदोलन का समय है। बता दें कि केंद्र सरकार और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के खिलाफ जन आंदालेन किया जाना है। गौरतलब हो कि रास सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने शनिवार को एक गैर-चुनावी राजनीतिक मंच शुरू किया था। इस नए मंच को उन्होंने न्याय के लिए एक जन आंदोलन बताया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने देश के सभी विपक्षी मुख्यमंत्रियों और नेताओं से इस प्रस्तावित जन आंदोलन के लिए समर्थन भी मांगा है। इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को कहा है कि कपिल सिब्बल के प्रस्तावित जन-आंदोलन का उनका पूरी एकजुटता ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



# खूंटी में समय के साथ बदलता गया होली मनाने का तरीका

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

आदिवासी बहुल जिला खूंटी में लोग उल्लास व उमंग पूर्ण वातावरण में होली मनाते रहे हैं, लेकिन समय के साथ ही होली मनाने का तरीका भी बदल गया। वर्षों पहले खूंटी और आसपास के इलाकों में जो उमंग, उल्लास और मस्ती का जो वातावरण रहता था, वह अब नजर नहीं आता। 20-25 वर्ष पहले खूंटी में बच्चे और नौजवान होली के एक सप्ताह पूर्व से ही रंग खेलना शुरू कर देते थे। उस दौरान किसी को रंग देने से वह बुरा भी नहीं मानता था, लेकिन अब होली के दिन ही रंग खेलकर लोग परंपरा का निर्वहन करने लगे हैं। पहले होली के दिन बच्चे व युवाओं की टोलियां समूह में रंग खेलने निकलते थीं और विभिन्न मुहल्लों में घूम-घूम कर होली का हुड़दंग मचाते थे। वैसा नजारा अब कहीं नजर नहीं आता।

इन सब के बीच एक अच्छी बात यह है कि पहले होली का हुड़दंग अत्यधिक होता था। होली के हुड़दंग के कारण अनेक दुकानदारों व लोगों को नुकसान भी उठाना पड़ता था, जो अब कहीं नजर नहीं आता। जहां तक होलिका दहन की बात है, तो यह पहले की तरह अब भी अनवरत जारी है। होली की परंपरा में बदलाव का बड़ा कारण बढ़ता शहरीकरण भी है। कर्रा प्रखंड के वयोवृद्ध पुजारी हीरालाल पाठक कहते हैं कि पहले हिंदुओं के साथ मिलकर दूसरे समुदाय के लोग भी होली और रामनवमी मनाते थे। उस समय न संप्रदाय की बात होती थी और न ही धर्म की, लेकिन अब दूसरे समुदाय के लोग हिंदुओं के त्योहार से दूरी बनाने लगे हैं।



# नेवी ने जहाज से किया ब्रह्मोस का परीक्षण

### मिसाइल ने सटीक निशाना लगाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आत्मनिर्भर निर्भर भारत कार्यक्रम के तहत भारतीय नौसेना ने ब्रह्मोस मिसाइल का रविवार को सफल परीक्षण किया है। इसके बूस्टर को डीआरडीओ ने डिजायन किया है। मिसाइल का परीक्षण कोलकाता के घातक युद्धपोत से किया गया। इसने अरब सागर में अपने टारगेट पर सटीक हमला किया है। मामले की जानकारी भारतीय नौसेना की ओर से दी है। नौसेना की ओर से जारी किए गए एक बयान में कहा गया: भारतीय नौसेना ने डीआरडीओ की डिजायन की गई स्वदेशी साधक और वर्धक ब्रह्मोस मिसाइल ने अरब सागर में सटीक हमला किया है। यह आत्मनिर्भरता के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। बयान में आगे कहा गया है कि मिसाइल का परीक्षण कोलकाता क्लास गाइडेड मिसाइल डेस्ट्रॉयर वारशिप से किया गया। मिसाइल में स्वदेशी सामग्री बढ़ाने पर ब्रह्मोस एयरोस्पेस लगातार काम कर रहा है।

**सुखोई से वायुसेना ने भी किया था परीक्षण :** इंडियन एयरफोर्स ने दिसम्बर 2022 में बंगाल की खाड़ी में ब्रह्मोस एयर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### भारत का आईएनएस त्रिकंद अंतर्राष्ट्रीय समुद्री अभ्यास

# 'कटलैस एक्सप्रेस 2023' में शामिल

### नौसैनिक अभ्यास खाड़ी क्षेत्र में 16 मार्च तक होगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना का आईएनएस त्रिकंद अंतर्राष्ट्रीय समुद्री अभ्यास में शामिल हो रहा है। यह अंतर्राष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास खाड़ी क्षेत्र में 16 मार्च तक आयोजित किया जा रहा। इसको 'अंतर्राष्ट्रीय समुद्री अभ्यास कटलैस एक्सप्रेस 2023' नाम दिया गया है। भारतीय नौसेना के मुताबिक, अंतर्राष्ट्रीय समुद्री अभ्यास कटलैस एक्सप्रेस का उद्देश्य समुद्री सुरक्षा को बढ़ाना और क्षेत्र में समुद्री लेन को समुद्री वाणिज्य के लिए सुरक्षित रखना है। 'अंतर्राष्ट्रीय समुद्री अभ्यास कटलैस एक्सप्रेस 2023' (आईएमएक्स) विश्व के सबसे बड़े बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यासों में से एक है। भारत के रक्षा मंत्रालय का कहना है कि यह भारतीय नौसेना की पहली आईएमएक्स सहभागिता है, यह दूसरे अवसर को भी चिन्हित करता है, जहां सीएमएफ द्वारा आयोजित अभ्यास में एक भारतीय नौसेना जहाज हिस्सा ले रहा है। मौजूदा समुद्री अभ्यास 26 फरवरी से शुरू हुआ है और 16 मार्च तक जारी रहेगा। इससे पहले, 22 नवम्बर को आईएनएस त्रिकंद ने सीएमएफ के नेतृत्व वाले ऑपरेशन सी स्वॉर्ड 2 में भाग लिया ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**प्रेस वार्ता**

### बीजेपी राज्यपाल को सौंपेगा ज्ञापन, कटघरे में अरुण एक्का

# मरांडी ने प्रधान सचिव को पदमुक्त कराने की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को हेमंत सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए एक वीडियो क्लिप जारी कर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण एक्का को कटघरे में खड़ा किया है। बाबूलाल रविवार को प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मरांडी ने कहा कि यह झारखंड के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव (गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के भी प्रधान सचिव) राजीव अरुण एक्का के काले कारनामों एवं महालूट का एक छोटा सा वीडियो क्लिप है जिसे देख कर आसानी से समझा जा सकता है कि झारखंड में सरकार कैसे चल रही है और कौन लोग चला रहे हैं? उन्होंने कहा कि यह पिछले दिनों ईडी के छापे के बाद चर्चा में आये सत्ता के एक मशहूर दलाल विशाल चौधरी के अरगोड़ा चौक के निकट के कार्यालय का वीडियो है। एक्का साहब वहां सरकारी फाइलें जिस तरह निपटा रहे हैं, इसे देखकर किसी भी आदमी को लज्जा आएगी। उन्होंने कहा कि एक्का और विशाल अकेले नहीं है। ऐसे कई और दलाल, अफसर एवं सत्ताधारी लोग हैं जो मिल बैठकर टेंडर, ट्रांसफर आदि की फाइल पैसे लेकर अपने घरों से निपटा रहे हैं। इसकी विस्तृत जांच होगी तो इस सरकार और उसके अधिकारियों की हैरान करने वाली जानकारियां सामने आएंगी।

मरांडी ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री से मांग करता हूं कि इस गंभीर अपराध के लिए राजीव अरुण एक्का पर तुरंत एफआईआर दर्ज करा कर उन्हें जेल भिजवायें। उन्हें पद से हटायें, भ्रष्टाचार विरोधी कानून में इनपर कार्रवाई करें। एक्का गृह विभाग जैसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील विभाग के भी प्रधान सचिव हैं। इसलिए राज्य की पुलिस इसकी जांच और कार्रवाई कैसे कर सकती है? इसलिए मुख्यमंत्री इस मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश जारी करें। मरांडी ने कहा कि भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल इस वीडियो की सीडी के साथ राज्यपाल से मिलकर अनुरोध पत्र सौंप कर मांग करेगा कि इस बेहद महत्वपूर्ण मामले में विस्तृत एवं निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआई को सौंपने के लिए राज्य सरकार को भेजें। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### राजीव अरुण एक्का का हुआ तबादला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के द्वारा लगाए गए आरोप के बाद राज्य सरकार ने पीएम के प्रधान सचिव को उनके तमाम पदों से मुक्त करते हुए उनका तबादला प्रधान सचिव पंचायती राज विभाग में कर दिया गया है। रविवार की दोपहर पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी ने राजीव अरुण एक्का को लेकर कई गंभीर आरोप लगाए थे। बाबूलाल मरांडी ने राजीव अरुण एक्का को लेकर एक वीडियो भी जारी किया था।

**अधिसूचना जारी :** रविवार की दोपहर तकरीबन 12.30 में बाबूलाल मरांडी ने राजीव अरुण एक्का को लेकर प्रेस कांफ्रेंस किया था।

## NEWS इन ब्रीफ

### पुलिस ने 200 किलो जावा महुआ किया नष्ट

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सोनपुरवा गांव के समीप सोन नदी के किनारे गुप्त सूचना के आधार पर देवरी ओपी प्रभारी इन्द्रेव राम ने दल बल के साथ सोनपुरवा स्थित सोन नदी बीच डीला पर अवैध रूप से चल रहे। अवैध महुआ शराब भट्टी एवं 200 किलो जावा महुआ को नष्ट किया गया। ओपी प्रभारी ने बताया कि हमें एक दिन पूर्व गुप्त सूचना मिली थी, कुछ लोग अवैध रूप से होली पर्व को लेकर भारी मात्रा में महुआ शराब बनाने का कार्य कर रहे हैं।इसी सूचना के आधार पर दल बल के साथ सोन नदी के डीला पर पहुंच कर अवैध रूप से शराब बनाने का उपक्रम व भट्ठी को नष्ट किया गया। इस मौके पर एसआई कार्तीक उरांव, सुधीर कुमार, निरंजन कुमार सहित अन्य जवान शामिल थे।

### मुखिया ने मनाया महिला दिवस

**सतबरवा।** लहलहे आंगनबाड़ी भवन में तेजस्विनी परियोजना के बैनर तले। मुखिया की उपस्थिति में रविवार को महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया पूनम देवी ने केक काटकर किया। महिला को संबोधित करते हुए मुखिया पूनम देवी ने कहा कि महिला कहीं भी पुरुषों से कम नहीं है। महिलाएं हर काम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें रही हैं। कभी भी अपने आप को कमजोर ना समझे। मौके पर अनीता देवी, सुमन गुप्ता, पुष्पा देवी समेत दर्जनों महिलाएं मौजूद थी।

### परिधान रेडीमेड प्रतिष्ठान का उद्घाटन



**हुसैनाबाद।** शहर के मेन रोड स्थित हुसैनाबाद स्टेट बैंक के सामने कमला मार्केट परिसर में रविवार को परिधान रेडीमेड गारमेंट्स प्रतिष्ठान का उद्घाटन समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश सिंह, समाजसेवी अशोक कश्यप ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने कहा कि आज के आधुनिक परिवेश में सुविधाओं का विस्तार जरूरी है। क्षेत्र में इस तरह के प्रतिष्ठान खुलने से लोगों को काफी फायदा मिलेगा। वही प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर अविनाश कश्यप ने कहा कि हमारे प्रतिष्ठान में सस्ते व किफायती दर पर नये-नये फैशन के कपड़े उपलब्ध कराया जायेगा। हमारे यहां महिलाओं के लिए भी सभी प्रकार के फैंसी परिधान उचित मूल्य पर उपलब्ध रहेंगे। इस दौरान भाजपा नेता कर्नल संजय सिंह समेत कई गणमान्य लोग पहुंचे और कुछ खरीदारी भी की। मौके पर बनियाडीह बराही पंचायत के मुखिया सुदामा यादव, वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल, अमित सिंह, मनोज सिंह, डबल सिंह, संजय कुमार, गुड्डू कश्यप, बिनोद सिंह, अंकित कश्यप समेत कई लोग मौजूद थें।

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**विश्रामपुर।** होली व सब-ए-बारात पर्व को लेकर रविवार को रेहला थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी नेमधारी रजक व संचालन बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित ने किया। वही बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस निरीक्षक अजय कुमार शामिल रहे। बैठक में दोनों समुदाय के लोगों ने पर्व को शांति व अमन के साथ मनाने का निर्णय लिया। पुलिस निरीक्षक अजय कुमार ने कहा कि होली व शब-ए बरात दोनों पर्व खुशी का प्रतीक है। इसे मिलजुल कर मनाने से पर्व का महत्व और बढ़ जाता है। थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने कहा कि पर्व के दौरान कोई भी गलत शरारत बर्दास्त नहीं की जायेगी। शरारती तत्वों पर पुलिस कड़ी नजर रखेगी।

## स्वदेशी गुलाल का लगा स्टॉल



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** होली को लेकर महिला स्वयं सहायता समूहों के बैनर तले कैमीकल रहित अबीर व रंगो का स्टॉल लगाया गया है। जिसकी कम कीमत व स्वदेशी होने के कारण ग्राहक इसे काफी पसंद कर रहे हैं। यह पूरी तरह हर्बल है। जिसे पलास की फूलो से बनाया गया है। वहीं आने वाले होली उत्सव के मद्देनजर व स्थानीय बस स्टैंड व रेहला मुख्य बाजार में रंग बिरंगे पिचकारी, पटाखे व मिठाइयों से बाजार पूरी तरह सज चुकी है। जिसमें कई स्थानीय महिलाएं व बच्चें बाजार में उपलब्ध नायब तरीके की पिचकारी व रंगो की खरीदारी पूरे उत्साह से करते देखे जा रहे हैं। वहीं बच्चो के बीच इस होली में मोदी का मुखौटा आकर्षण का मुख्य केंद्र बना हुआ है।

## माता शबरी की मूर्ति का विधायक ने किया प्राण प्रतिष्ठा

### कई गणमान्य अतिथि रहे मौजूद

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड के गुरि पंचायत में माता शबरी का बना भव्य मंदिर में रविवार को स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप वैदिक मन्त्रों का उच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर मंदिर में माता शबरी की स्थापित मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा किया। तदपश्चात् आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच का भी स्थानीय विधायक व छतरपुर विधायक पुष्पा देवी व मौजूद अतिथियों ने सामूहिक रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया। वहीं आयोजित सांस्कृतिक



कार्यक्रम में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम व माता शबरी की कई झलकियां दिखाई गई। जिसे देख लोग भाव विभोर हो उठे। विधायक ने कहा कि प्रेम का मतलब हमे रामायण में माता शबरी से सीखनी चाहिए। वर्ना आज तो सिर्फ और सिर्फ प्रेम के नाम पर लोग दिखावा व छलावा करते नजर आ रहे है। मौके पर छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, विधायक के प्रखंड प्रतिनिधि पंकज लाल, नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, भाजपा महामंत्री मनीष गुप्ता, मुखिया घूरा बैठा, मुखिया रोहित तिवारी, ओम प्रकाश तिवारी, असलम बहादुर सहित गणमान्य अतिथि मौजूद थे।

## बस कंडक्टर की बेटी बनी दरोगा

### जिप सदस्य ने किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड दंगवार से बस कंडक्टर धर्मराज सिंह की बेटी संजना कुमारी ने उत्तर प्रदेश दरोगा भर्ती में पास कर क्षेत्र का मान बढ़ाया हैं। जिन्हें उत्तरी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य राजू मेहता ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। राजू मेहता ने कहा कि अपने क्षेत्र की बेटी जब कोई कामयाबी हासिल करती हैं, तो उसका हौसला बढ़ाना चाहिये। इस संबंध



में संजना ने बताया कि मेरा तैयारी राज्य प्रशासनिक सेवा की चल रही हैं और मेरा लक्ष्य भी हैं। लेकिन घर की आर्थिक स्थिति को अपना कैरियर को कमजोरी न बनें, इसलिये इस परीक्षा को दिया। जिसमें मुझे सफलता भी मिली। संजना ने बताया कि अपनी माता पिता की मेहनत के बदौलत ही मुझे यह कामयाबी मिली हैं। मालूम हो कि संजना के पिता धर्मराज सिंह बस कंडक्टर हैं। लेकिन ईमानदारी पूर्वक मेहनत कर अपने बच्चों की शिक्षा दीक्षा दी है। संजना गांव पर ही रहकर तैयारी की है। उसका एक बेटा लोको पायलट हैं और अब बेटी ने अपने पिता के सिर पर स्टार लगा दिया है। संजना की माता उर्मिला देवी गृहणी हैं। अपनी बेटी की कामयाबी से वह काफी खुश हैं।

## रामेश्वर पब्लिक स्कूल में मना वार्षिकोत्सव

**हरिहरगंज।** रामेश्वर पब्लिक स्कूल अम्बा में वार्षिकोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि कुटुंबा विधायक राजेश राम व प्रमुख धर्मेंद्र कुमार रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक बैजनाथ मेहता ने की। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में अम्बा तथा कुटुंबा के थाना अध्यक्ष रहे। मौके पर प्रखंड स्तरीय कक्षा 5वी से दसवीं तक के मेघा चयन प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 51 चयनित छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

## पूर्व सैनिकों ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** किसान ब्रिगेड के आवासीय कार्यालय पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद् हुसैनाबाद इकाई द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। प्रखंड के आसपास से पहुंचे पूर्व सैनिकों ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया। एक-दूसरे के गले मिलकर होली की बधाई दी। भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह पूर्व सैनिक सेवा परिषद् हुसैनाबाद के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि होली आपसी सद्भावना व प्रेम का पर्व है। हम लोगों ने फौज में रहते हुए देश की सेवा की है और आज समाज सेवा में भी अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने समस्त देशवासियों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। संघ के अध्यक्ष दुखन सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि पूर्व सैनिकों तथा आम जनों जिनके परिवार का लंबित पेंशन विसंगति, वन रैंक वन पेंशन, आर्मी मोबाइल कैंटीन, एक्स सर्विस मैन, हेल्प स्कीम आदि समस्याओं को हमारी संघ ने निदान करने का काम किया है। इस मौके पर लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद, सुधीर कुमार सिंह, दिलीप मेहता सत्येंद्र ठाकुर, प्रसाद सिंह, अशर्फी पाल, सतेन्द्र शर्मा, लल्लू पासवान, विजय राम समेत कई लोग उपस्थित थे।

## रामगढ़ की जीत पर आजसू ने निकाला विजय जुलूस



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** रामगढ़ विधानसभा सीट के उपचुनाव में एनडीए गठबंधन की आजसू पार्टी प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत के उपलक्ष्य में रविवार को हरिहरगंज आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक सह आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता के नेतृत्व में विजय जुलूस निकाला। साथ ही केन्द्रीय उपाध्यक्ष के आवास पर होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। विजय जुलूस पूरे शहर का भ्रमण करते हुए पूर्व विधायक के आवास पर पहुंचकर होली मिलन समारोह में तब्दील हो गया। मौके पर शिवपूजन मेहता ने कहा कि एनडीए गठबंधन की जीत के साथ ही झारखंड के हेमंत सरकार की उल्टी गिनती की शुरूआत हो गयी है। उन्होंने होली मिलन समारोह में कहा कि होली में मिट जाता है अमीर-गरीब का फर्क। विजय जुलूस में बम पटाखे आतिशबाजी के साथ ही लोगों ने एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर रामगढ़ विधानसभा जीत तथा होली की बधाई दी। इस मौके पर आजसू के जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी, उपाध्यक्ष विशाल वर्मा, प्रखंड अध्यक्ष अजीत सिंह, जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा, रामजी पासवान, नगर अध्यक्ष प्रेम गौरव, प्रखंड उपाध्यक्ष सोनू जायसवाल, रंजीत वर्मा, डॉ वीरेंद्र सिंह, पंकज मौर्या, मुखिया जितेंद्र पासवान, डॉ लक्ष्मण प्रसाद, अजय मेहता, बिंदेश्वरी मेहता, धर्मेंद्र पटेल, डॉ बलदेव कुमार, करण राजवीर, श्रवण भुइयां, अरविंद बोस, इरशाद आलम, आकाश मेहता सहित सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल थे।

## मतदान केन्द्रों को सशक्त बनाना भाजपा का मकसद

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** रिद्धि सिद्धि होटल में रविवार को भारतीय जनता पार्टी की पलामू इकाई के तत्वावधान में बूथ सशक्तिकरण अभियान व हुसैनाबाद - हरिहरगंज विधानसभा स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि हुसैनाबाद विस क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों को सशक्त बनाना भाजपा का मकसद है। इसकी अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि श्रवण कुमार अग्रवाल ने की। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सभी मतदान केन्द्रों को सशक्त बनाना भाजपा की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने पूरी शक्ति के साथ क्षेत्र में भाजपा द्वारा संचालित कार्य को बताने की आवश्यकता है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि समाज के अंतिम



पायदान पर बैठे विकास की किरण पहुंचाने की जो सोच भाजपा की है। और सुदूरवर्ती इलाकों में रहने वाले अंतिम व्यक्ति तक उनकी मूलभूत आवश्यकताएं पहुंच रही है। पलामू भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने इस कार्यशाला के बारे में विस्तार रूप से कार्यकर्ताओं को समझाया और संगठन की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को शक्ति केन्द्र के माध्यम से सभी मतदान केन्द्रों को सशक्त बनाना है। इस मौके पर कर्नल संजय सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, सुनील राम, रामप्रवेश सिंह, बीरेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, नागेंद्र उपाध्याय, सुनील प्रसाद गुप्ता, सभी मंडल के मंडल अध्यक्ष क्रमशः अजय गुप्ता, प्रशांत सिंह, बलराम, मनीष कुमार, उमेशचंद, शिव रामराज मेहता, राजेश कर्ण, छोटू सिंह समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आदर्श कोचिंग सेंटर में होली मिलन समारोह

**छतरपुर।** नगर पंचायत के ई-वर्ल्ड एवं आदर्श कोचिंग सेंटर में फेरवेल सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता मनोज कुमार, अरविंद गुप्ता चुनमुन, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार, संतोष गुप्ता, सुमन गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे। ईवर्ल्ड कोचिंग में स्थानीय कलाकारों ने होली का गीत गाकर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। स्थानीय लोक कलाकार रंजन, धर्मेंद्र उजाला, नीतू गुप्ता, मुकेश माही ने बेहतरीन गीत संगीत पेश किया। ई वर्ल्ड कोचिंग सेंटर में मुख्य रूप से संतोष गुप्ता, जितेंद्र कुमार, राकेश गुप्ता, सुदामा चंद्रवंशी, शिक्षक चन्दन विश्वकर्मा और जेपी मौजूद रहे। वहीं आदर्श कोचिंग सेंटर में भी 10 वीं के छात्रों का फेयरवेल आयोजित किया गया।

## रिश्तों में मिठास घोलती है होली : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना के समीप एनसीपी कार्यालय के निकट मैदान में रविवार को एनसीपी प्रखंड इकाई की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के उपरांत होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक श्री सिंह ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देता है। वहीं इंटक के प्रदेश सचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह, संदीप पासवान तथा सरोज प्रसाद कुशवाहा ने लोगों को होली पर्व की शुभकामना देते हुए कहा कि होली के त्योहार पर सभी को परस्पर प्रेम और सद्भावना का परिचय देना चाहिए। कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक होली गीत गाकर लोगों को खूब झुमाया। वहीं एक दर्जन से अधिक लोग एनसीपी में शामिल हुए। लोगों को विधायक कमलेश कुमार सिंह ने माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष रविंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि, अजीत सिंह, संदीप पासवान, सरोज कुशवाहा, बबलू सिंह, जनेश्वर भुइयां, सुनील सिंह, हरवंश पासवान, प्रिंस कुमार, अजय सिंह, मुखिया प्रतिनिधि विकास तिवारी, उदय सिंह, भगवती सिंह, पपू सिंह, निरज सिंह, संजय यादव, जितेंद्र मेहता, मो. असलम, अखिलेश मेहता, मो. आबिद, सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांडू ।** थाना परिसर में होली एवम शब- ए बरात को लेकर शांति समिति की बैठक आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता स्पेक्टर अजय कुमार सिंह एवम संचालन जवाहर पासवान ने किया। इस बैठक में दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने कहा कि पांडू प्रखंड में आज सदियों से हमलोग सभी पर्व को आपसी भाई चारे के साथ मनाते है और आगे भी हम सभी शांति पूर्ण मनाने का काम करेंगे। मुख्य बात यह हैं कि आज सभी समुदाय में कुछ लोग है। जो नशा पान कर समाज मे गलत करने का काम करते हैं। वैसे लोगों पर ध्यान देने की जरूरत हैं। वही इस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने कहा कि आज समाज मे कुछ लोग हैं। जो अशांति फैलाने का काम करते हैं। अफवाह पर ध्यान ना दें।अगर ऐसा कही होता हैं। तो इसकी सूचना प्रशासन को दें, कानून को हाथ मे ना लें। पर्व को शांति पूर्ण मनायें। मौके पर पाप्पु कुमार, बालदेव सिंह, तीसीबार पंचायत मुखिया पूनम देवी, पूर्ब मुखिया राजेश बैठा ,गोविंद चौधरी, मुनि देवी, राधेश्याम यादव, नन्दू विष्वकर्मा, छोटन सिंह ,मनोज कुमार, अवधेश सिंह, अजय बैठा, उस्मान अंसारी ,नसरूदीन अंसारी, सहित अधिक संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सहार बिगहा में शिव मंदिर निर्माण का कार्य शुरू

**मोहम्मदगंज।** कोल्हुआ-सोनबरसा पंचायत अंतर्गत सहारबिहरा गांव में भगवान भोलेनाथ के मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। महावीर मंदिर के प्रांगण में मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष उमा शंकर भट्ट की अध्यक्षता में मंटू शर्मा, वेद प्रकाश पप्पू,प्रभु व बबलू सहित गांव के अन्य युवाओं के सहयोग से सेवानिवृत्त लोगों को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात मंदिर निर्माण समिति के समन्वयक मुरारी लाल शर्मा ने बच्चे ,वृद्ध तथा महिलाओं को प्रीतिभोज कराया। उसके तत्पश्चात ही रात्रि में होली मिलन समारोह का आयोजन भी किया गया। उन्होंने कहा कि हमारा गांव एकजुट होकर आदर्श ग्राम बनने की ओर अग्रसर है। शिव मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष उमाशंकर शर्मा भट्ट के मार्गदर्शन से मंटू शर्मा, अजीत कुमार भट्ट, चंचल शर्मा, विश्व विजय भट्ट, दीपक कुमार शर्मा, प्रभु , अभिमन्यु कुमार बमबम, अमित कुमार भट्ट, सुजीत भट्ट, प्रकाश कुमार साधु, जयराम शर्मा एवं गांव के सभी अभिभावकों तथा युवाओं के सहयोग से यह संभव हो पाया है। वही गांव के लोगों ने कहा कि मुरारी लाल शर्मा के द्वारा किया गया पुनीत कार्य बहुत की सराहनीय है। इसके लिए वे सभी वे सदा आभारी रहेंगे। इस सम्मान समारोह व भूमि पूजन के पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया।

## फाइनल मैच में तिसीबार की टीम विजयी



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांडू।** डाला कला खेल मैदान में आयोजित डाला कला प्रीमियर लीग का फाइनल मैच रविवार को खेला गया। फाइनल मैच पांडू तिसीबार व गढ़वा मेराल के बीच खेला गया। जिसमें तिसीबार की टीम विजयी हुई। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सह राजद प्रदेश महासचिव नरेश प्रसाद सिंह व विशिष्ठ अतिथि के रूप में भाजपा के वरीय नेता शम्भू शरण सिंह, शिक्षक नेता प्रदुम्न सिंह ,तिसीबार मुखिया पुनम देवी उपस्थित थे। मौके पर नरेश सिंह ने कहा कि खेल के प्रति युवाओं को जागरूक करने की जरूरत है । जिससे युवा खेल के क्षेत्र में भी अपना कैरियर बना सकें। वहीं उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक व मानसिक विकास दोनों होता है। उन्होंने खेल के लिए युवाओं को हर संभव मदद करने की बात कही। इस अवसर पर उपस्थित लोग एक - दूसरे को अबीर - गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। उद्घोषक के रूप में शैलेन्द्र सिंह उपस्थित थे। मौके पर उपमुखिया अरविंद सिंह, बबन बैठा, बैजनाथ सिंह, हरेराम सिंह, राधेश्याम यादव, अनुज सिंह, पंसस उदय कुमार, प्रेम कुमार, मुकेश सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## खेल

### क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में नावा की टीम विजयी

## थाना प्रभारी ने किया खिलाड़ियों को सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** नावाजयपुर थाना अंतर्गत नावा खास के घोरी घाट मैदान में पुलिस पब्लिक क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच नावा खास बनाम पूणार्डीह के बीच खेला गया। इस खेल का आयोजनकर्ता सह मुख्य अतिथि के रूप मे थाना प्रभारी संजय कुमार रजक,एसआई मुकेश कुमार, एसआई विजय कुमार उपस्थित हुए। इनके द्वारा सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर थाना प्रभारी ने बल्लेबाजी एवं नावा खास के मुखिया मनोज कुमार ने बॉलिंग कर इस खेल का शुभारम्भ किया। इस मैच का शुभारंभ 06 फरवरी को किया गया था। जिस का फाइनल मैच रविवार को खेला गया। जिसमें 12-12ओवर का खेल रखा गया। मैच में



पूणार्डीह की टीम ने 12ओवर खेल कर 09 विकेट के नुकसान पर 113 बनाया। वही नावा की टीम ने 12ओवर मे 05 विकेट के नुकसान पर 114 रन बना कर जीत हासिल की। मैच का ट्राफी नावा की टीम ने अपने नाम कर लिय। जिसमें प्रथम पुरुस्कार विजेता टीम को थाना प्रभारी संजय कुमार रजक के द्वारा 11000 देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी खिड़ालियों को भी मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पाटन पूर्वी से जिला परिषद प्रतिनिधि नन्द कुमार यादव,नावाखास के मुखिया मनोज कुमार, नावाखास के पूर्व मुखिया चन्द्रदेव सिंह, नावा खास के पंचायत समिति सदस्य अखिलेश यादव, पूर्व पंचायत समिति राम प्रवेश सिंह, ब्रजेश कुमार, रामदिश्वर बक्सराय, सुभाष कुमार, रवि कुमार, रोबिन अहमद, मोबिन खान, आलमगिर आलम, अरुण कुमार, जीतेन्द्र कुमार, नरेश, विशाल, सुबोध सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहें ।

## आम सूचना

**शपथ पत्र**

मैं घोषणा करता हूं कि
मैं मनोहर कुमार गुप्ता उर्फ आशीष कुमार पिता श्री सीताराम साव, निवासी ग्राम-सुदना अल्मुनियम फैक्ट्री के सामने, पोस्ट-सुदना, थाना-डालटनगंज, जिला-पलामू।
शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि-
1. यह कि मैं उक्त नाम व पत्ते का निवासी हूं।
2. यह कि मेरा आधार सं. 648071603091 है।
3. यह कि मेरा शपथ पत्र सं 88, 09/02/2023 है। कार्यपालक दण्डाधिकारी सदर मेदिनीनगर पलामू द्वारा निर्गत। ये दोनों एक ही आदमी का नाम है एवं मैं दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता हूं।
4. यह कि यह शपथ पत्र में अपना दोनों नाम होने के सत्यापन हेतु कर रहा हूं। जो सभी कार्यो हेतु मान्य है।

## NEWS इन ब्रीफ

### संदिग्ध अवस्था में युवक का शव बरामद

**मेदिनीनगर।** मनिका प्रखंड के दूंदू गांव निवासी अशोक राम 35 वर्ष का शव संदिग्ध अवस्था मे सतबरवा थाना क्षेत्र के भलवही मोड़ के पास मुख्य पथ के किनारे से पुलिस ने बरामद किया है। मृतक के पुत्र नवीन कुमार मेहरा ने बताया कि शनिवार की रात अशोक को किसी ने फोन करके बुलाया था। परंतु यहां कैसे आये कुछ पता नहीं है। इसके बाद सतबरवा थाना पुलिस ने शव को बरामद कर लिया है। मामले की तफ्तीश चल रही है। मृतक का बाइक सड़क के एक तरफ और उसका शव दूसरी तरफ पढ़ा हुआ था। वहीं इस घटना के बाद पुलिस शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। इस घटना के बाद से पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### चंद्रवंशी महासभा ने किया होली मिलन समारोह

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में पलामू शाखा के द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित की गई । जिसमें अथिति के तौर पर डाल्टनगंज विधानसभा प्रत्याशी सतीश कुमार चंद्रवंशी , वार्ड पार्षद दिलीप कुमार दिल्लु, समाज सेवी लालटू चंद्रवंशी , चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कोमल कुमार अंकू ,अभय चंद्रवंशी उपास्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन पलामू के जिला अध्यक्ष डॉ गणेश रवि एवं महासचिव भीम राम चंद्रवंशी ने किया । मौके पर प्रदेश कमिटी के बीरेंद्र राम चंद्रवंशी ,रामानुज चंद्रवंशी , सुधीर चंद्रवंशी, शिव कुमार चंद्रवंशी,प्रदेश मंत्री निलय चंद्रवंशी , आकाश चंद्रवंशी , कुणाल चंद्रवंशी , अश्विनी चंद्रवंशी एवम् चंद्रवंशी समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे ।

### होली एकता व भाईचारे का प्रतीक हैः शैलू

**मेदिनीनगर।** चैनपुर चट्टीपर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर कार्यक्रम का उद्घाटन शैलेन्द्र कुमार शैलू, प्रभु राम, नंद कुमार पासवान ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर शैलू ने कहा कि होली एकता और भाईचारा का प्रतीक है। होली भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। प्रभु ने कहा कि होली का इतिहास बहुत पुराना है। इस पर्व से वैमनस्य मिटता है। समाज में एकजुटता बढ़ती है। नंद कुमार पासवान ने कहा कि होलिका दहन में समाज में व्याप्त बुराई को जला देना चाहिए । होली मिलन में दुगोला का भी आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सोनू पासवान, रंजीत पासवान, मनोज पासवान, मनोज कुमार संटू पासवान, राम प्रसाद, संतोष गुप्ता, आवधेश पासवान, विनोद पासवान व्यास गुड्डू पासवान, जय प्रकाश, विकाश कुमार, छोटू सहित सैकड़ों अभिभावकगण उपस्थित थे।

### पुलिस ने फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार

**मेदिनीनगर।** मनातू थाना प्रभारी कमलेश कुमार के नेतृत्व में कांड संख्या 44/18 के फरार अभियुक्त पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम केकरगढ़ निवासी दिनेश यादव के घर इश्तेहार चिपकाया है। इश्तेहार चिपकाने के दौरान थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने परिजनों से कहा कि फरार अभियुक्त दिनेश यादव को जल्द से जल्द सरेंडर करने को कहें, अन्यथा घर की कुर्की जब्ती की जायेगी।

### आनंदमार्गियों ने मनाया दधीचि दिवस

**मेदिनीनगर।** नई मोहल्ला स्थित आनंद मार्ग जागृति केंद्र में रविवार को आनंदमार्गियों ने 6 घंटे का कीर्तन बाबा नाम केवलम भजन कर 12 घंटे का निर्जला उपवास तोड़ा। वरिष्ठ मार्गी बैजनाथ ने बताया कि 5 मार्च 1967 को कम्युनिस्टों ने आनन्दमार्ग प्रचारक संघ के केंद्रीय कार्यालय, आनंद नगर पर हमला किया था।

# पलामू की बेटियां मनचलों को देगीं मुंहतोड़ जवाब

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पांकी रोड स्थित द कराटे एकेडमी में रविवार को बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। पलामू जिला के विभिन्न विद्यालयों से 200 से अधिक बच्चों ने इस शिविर में भाग लिया । कार्यक्रम का शुभारंभ जेएमएम के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, सन्नू सिद्धकी , शाहबाज आलम , प्रदीप नारायण, सिहान सुमित कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया । मौके पर मुख्य अतिथि डीएसपी सुरजीत सिंह ने कहा कि बच्चियों के लिए कराटे की प्रशिक्षण बहुत आवश्यक है । कराटे सीखने से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। आत्मरक्षा के दृष्टिकोण से बच्चियों को कराटे सीखना बेहद आवश्यक है। वही जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि हमारे देश की बेटियां हर क्षेत्र में आगे हैं और अब वो मनचलों का मुंहतोड़ जवाब देगी। अब वक्त बदल रहा है। नारी सशक्त हो रही है ,नारी अब नजर झुका कर नहीं नजर उठा कर चलेगी । अभद्र टिप्पणी करने वाले लड़कों को वह खुद सबक सिखायेंगी । मौके पर द कराटे एकेडमी के निर्देशक सिहान सुमित कुमार ने कहा कि द कराटे एकेडमी ने कई सरकारी विद्यालयों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर लगाकर बालिकाओं को सशक्त बनाने का पूर्ण प्रयास किया है । द कराटे एकेडमी ने तकरीबन अभी तक 5 हजार से भी अधिक बच्चियों को सशक्त बनाया है । इन सभी के पीछे एक मात्र उद्देश्य है की पलामू की बच्चियां आत्मनिर्भर रहें और मनचलों को करारा जवाब दे सके । कार्यक्रम का संचालन अविनाश तिवारी ने किया। मौके पर छोटू सिंह, आलोक पाठक, प्रवेश दुबे, आकर्ष प्रताप, हरेंद्र नाथ, अनुराग पांडे, साक्षी वर्मा, काजल कुमारी, ओसी, अंशिका, रिद्धि रानी, विकाश कुमार , प्रवीण सिंह, मुकेश सिंह, इशू सिंह , सौभाग्य सिद्धार्थ , सम्यक , राम प्रताप , आशुतोष सिंह, उज्जवल कुमार, राहुल कुमार , शोएब अंसारी आदि मौजूद थे।

# महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बढ़ाएं कदम : लवली

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी महिला दिवस के उपलक्ष्य में करार पंचायत भवन में महिला शक्तिकरण को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा सह पूर्व जिला पार्षद लवली गुप्ता व साथ में मुखिया मीना देवी उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता ,पंचायत समिति सदस्य किरण देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व जिला पार्षद लवली गुप्ता ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को खुद जागृत होना पड़ेगा। तभी राष्ट्र का विकास संभव है । महिलाओं को सशक्त बनने के लिए सबसे पहले समाज में अपने अधिकारों और मूल्यों को मारने वाले उन सभी राक्षसी सोच को खत्म करना जरूरी है। जैसे दहेज प्रथा, अशिक्षा, यौन हिंसा, असमानता, भूण हत्या, महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा बलात्कार वेश्यावृत्ति, मानव तस्करी ऐसे तमाम विषय जब तक कि समाज से खत्म नहीं होंगे, तब तक महिलाएं कभी सशक्त नहीं हो सकती।

# पलामू में होली को लेकर बाजारों में रौनक

## रंग -पिचकारी से पटा बाजार, उल्लास का माहौल

**बाजार में तरह-तरह के रंग व मुखौटे का लगा ढेर**

**समाजसेवियों ने लोगों को प्राकृतिक पलाश के अबीर से होली खेलने की सलाह दी**

**कोरोना काल के बाद लोग हर्षोउल्लास के साथ खेलेंगे होली**





**अमर नाथ सोनी**

**मेदिनीनगर।** जैसे-जैसे होली का पर्व नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे बाजारों में चहल-पहल बढ़ने लगी है। बाजार में रंगों की दुकाने पूरी तरह से सज गई हैं और छोटे छोटे बच्चे पिचकारियां व रंग खरीदते हुए नजर आ रहे हैं। पलामू में होली पूरे उत्साह के साथ मनाई जाती है। इस पर्व पर रंगों की धूम रहती है, युवा वर्ग सुबह से ही रंगों में रंग जाते हैं। होली पर्व को लेकर रंगों से बाजार पूरी तरह सज गयी है। इस बार 7- 8 मार्च को होली को लेकर लोगों मे थोड़ा सशंय है। लेकिन होली को लेकर बाजार में लोगों की चहल पहल बढ़ गयी है। बाजार में रंग-अबीर व पिचकारी बेचनेवाले दुकानदार खुद ही नकली बिग पहनकर दुकान पर बैठ गए हैं। होली का माहौल धीरे धीरे अब लोगों पर छाने लगा है। बाजार में भी खरीदारों की भीड़ बढ़ने लगी है। बाजार में पिस्तौल वाली पिचकारी की ज्यादा ही डिमांड है। दस रुपये से लेकर 300 रुपये तक की पिचकारी बाजार में बिक रही है। मशीनगन के नकल की पिचकारी बच्चे पसंद कर रहे हैं। बैलून की भी बिक्री हो रही है। बाजार में चाइनीज पिचकारी की ही तरह दिल्ली व कोलकाता से पिचकारी मंगायी गयी है।

**चाइनीज पिचकारी पर देशी पिचकारी भारी :** गौरतलब है कि हर बार होली पर्व पर चाइनीज पिचकारी की बाजार में धूम रहती है। लेकिन इस बार बाजार में चाइनीज पिचकारी को मात देने के लिए मेड इन इंडिया पिचकारियां भी बाजार में उपलब्ध हैं। दुकानों पर सजाई गई रंग बिरंगी पिचकारियां राहगीरों को आकर्षित करती हुई नजर आती हैं। इस बार भारत में निर्मित पिचकारी किसी भी रूप से चाइनीज पिचकारी से कम नहीं हैं।

**बाजार में पांच सौ तक मौजूद है पिचकारी :** वर्मा गिफ्ट के मालिक मगन ने बताया कि बाजार में उनके पास 20 रुपये से लेकर 500 रुपये तक की कीमत की पिचकारियां हैं। इसके अतिरिक्त तरह-तरह के आकर्षित रंग बिरंगे गुब्बारों की भी खूब बिक्री हो रही है। सुबह से ही बच्चों की चहल-पहल रंग व पिचकारियां खरीदने के लिए लोगो को भीड़ लगी हुई है।

**बाजार में सजीं रंगों की दुकान :** वहीं दूसरी तरफ बाजार में तरह-तरह के रंग भी उपलब्ध हैं। जिसमें सूखे रंग व आम रंग भी शामिल हैं। लेकिन लोग हर्बल रंगों को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। दुकानदारों ने बताया कि उनके पास दस रुपये से लेकर बीस रुपये तक के रंगों के बढ़िया क्वालिटी के रंग उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त खुले रंग भी लोग खूब पसंद कर रहे हैं। रंगों के थोक विक्रेता रवि ने बताया कि इस बार स्टाक भी कम ही है। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष कम डिमांड है। वैसे भी कोरोना काल को लेकर बंद पड़ी फैक्ट्री में पिचकारी का निर्माण ही नहीं हो पाया है। डिमांड के अनुसार पिचकारी व रंगों की बिक्री हो रही है। रंग बिरंगी टोपी, मुखौटा, बिग की भी बिक्री खूब हो रही है। दस रुपये से लेकर पचास रुपये तक का अबीर लोगों को उपलब्ध हो रहा है।

**पलामू में पलाश के रंग से होली खेलने के लिए किया जा रहा है प्रेरित :** शहर के युवा और कुन्दरी बागान के कमलेश सिंह द्वारा लोगों को पलाश के रंग से होली खेलने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कई युवा सेवा संघ ने स्टाल लगाकर लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि रसायनिक रंगों से होली खेलने पर प्रति व्यक्ति 50 से 100 लीटर पानी खर्च होता है। प्राकृतिक रंगों से होली खेलने पर उसका दसवां हिस्सा भी खर्च नहीं होता। बाजार का रंग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

**रंगों से कैसे रखें सावधानी :** होली के उमंग में सावधानी भी बरतना चाहिए। जिसमें मार्किट में मिलने वाले घटिया क्वालिटी के रंगों का प्रयोग न करें। रंगों को सीधे रूप से आंखों में न डालें। रंगों को चमड़ी पर नहीं मसलना चाहिए। इसमें रंगों में युक्त लैड चमड़ी को खराब करता है। आंखों में रंग चला जाएं तो आंख को साफ पानी के छींटे मार कर धोना चाहिए। रंग जाने पर आंख को मसलना नहीं चाहिए। किसी प्रकार का नुकसान न हो इसके लिए डॉक्टर से सलाह लेना चाहिए। अधिक से अधिक हर्बल रंगों का ही प्रयोग करना चाहिए।

### रंगों को लेकर क्या कहते हैं डाक्टर

डॉक्टर आनंद कुमार का कहना है कि रंगों का इस्तेमाल खुशी मनाने के लिए हो तो ठीक है, लेकिन जब घटिया क्वालिटी के रंग आंखों में चले जाते हैं तो उससे कभी-कभी आंखों की रोशनी तक चले जाने का खतरा बन जाता है। लेड युक्त रंग आंखों व चमड़ी के लिए घातक हैं। छोटे बच्चों को हमेशा हर्बल रंग ही लाकर देना चाहिए। उन रंगों से आंख व चमड़ी के रोग नहीं होते हैं।

# महिला दिवस सह होली मिलन समारोह का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वरदान ट्रस्ट के द्वारा महिला दिवस और होली मिलन समारोह का संयुक्त आयोजन किया गया।संस्था से जुड़े लोग जो लगातार सालों भर अपनी टीम के साथ समाज में अपनी उपस्थिति दर्ज करता है। आज टीम के सदस्यों ने महिला दिवस और होली मिलन का संयुक्त रूप से आनंद उठाया। मौके पर सचिव शर्मिला वर्मा ने बताया कि आज सभी महिला वक्ताओं ने समाज में महिलाओं की स्थिति और बेहतर करने और हर तरह की प्रताड़ना से बचाने के लिए कमर कसने की बात कही और हर उस महिला का सहयोग करने का फैसला किया गया है,जो किसी भी प्रकार के तकलीफ में हो। साथ ही अंत में केक काटकर एक दूसरे को महिला दिवस की बधाइयां देते हुए अबीर गुलाल भी टीम के सदस्यों ने खेला और होली की भी बधाई दी। मौके पर संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा के अलावा फरहा नाज, मन्नत सिंह बग्गा, अंजू शर्मा, संध्या अग्रवाल, रिनू शर्मा, कंचन गुप्ता, विवेक वर्मा , बेबी विश्वकर्मा और रोहित गुप्ता शामिल हुए।

### बाबू किराना जनरल स्टोर से लाखों की चोरी

**मेदिनीनगर।** शहर के साहित्य समाज चौक स्थित बाबू किराना जनरल स्टोर में बीती रात लगभग लाखों का सामान चोर चोरी कर फरार हो गए। रविवार की सुबह दुकान के मालिक भुक्तभोगी के द्वारा इस घटना से संबंधित मामला शहर थाना में दर्ज कराया गया है। वही मामला दर्ज होने के बाद शहर थाना के एसआई लिली मिंज घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के लोगों से घटना के बारे में जानकारी ली। वहीं लिली मिंज के द्वारा दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई। लेकिन चोरी की घटना से संबंधित मामला सामने नहीं आया।

# लैंगिग हिंसा की रोकथाम जरूरी : डिप्टी चीफ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के छतरपुर में केंद्र सरकार के निर्देश पर लैंगिक हिंसा के खिलाफ महिलाओं व लड़कियों को जागरूक करने के लिए नई चेतना अभियान के तहत रविवार को छतरपुर नगर पंचायत के डाक बंगला में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन जयसवाल , भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी छतरपुर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विशुपते श्री कांत यशबंत, छतरपुर के कार्यपालक दंडाधिकारी कामेश्वर बेदिया, लिगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, महिला थाना प्रभारी सोनी कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर छतरपुर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विशुपते श्रीकांत यशबंत ने कहा कि इस अभियान की शुरूआत महिलाओं को हिंसा के खिलाफ उपलब्ध कानूनी और अन्य उपायों के लिए की गई है । मौके पर नगर पंचायत के अध्यक्ष मोहन जयसवाल ने कहा कि हिंसा रोकने में यह कार्यक्रम मिल का पत्थर साबित होगा। मौके पर एलएडीसी के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि लैंगिक हिंसा का मुख्य कारण आज तक पितृ सत्तात्मक मानसिकता का हावी होना है। जिसे रोका जाना अत्यंत आवश्यक है। मौके पर एलएडीसी के असिस्टेंट उत्तम कुमार ने भी सेक्सुअल हराष्मेन्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वही एनआरएलएम के प्रवीण कुमार ने कहा कि हिंसा मानसिकता से होती है। हिंसा के कई प्रकार है। उन्होंने कहा कि लिंग का भेदभाव पहले घर से होता हैं। कार्यक्रम का संचालन कार्यपालक दंडाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने की। मौके पर समेत सैकड़ो महिलाएं उपस्थित थी।




# 'शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होते'

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शिक्षक शब्द अपने आप में संसार को समाहित करने की क्षमता रखता है। ऐसा हमारे शास्त्रों में उल्लेख है कि अगर इस संसार में किसी की सबसे बड़ी अहमियत है तो वह शिक्षक की है । शिक्षक को भगवान से भी बड़ा माना जाता है। मां बाप तो हमें जन्म देते हैं । परंतु संसार में रहने का, जीवन जीने का ,एक बेहतर समाज निर्माण करने की कला हमें शिक्षकों द्वारा ही मिलती है । ऐसे ही महान प्रतिभा के शिक्षक जगदीश सिंह पूर्व सचिव, प्रभारी प्रधानाचार्य जो राजकीय उत्क्रमित हाई स्कूल चुरा दोहर में कार्यरत हैं। जिन्होंने अपना पूरा जीवन बच्चों को सिंचने में एवं एक बेहतर समाज का निर्माण करने में लगा दिया। उनके सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय के बच्चें, शिक्षक गण सहित ग्रामीणों ने नम आंखों से उन्हें विदाई दी। आज के दौर में जहां शिक्षा का व्यवसायीकरण हो रहा है। वही उन्होंने निःस्वार्थ भाव से बच्चों को सिखाने में अपना पूरा जीवन लगा दिया। वर्तमान शिक्षक दिनेश कुमार, शिल्पी कुमारी, नंद कुमार वर्मा, राजेंद्र नाथ तथा सीआरपी संजय कुमार ने कहा कि समय का पाबंद, अनुशासन एवं स्किल से परिपूर्ण उनका कार्यकाल रहा। मौके पर जगदीश सिंह ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते। वे हमेशा मार्गदर्शन करते रहते हैं। शिक्षक समाज का आईना होते हैं, जो बच्चों को सही दिशा में कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। वहीं विद्यार्थियों ने शिक्षक के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। मौके पर पूर्व सचिव अर्जुन राम, सेवानिवृत्त धीरेंद्र कुमार सिंह, वर्तमान में टंडवा मध्य विद्यालय के सचिव सहित शिक्षक,विद्यार्थी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# परशुराम सेना युवा वाहिनी का होली मिलन समारोह संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीरा, होली गीत पर झुमते नजर आए राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के सदस्य। मौका था होली मिलन समारोह का।शनिवार को रेड़मा स्थित राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह में होली गीत से माहौल होलीमय हो गया। पलामू प्रमंडल के सुप्रसिद्ध तबला वादक शिशिर शुक्ला और ब्यास शिव कुमार चौधरी की युगलबंदी में एक से एक होली गीत की प्रस्तुती की गई। होली मिलन समारोह में पारंपरिक होली गायन के दौरान युवा वाहिनी के सदस्य थिरकते नजर आए। होली मिलन समारोह में संतोष शुक्ला,विभाकर नारायण पांडेय, रमेश शुक्ला, अमिताभ मिश्रा, नवीन पांडेय, देवेंद्र तिवारी, रवि शर्मा, किशोर पांडेय, बिकेश शुक्ला, छोटन उपाध्याय, तुलसी शुक्ला, अखिलेश तिवारी, उदय शुक्ला, मनोज दूबे, गोल्डी शुक्ला, विवेकानंद त्रिपाठी, धीरेन्द्र व कई मिडियाकर्मी के साथ काफी संख्या में परशुराम वंशज मौजूद थे।

### अभाविप ने नूतन छात्र अभिनंदन का किया आयोजन

**मेदिनीनगर।** अभाविप के जिला अंतर्गत जनता शिवरात्रि महाविद्यालय इकाई के द्वारा नूतन छात्र अभिनंदन सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक अभय एवं इसका संचालन एसएसडी संयोजक सुमित पाठक ने किया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में एनपीयू के प्रति कुलपति दीप नारायण यादव,जनता शिवरात्रि महाविद्यालय के प्रधानाचार्य राणा प्रताप सिंह,पूर्व परीक्षा नियंत्रक सह कॉमर्स विभागाअध्यक्ष सुरेंद्र पांडे एवं युवा साहित्यकार ज्ञान सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। सर्वप्रथम इस कार्यक्रम का उद्घाटन सभी अतिथों के द्वारा सम्मिलित रूप से विद्या की देवी मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात सभी नूतन विद्यार्थियों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मौके पर उपस्थित प्रतिकुलपति ने कहा कि विद्यार्थी परिषद द्वारा सनातन संस्कृति को अपनाते हुए नए छात्रों का तिलक लगाकर अभिनंदन और रंगो की त्योहार होली के अवसर पर मिलन समारोह का आयोजन करना सराहनीय है । युवा साहित्यकार ज्ञान सिंह ने कहा कि जैसा कि हम सभी को कहा था कि अभाविप विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है और छात्र हित हेतु लगातार प्रयासरत रहते है।उन्होंने छात्रों को सभी क्षेत्रों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही एवं अपने जीवन में सपनों को साकार करने हेतू कई गुर भी सिखाए। इस अवसर पर परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गोविंद मेहता,नगर इकाई के नगर मंत्री रमाशंकर पासवान, सह मंत्री अभिषेक रवि, नीतीश दुबे, जिला कला मंच प्रमुख अंकित लाल, रोहित गुप्ता, करण कुमार, रोहन कुमार, सनी कुमार, रोशन कुमार, सोमू कुमार,राहुल कुमार चेरो,स्नेहा,आदिती सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थें।

### सहयोगी शिक्षक संघ की बैठक में कमिटी का गठन

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ की बैठक जिला अध्यक्ष अर्जुन मेहता की अध्यक्षता में की गई। जिसका संचालन अमलेश कुमार चौरसिया ने किया। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी उपस्थित हुए। विनोद तिवारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पलामू में हर महीने मानदेय एडवाइस राज्य को भेजने में विलंब किया जाता है ,जो असहनीय है । इसके लिए जिला परियोजना जिम्मेवार है। सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल पलामू उपायुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक से मिलेगा। प्रतिनिधि मंडल तीनों पदाधिकारियों से यह भी कहेगा कि सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन में विलंब किया जा रहा है । जबकि 3 या 4 महीना पहले सर्टिफिकेट जांच शुल्क के साथ जमा कर दिया गया है। इस संबंध में राज्य परियोजना निदेशक किरण पासी एवं शिक्षा सचिव से मिलेगा। जिला अध्यक्ष अर्जुन मेहता ने कहा कि जिला को अपने कार्यशैली में निश्चित रूप से सुधार करना होगा अन्यथा सहायक अध्यापक धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जायेंगे। जिला महासचिव राम रूप चौरसिया ने कहा कि सरकार अपने वादे पर खरा नहीं उतर रही है। उसने कहा था कि सरकार बनते ही पहले ही कैबिनेट में वेतनमान दूंगा ।

**परिचर्चा** — चतुर्थ संरक्षण साहित्य समागम का समापन

# पलामू के पांच साहित्यकारों ने भाग लिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** साहित्य अकादमी पुरस्कार से अलंकृत साहित्यकार व वन पदाधिकारी के संयोजन में दलमा जमशेदपुर के माकुलाकोचा परिसर में संरक्षण साहित्य समागम के दूसरे दिन परिचर्चा व गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता हिन्दी साहित्य भारती के अध्यक्ष डॉ अरूण सज्जन ने की। संचालन हिन्दी साहित्य भारती के महामंत्री कवि राकेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में पद्मश्री पत्रकार बलबीर दत्त एवं ख्यातिप्राप्त व्यंग्यकार डॉ अशोक प्रियदर्शी ने अपने अनुभव व उद्बोधन से समागम को खास बना दिया। उन दोनों की उपस्थिति व चुटीले अंदाज ने साहित्यकारों को बहुत प्रेरित व प्रभावित किया। राज्य स्तरीय समागम में पलामू के पांच साहित्यकारों ने भाग लिया। समागम में अंकुश्री, परशुराम तिवारी, राकेश रमण 'रार', मदन कुमार झा,मृगेंद्र कुमार मिश्र, सुजाता झा, निशा मिश्रा,केडी.शरद, रमेश सिंह, दिवाकर झा,अनुज कुमार पाठक, इंदु दत्त व किरण सज्जन ने परिचर्चा में भाग लिया तथा अपनी रचना की प्रस्तुति दी। संयोजक कुमार मनीष अरविंद ने समागम का सार प्रस्तुत करते हुए कहा कि साहित्य समाज के साथ प्रकृति का भी दर्पण है। प्रकृति के संरक्षण में समाज का संरक्षण व उसके विध्वंस में समाज का विध्वंस है। प्रकृति के प्रति हमारा सद्विचार हमारे व्यवहार में प्रतिबिंबित होना चाहिए। साथ ही इसे साहित्य में यथोचित स्थान मिले, ताकि लोग प्रकृति के प्रति संवेदनशील हों। सामूहिक वन भ्रमण एवं दलमा शिखर भ्रमण के साथ समागम का समापन किया गया। राज्य स्तरीय समागम में पलामू के पांच साहित्यकारों ने भाग लिया।

# चेकडैम निर्माण में धड़ल्ले से हो रहा है घटिया पत्थर का इस्तेमाल



नवीन मेल संवाददाता। डंडई प्रखंड क्षेत्र स्थित लामी गांव के सन बेतवा नदी में लघु सिंचाई विभाग से बनाए जा रहे चेक डैम में भारी अनियमितता बरतने का मामला प्रकाश में आया है । बताया जाता है कि कार्यान्वित उक्त योजना में मृत पत्थर के साथ साथ मृत चिप्स का भी धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है ।उन्ही पत्थरों से चेक डैम की ढलाई की जा रही है । इतना ही नहीं चेकडैम निर्माण कार्य योजना में काम कर रहे मजदूरों का भी व्यापक रूप से शोषण किया जा रहा है । मजदूर पान पति देवी, विद्यावती देवी, फुलवंती देवी, फुल कुमारी देवी,सलवंती देवी, हरेंद्र कोरवा इत्यादि लोगों ने बताया कि हम लोगों को ठेकेदार के द्वारा प्रत्येक दिन ढाई 250 रुपये की दर से मजदूरी दिया जाता है । उन्होंने बताया कि हम लोगों को यह पता नहीं है कि सरकार के द्वारा कितना मजदूरी मिलना है । वही ग्रामीण नवरंग कोरवा, शिवनाथ कोरबा, प्रेम सागर कोरबा,अक्षय लाल ठाकुर, शिवनाथ भुइयाँ इत्यादि ग्रामीणों ने बताया कि मेरे गांव में जो चेक डैम का निर्माण हो रहा है उसमें सिर्फ और सिर्फ घटिया किस्म का पत्थर और चिप्स का उपयोग हो रहा है । उन्होंने बताया कि बाहर से पत्थर और चिप्स लाने के बजाय गांव में ही पहाड़ के नीचे पड़े मृत पत्थर को तोड़वाकर चिप्स भी बनाया जा रहा है । और उसी का उपयोग कर चेक डैम का निर्माण किया जा रहा है । साथ ही कहा कि ठेकेदार के द्वारा बनाए जा रहे चेक डेम का कोई ठिकाना नहीं है कि वह कितना दिन तक चलेगा । ग्रामीणों ने बताया कि जिस उम्मीद के साथ सरकार के द्वारा चेक डैम की स्वीकृति दी गई है वह ठेकेदार के लापरवाही के कारण बिल्कुल रूप से फ्लॉप होता दिख रहा है । उन्होंने कहा कि चेक डैम से खासकर हम लोगों को सिंचाई कार्य के लिए काफी फायदा होता । लेकिन जिस तरह से ठेकेदार के द्वारा उसमें सिर्फ घठिया किस्म के मटेरियल का उपयोग हो रहा है उससे नहीं लगता है कि चेक डैम का जीवन ज्यादा दिन तक चल पाएगा । ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से अच्छी गुणवत्ता युक्त चेक डैम का निर्माण कराने की मांग किया । मामले में विभाग के सहायक अभियंता जितेंद्र कुमार ने बताया कि कार्यान्वित चेक डेम योजना का जांच कर उसे गुणवत्ता युक्त निर्माण कराया जाएगा ।उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा ।

# होली और शब-ए-बारात को लेकर वाहन चेकिंग अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर** होली व शब ए बारात पर्व को देखते हुए पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। शनिवार की देर शाम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी के नेतृत्व में भवनाथपुर मोड़ स्थित निकट दो पहिया, चार पहिया व ट्रक गाड़ियों का जांच किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने दोपहिया वाहनों के हेलमेट, ड्राइवरी लाइसेंस, चार पहिया वाहनों के डिक्की, सीट बेल्ट, व कागजात की जांच की गई। इस दौरान लगभग दर्जनों से अधिक वाहनों की जांच की गई। हालांकि वाहन चेकिंग अभियान चलता देख कुछ देर के लिए बिना कागज और बिना हेलमेट के बाइक चला रहे चालकों के बीच हड़कंप मच गया। ऐसे लोग पुलिस को देखते ही भागने शुरू कर दिए। वही जांच के दौरान पकड़े गए सभी वाहनों को पुलिस ने चेतावनी देकर छोड़ दिया। इस संबंध में पुलिस इंस्पेक्टर कृष्णा कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पर्व को देखते हुए वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

## खरौंधी थाना में शांति समिति की बैठक

# त्योहार शांतिपूर्ण मनाएं : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी** शनिवार को थाना परिसर में होली पर्व तथा शब-ए-बारात शांति पूर्ण मनाने को लेकर बीडीओ गणेश महतो की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। जिसमे प्रखंड प्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी के अलावे दोनो समुदाय के लोग बैठक में शामिल हुए। बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों तथा गणमान्य लोगो से सुझाव लिए गए। सभी लोगो ने सर्व सम्मति से प्रखंड में सौहार्द पूर्ण वातावरण में उक्त दोनों पर्व को मानने का निर्णय लिया। वही लोगो ने एक स्वर में कहा प्रखंड में आजतक सभी त्योहार को दोनो समुदाय के लोग मिलजुलकर मानते आए है। प्रखंड वासी किसी त्यौहार या पर्व में आपसी सौहार्द को बिगड़ने नहीं दिया है। 20 सूत्री



अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने कहा प्रखंड के हिंदू तथा मुस्लिम समाज के लोग सभी त्योहार को आपस में समन्वयक बनाकर मनाते आये है। प्रखंड में कभी किसी त्योहार में विवाद नही हुआ है। प्रखंड में दोनो समुदाय के लोग सभी त्योहार में एक दूसरे का सहयोग करते है। बीडीओ गणेश महतो ने कहा होली रंगो का त्योहार है। प्रखंडवासी मिलजुलकर इस त्योहार को मनाए। दोनो त्योहार पर थाना प्रभारी ग्रामीणों के साथ समन्वयक बनाकर कार्य करें। वहीं उपस्थित लोगो से इस त्योहार में प्रशासन की सहयोग करने की अपील किया। आपके सहयोग से ही दोनों त्यौहार पर प्रशासन शांति बहाल कर सकती है। वही थाना प्रभारी अभय कुमार ने कहा प्रशासन दोनो त्योहार पर अतिरिक्त गस्ती निकालकर शांति बहाल करने की काम करेगी। पर्व में किसी भी प्रकार का अप्रिय घटना घटित नही हो। उसके लिए क्षेत्र वासी भी सरारती तत्व के लोगो पर नजर बनाए रखेंगे। किसी अप्रिय घटना घटित होने की संभावना को देखकर आप तत्काल थाना को सूचित करे ताकि उसपर अंकुश लगाया जा सके। बैठक के अंत में प्रशासन, जनप्रतिनिधियों तथा समाजसेवी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की अग्रिम बधाई दिया। बैठक का संचालन सेवानिवृत शिक्षक राजकेश्वर प्रसाद यादव ने किया। शांति समिति में की बैठक में विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, खरौंधी मुखिया पति कृष्णा साह, चंदनी मुखिया रामगहन मेहता, मझिगावां मुखिया पति सतीश राम, विवेकानंद यादव, उपेंद्र कुमार भारती, कृष्णा राम, मानिक सिंह, सोवियत अंसारी सहित दोनो समुदाय के लोग उपस्थित थे।

# सांसद आपके द्वार कार्यक्रम में मुखिया ने सौपा मांग पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। रमना** शनिवार को ग्राम सिलिदाग पंचायत सचिवालय में महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण के उपलक्ष्य में सांसद आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माननीय सांसद महोदय विष्णुदयाल राम की गरिमामय उपस्थिति में संसद आपके द्वार कार्यक्रम को समय 4:00बजे से प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात राज्यकीय मध्य विद्यालय - 2 के छात्राओं और क्षेत्रीय लोक कलाकारों के स्वागत गान और सभा में उपस्थित माननीयों को पुष्प गुच्छा देकर किया गया। माननीय सांसद महोदय ने वर्तमान केंद्रीय सरकार के द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगो को जागरूक होकर उसका पूरा लाभ उठाने के लिए जनता को कहा और उन्होंने कहा की समस्या समाधान के लिए कोई शॉर्टकर्ट नहीं है,वर्तमान सरकार में झूठ का पुलिंदा नहीं चलता,



पिछली सरकार ने जनता को केवल छलने का काम किया आज 50करोड़ लोग आयुष्मान भारत से जुड़ कर स्वास्थ्य सम्बंधित समस्या में लाभ ले रहे है सरकार की तारीफ करते हुए उन्होने कहा की पीएम मोदी एक ऐसे भारत का निर्माण करना चाहते है जहां सभी लोग आत्म निर्भर हो। मुखिया पति दिलीप ठाकुर ने सांसद महोदय से आग्रह किया की रमना मुख्यालय से सिलिदाग पंचायत को चार सड़क जोड़ता लेकिन सभी की हालत बदतर है,जिससे आने वाले अतिथि भी मजाक उड़ाते है की जहां घर- घर नेता वहा सड़क की बदतर हालत है तो किस काम के नेता। इस सभा में मुख्य रूप से सम्मिलित बीजेपी जिलाध्यक्ष अलखनाथ पाण्डेय, अनुसूचित जाती अध्यक्ष लक्ष्मण राम सांसद प्रतिनिधि गढ़वा वीरेंद्र चौबे मुखिया दुलारी देवी, सोनी देवी मुखिया पति शैलेन्द्र कुमार सिंह, मुकेश कुमार वरिष्ठ बीजेपी कार्यकर्त्ता अजय कुमार सिंह शंकर चंद्रवंशी,केवल राम मुन्ना सिंह नकु पासवान, बालरूप गुरुजी बीडीसी सूर्यदेव राम, जमुना सिंह ओर काफी संख्या में ग्रामीण जनता मौजूद थे।

# महिलाओं की सशक्तिकरण जरूरी : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** विश्व महिला दिवस पर जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से साइकिल रैली का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से लोगों को फिट रहने के प्रति जागरूक किया गया कार्यक्रम की शुरूआत गढ़वा डीसी शेखर जमुआर ने सदर अस्पताल से हरी झंडी दिखाकर किया उसके बाद साइकिल रैली समाहरणालय होते हुए पुणे सदर अस्पताल पहुंचे जहां कार्यक्रम का समापन हुआ मौके पर डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि आज महिला सशक्तिकरण काफी आवश्यक है उन्होंने कहा कि कई महिलाओं ने आज सशक्तिकरण के माध्यम से कई ऊंचे मुकाम हासिल किए हैं देश के राष्ट्रपति भी एक महिला हैं इतने ऊंचे पद को सुशोभित कर रही हैं उन्होंने कहा कि महिलाओं को जागरूक होकर विभिन्न क्षेत्रों में आगे आने की जरूरत है उन्होंने कहा कि महिला दिवस पर लोगों को महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ स्वस्थ रहने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है उन्हें कहा कि नियमित रूप से साइकिल चलाने से शरीर के शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है आज धीरे-धीरे समाज से साइकिल चलाने की परिपाटी बंद होते जा रहा है लोक आधुनिक भारत में मोटर कार से चल रहे हैं जिसका परिणाम उनके साथ पर भी



दिख रहा है उन्होंने लोगों से साइकिल चलाने की भी अपील किया मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अवधेश सिंह, गोपनीय शाखा पदाधिकारी विकास कुमार सिंह, मलेरिया सलाहकार अरविंद द्विवेदी, बालिका उच्च विद्यालय के प्राचार्य रियाज अहमद सहित स्कूल की छात्राएं एवं विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रतियोगिता से खिलाड़ियों को मिलता है मंच : डीसी

**गढ़वा।** गढ़वा जिला वॉलीबॉल संघ की ओर से स्वर्गीय उदय शंकर दुबे के स्मृति पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन डीसी शेखर जमुआर, युवा समाजसेवी राकेश पाल, वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष आनंद प्रकाश दुबे ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया उस दौरान उन्हें दोनों खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का विधिवत शुरूआत किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मैं खिलाड़ी हूं कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता के आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों को प्रतिभा निखारने का एक मंच मिलता है उन्होंने कहा कि गढ़वा में खिलाड़ियों की प्रतिभा को देखते हुए एक से एक नए स्टेडियम का निर्माण चल रहा है और आगे भी कई स्टेडियम का निर्माण होगा उन्होंने कहा कि गढ़वा में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है सिर्फ उन्हें पहचानकर सही मंच देकर मंजिल तक पहुंचाने की जरूरत है युवा समाजसेवी राकेश पाल ने कहा कि गढ़वा में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है कई खिलाड़ी ऐसे हैं जो राज्य और नेशनल स्तर पर अपनी प्रतिभा को दिखा चुके हैं और काशी और स्वर्ण पदक हासिल किए हुए हैं उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को हमेशा सहयोग किया जाए तो एक से बढ़कर एक मेडल गढ़वा के लिए ला सकते हैं मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिता दत्त, जिला परिषद उपाध्यक्ष रेखा चौबे, भाजपा नेता अलखनाथ पांडे, भाजपा नेता सूरज गुप्ता, संगठन के सचिव ओमप्रकाश पांडे, श्याम नारायण पांडे, क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव गुड्डू सिंह, शैलेंद्र पाठक, ओमप्रकाश चौबे, कमलेश दुबे अरविंद धर दुबे रामाशंकर सिंह, धर्मराज पासवान, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## होली बाजार और सड़क जाम ने आम लोगो को किया परेशान

**बरही ।** होली के बाजार और सड़क जाम ने बरही वासियों को परेशान कर रखा । सुबह से ही धनबाद रोड व्यस्त नजर आए । सब्जी और झंगरी वालो के साथ बकरे वालो ने भी सड़को पर ही दुकान लगा रखा था । प्रशासन की ओर से इस कई बार प्रयास किया गया, परंतु कोई सार्थक सफलता नहीं मिली । वाहनों के लम्बी कतार ने ट्रैफिक व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त कर रखा था । जाम से लोग त्राहिमाम थे । दोपहिया वाहन भी मशक्कत के बाद निकल रहे थे । वही मंहगाई ने लोगो का कमर तोड़ रखा था । रिफाइन से लेकर मैदा, गुड़, तेल सहित हरे सब्जियों आदि के भाव आसमान छूं रहे थे ।

# मांगों को लेकर डॉक्टरों का कैंडल मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** झांसा और आईएमए की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर सदर अस्पताल से सिविल सर्जन कार्यालय तक कैंडल मार्च निकाला गया उस दौरान चिकित्सकों ने हाथ में कैंडल लेकर सरकार के विरोध अपना संकेतिक प्रदर्शन किया आईएमए के सचिव डॉक्टर कुमार निशांत सिंह ने कहा कि झारखंड के चिकित्सक अस्पताल में खुद को सुरक्षित महसूस करते हुए इलाज नहीं कर पा रहे हैं ऐसे में चिकित्सकों को बेहतर माहौल में इलाज करने के लिए मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू होना चाहिए उन्होंने कहा कि क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के प्रावधान के अनुसार चिकित्सकों को चलाने में



काफी परेशानी हो रही है ऐसे में सरकार को उक्त एक्ट में बदलाव करना चाहिए उन्होंने कहा कि विभिन्न अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिए ताकि चिकित्सक खुद को सुरक्षित महसूस करते हुए मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ देख सकें झाझा के सचिव डॉ कमलेश कुमार ने कहा कि आज झांसा की ओर से कैंडल मार्च निकाला गया है अगर सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं करता है तो 10 मार्च को झांसा एवं आईएमए की पूर्ण बैठक होगी उसके बाद आगे के निर्णय लिए जाएंगे मौके पर डॉक्टर जेपी सिंह, डॉ आलोक तिवारी डॉ अरशद अंसारी डॉक्टर राजेश कुमार डॉ अमित कुमार डॉ दिनेश कुमार सिंह डॉ वीरेंद्र कुमार डॉ अमित कुमार डॉक्टर माहेरू यामानी सहित अन्य चिकित्सक और मेडिकल कर्मी शामिल थे।

# वार्षिक आम सभा सह महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** प्रखंड के विजैया क्लस्टर में आजीविका महिला मंडल का वार्षिक आम सभा सह महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमे करीब पांच सौ से भी अधिक विभिन्न सखी मंडल की दीदी शामिल हुईं । कार्यक्रम जेएसएलपीएस के तहत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर आयोजित किया गया था । बीपीएम दीपक कुमार ने बताया कि लिंग आधारित घटनाओं के साथ सामाजिक कुरीतियों को को समाप्त करने ने महिलाओ की महत्वपूर्ण भूमिका हैं । कार्यक्रम में मुख्य रूप से इन्हीं मुद्दों पर चर्चा किया जाना है जो लगातार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मनाया जायेगा। उपस्थित अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया। जिसमे विभिन्न क्लस्टर के महिला मंडलों ने वार्षिक आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया । बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी मो कयूम अंसारी ने कहा कि झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोग्राम महिलाओ के लिए वरदान साबित हो रहा है। इसके माध्यम से महिलाए जुड़कर खुद को स्वरोजगार



से जोड़ रही है। सरकार के द्वारा विभिन्न कौशल प्रशिक्षण दिए जा रहे है । अधिकाधिक संख्या में महिलाओं को इससे जुड़ने की आवश्यकता है । कार्यक्रम में पूर्व मुखिया दशरथ यादव, उप मुखिया सुखदेव यादव, अनुज यादव, रोहित यादव सहित आजीविका महिला मंडल के समुदायिक संकुल समन्वयक चंदन कुमार आदि मौजूद थे ।

**आस्था-श्रद्धा**

## गायत्री शक्तिपीठ मंदिर में दीप यज्ञ का आयोजन

# यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव** मझिआंव नगर पंचायत के चन्द्री में स्थित गायत्री शक्तिपीठ में माता गायत्री, माता लक्ष्मी, माता सरस्वती एवं माता वैष्णो देवी की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही चौथे दिन मंदिर परिसर में हवन करने एवं परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान देर शाम विराट दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। दिप यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में नीरज कुमार कमलापुरी एवं उनकी पत्नी सोनम कमलापुरी,चंदन कमलापुरी व पत्नी आरती कमलापुरी, अनिल कमलापुरी व पत्नी प्रमिला कमलापुरी, बंशी प्रसाद व पत्नी संतोषी देवी, तथा सपत्निक बिरेन्द्र साव उर्फ मुसन साव द्वारा पूजा अर्चना किया गया. जबकि शान्तिकुंज हरिद्वार से आये आचार्य रमेश देहरिया एवं गोपाल मालवीय द्वारा कर्मकांड सम्पन्न कराया गया. इसके पूर्व रमेश देहरिया द्वारा प्रज्ञा पुराण की कथा श्रद्धालुओ के बीच कही गई। इस दौरान मुख्य व विशिष्ट अतिथि के रूप में आये स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, मंदिर के भूमि दान दाता मुखलाल विश्वकर्मा, पलामू के उंटारी रोड के जीप सदस्य अरबिंद सिंह, गायत्री परिवार के जिला संयोजक बिनोद कुमार पाठक, महिला मंडल के जिला संयोजक शोभा पाठक, जिला के मुख्य ट्रस्टी संजय सोनी,आलोक दुबे ,लक्ष्मी पाठक, लालसु राम, अनिता देवी, रामनरेश प्रसाद,अच्युतानंद तिवारी आदि ट्रस्टी ,युवा मंडल के जिला संयोजक बिरेन्द्र सोनी तथा निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी को महायज्ञ कमिटी के



अध्यक्ष शिक्षक शिवप्रसाद ,प्रखंड संयोजक नागेन्द्र सिंह,कोषाध्यक्ष अशोक चौरसिया, महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता चौरसिया एवं सचिव धर्मशीला देवी आदि पदाधिकारियों द्वारा मंच पर सम्मानित किया गया.इस अवसर पर मंच मंच पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गायत्री परिवार के जिला संयोजक बिनोद पाठक ने 108कुंडीय गायत्री महायज्ञ को सपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे मझिआंव, गढ़वा, बरडीहा, नगर उंटारी,बिसुनपुरा सहित अन्य प्रखंडों से मझिआंव में आये गायत्री परिजनों को बधाई का पात्र बताया. और अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार द्वारा लगभग(130देशों में) पूरे विश्व में युग परिवर्तन के लिए चलाये जा रहे अभियान की विस्तृत चर्चा की गई।

# कांडी में क्रिकेट टूर्नामेंट मैच आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। कांडी** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत चोका गांव स्थित खेल मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी विकास दुबे थे। आयोजन कमिटी के सदस्यों ने उन्हें माल्यार्पण कर गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। इसके बाद भावी विधायक प्रत्याशी विकास दुबे ने खेल मैदान में पहुंचकर दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर, फीता काट कर बैटिंग कर मैच का शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ साथ खेल भी अति आवश्यक है। युवाओं को बढ़ चढ़ कर खेल कार्यक्रम में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांडी प्रखण्ड खेल क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ है। खेल खेलने से शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक विकास भी होता है। साथ ही युवा खेल क्षेत्र में भी अपना कैरियर बना सकते हैं। दुबे ने कहा



कि युवाओं को जब भी कोई जरूरत महसूस हो निःसंदेह मुझसे संपर्क करें, अवश्य ही मदद करूँगा। उन्होंने कहा कि जहां भी कोई खेल कार्यक्रम का आयोजन हो, अवश्य बुलाएं, सेवा में मैं सदैव ततपरता के साथ खड़ा रहूंगा। आज का उद्घाटन सुंडीपुर बनाम अटौला के बीच उदघाटन मैच खेला गया। सुंडिपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमें 12 ओवर में 7 विकेट खो कर 83 रन बनाया। जबकि अटौला की टीम ने 12 ओवर में 6 विकेट खो कर कुल 79 रन बनाया। इस प्रकार सुंडिपुर की टीम ने 4 रन से अटौला की टीम को पराजित किया। अंपायर छोटू दुबे व अमित पांडेय थे। जबकि कमिटी के अध्यक्ष पिंटू दुबे स्कोरर के रूप में थे। मौके पर चुनु दुबे, शम्भू पांडेय, विजय दुबे, लाल बिहारी दुबे, जयप्रकाश सोनी, राजेश दुबे, टिंकू दुबे, शशांक शेखर, विनीत कुमार, गुड्डू मेहता, अनूप कुमार, आदि उपस्थित थे।

# जलापूर्ति योजना पूर्ण होने के बाद हर घर को मिलेगा पानी : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** मनिका विधानसभा के स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह रविवार को प्रखंड के मंगरा ग्राम के कोयल नदी किनारे मंगरा पार्ट में बहु प्रतीक्षित बृहद ग्रामीण जलापूर्ति योजना का पंडित की वैदिक मंत्रोचरण की बीच भूमि पूजन व नारियल फोड़ कर निर्माण कार्य विधिवत शुरूआत किया। कार्यक्रम में करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली बृहद ग्रामीण जलापूर्ति योजना के संवेदक शशि सिंह समेत अन्य अतिथियों ने भी भूमि पूजन के अवसर पर नारियल फोड़ा। अपने संबोधन में विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि प्रखंड की सभी विकास योजनाएं प्राथमिकता के आधार पर कराई जा रही है। जिसमे लोगो के घरों में जल पहुंचाना प्रथम प्राथमिकता में शामिल था। प्रखंड में जलापूर्ति योजना की निर्माण कार्य की शुरूआत होने से प्रखंड के लोगों को बहुप्रतीक्षित मांगे पूरी होगी। वही जलापूर्ति योजना पूर्ण होने के बाद प्रखंड के सभी घरों में निर्बाध रूप से जलापूर्ति किया जाएगा। इस योजना के पूर्ण होने के बाद प्रखंड में पेयजल की समस्या दूर किया जा सकेगा। इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा विधायक रामचंद्र सिंह का भव्य स्वागत किया गया। वही कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया बिपिन बिहारी सिंह, पूर्व मुखिया हुलास सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य रविंद्र राम, शिवानंद तिवारी, समसुल अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, आमोद श्रीवास्तव, प्रेम कुमार अधूरा, कुलेश्वर सिंह, लक्ष्मण सिंह, विजय बहादुर



सिंह, मो सईद, अंसारी,मनोज मांझी,मनोज गुप्ता,अजीत कुमार, अवधेश मेहरा,असलम खान,कमलेश प्रजापति समेत काफी संख्या में विधायक समर्थक व ग्रामीण शामिल थे।

## बरवाडीह थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

# सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में मनाएं होली : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर बरवाडीह थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में हुई. बैठक में होली और शब-ए-बरात मनाने को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है जिसमें हम सभी आपसी सद्भाव और भाईचारे बनाए रखते हुई आपसी सौहार्द पूर्ण वातावरण में पर्व मनाएं। उन्होंने कहा कि पर्व मनाने के दौरान किसी भी तरीके से एक दूसरे के धर्म को नुकसान नहीं पहुंचाने का प्रयास करे.वही थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह ने कहा कि होली पर्व आपसी भाई चारगी का पर्व है सभी समुदाय के लोगों को मिलकर मनाना है ,ताकि प्रखंड में आपसी भाई चारगी का संदेश दुसरे जगह पर लोगो को मिले। थाना प्रभारी नेलोगो को सख्त निर्देश दिया है कि होली पर्व में शराब की सेवन ना करें, उन्होंने कहा की किसी भी तरह का गलत वीडियो व्हाट्सएप के माध्यम से न डाले, जिससे कि सामाजिक माहौल बिगड सकें। उन्होंने कहा किसी भी क्षेत्र में ऐसे लोगों की पहचान होने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें। जिससे समय रहते ऐसे लोगो पर कारवाई किया जा सके। शांति समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों नेभी क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने में भरपूर सहयोग देने की बात कही. बैठक के बाद सभी शांति समिति के सदस्योंने बीडीओ, पुलिस अधिकारी समेत सभी लोगों को अबीर गुलाल लगाकर होली त्यौहार की अग्रिम बधाई दी। शांति समिति की बैठक मेंजिप सदस्य संतोषी शेखर,बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, मुखिया कालो देवी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद,अब्दुल मनान, अंसारी, प्रेमकुमार अधुरा, इश्वरी सिंह, इकबाल सिंह, मंसूर आलम, असलम खान, करतार सिंह, सुबोध कुमार,ननदेव सिंह, राकेश अग्रवाल, पारस जायसवाल, जोखन प्रसाद समेत शांति समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

## आज होली मिलन कार्यक्रम में भोजपुरी कलाकार होंगे शामिल

**बरवाडीह।** होली के शुभ अवसर पर प्रखंड के गढ़वाटॉड खेल मैदान सोमवार शाम एक बार फिर से भोजपुरी स्टार कलाकारों होली गायन नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है.नवयुवक क्लब दुर्गा पूजा समिति गढ़वाटॉड के द्वारा विशाल होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन आज सोमवार शाम 7:00 बजे से किया जाएगा। वह इस होली मिलन समारोह के अवसर पर स्टार नाइट कार्यक्रम में भोजपुरी के सुपरस्टार गायक और अभिनेता प्रमोद प्रेमी यादव मुख्य रूप से शिरकत करने पहुंच रहे हैं वही इसके साथ भोजपुरी की मशहूर गायिका काव्या कृष्णमूर्ति, पवन बाबू , नीतू- रूबी समेत आधा दर्जन से अधिक स्टार कलाकार भोजपुरी स्टार नाइट को यादगार बनाने के लिए पहुंच रहे हैं. जिसकी तैयारी नवजीवन क्लब दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक आयोजनकर्ता सह संचालक राजदीप रिककी के के नेतृत्व में जोर शोर से किया जा रहा है।

## त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक



**लातेहार।** होली और शबे बरात को लेकर बारेसॉड थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी श्री रंजीत कुमार यादव की अध्यक्षता में हुई जिसमें शांति वातावरण में होली और सब ए बरात मनाने की बात कही गई युवाओं से शराब न पीने और किसी को जबरदस्ती रंग ना लगाने की अपील की गई है किसी प्रकार के अफवाह से बचने की अपील थाना प्रभारी श्री रंजीत कुमार यादव ने किया अंत में सदर मुजाहिरअंसारी व शंभू प्रसाद ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी शान्ति समिति मे उप प्रमुख रामदास यादव विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव मायापुर मुखिया सुभाष कुमार सिंह पूर्व मुखिया भुनेश्वर सिंह वन कर्मी चंदन जी वीरेंद्र सिंह विक्टोरिया एका अनोरा मिनज सचिन कुमार आशिक अंसारी इस्लाम अंसारी सुरेश यादव और सभी मीडिया कर्मी उपस्थित थे।

## कांग्रेस के होली मिलन में रंगारंग कार्यक्रम की धूम



**बरवाडीह।** प्रखंड के रेन बसेरा परिसर में रविवार को कांग्रेस कमेटी द्वारा होली मिलन समारोह सह होली सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह द्वारा फीता काट कर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मनिका विधानसभा के सभी प्रखंडों से काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह समेत अन्य अतिथियों का माला पहना कर स्वागत कर किया गया। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने पूरे मनिका विधानसभा के लोगों को होली की बधाई व शुभकामनाएं दी। कहां की रंगों का त्योहार होली पर्व आपसी भाईचारा एवं सौहार्द का पर्व है इसे आपसी सद्भाव एवं सौहार्द पूर्वक ही मनाएं। इस अवसर विधायक व उपस्थित अन्य लोगो ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए होली की शुभकामना दी। कार्यक्रम में बाहर से आए हुए भोजपुरी कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक होली गीत गाकर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। वही इसके उपरांत सामूहिक भोज कार्यक्रम कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजन किया गया था। जिसका लोगों ने भरपूर आनंद उठाया. कार्यक्रम का संचालन 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने की वही मौके पर निजाम अंसारी, प्रिंस राज गुप्ता, अजय कुमार सिंह बिद्धू,मनोज जायसवाल, अजय चंद्रवंशी, शिवानंद तिवारी, रविंद्र राम, ज्वाला प्रसाद, उमेश प्रसाद , अजीत कुमार , राजदीप रिकी, मनान अंसारी, रणविजय सिंह, विजय बहादुर सिंह, प्रेम कुमार सिंह पिंटू, सुरेश मिश्रा, मोहम्मद सईद अंसारी, हिमांशु गुप्ता, राहुल गुप्ता समेत दूसरे प्रखंडों से कांग्रेसी कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

# महिलाएं कानून के प्रति जागरूक हो

**नवीन मेल संवाददाता। हंटरगंज** रविवार को नारी सशक्तिकरण को लेकर नालसा एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के तत्वाधान में हंटरगंज प्रखंड कार्यालय सभागार में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्राधिकार की सचिव प्रज्ञा बाजपेई ने की। वहीं बतौर मुख्य अतिथि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृत्य राकेश चंद्रा, बीडीओ अभिषेक पांडेय और विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षक रविन्द्र कुमार रवि, महिला समाजसेवी बसंती पन्ना, सविता पांडेय शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडीजे तृतीय श्री चंद्रा ने महिलाओं पर होने वाले अपराध के विरुद्ध खुलकर सामने आने और अधिकार लड़कर लेने के लिए महिलाओं को उत्प्रेरित किया। उन्होंने आगे कहा कि महिलाएं किसी भी दबाव में ना आएं। अत्याचार का खुलकर विरोध करें, न्याय व्यवस्था उनके साथ है। प्राधिकार की सचिव ने इस अवसर पर कहा की महिला और बच्चियों के लिए विशेष कानूनी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। निर्भीक होकर अपराध की शिकार महिलाएं व बच्चियां कानून के शरण में आएं और न्याय ले। आगे उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से निवारण के लिए भारत की संसद में पारीत महिला लैंगिक उत्पीड़न निवारण प्रतिषेध एवं प्रतितोष अधिनियम 2013 के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया।

## दुकान से नकदी सहित मोबाइल की चोरी

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्रह्मपुर मोड़ स्थित दशरथ कुमार के मोबाइल दुकान से अज्ञात चोरों ने शनिवार देर रात एक दर्जन कीपैड मोबाइल की चोरी कर लिया। साथ ही 10,000 रुपया नकदी की भी चोरी कर ली। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल रविवार सुबह पहुंचकर घटना की विस्तृत जानकारी लिया। वहीं चोरों के धरपकड़ को लेकर क्षेत्र में छापेमारी की जा रही है। दुकान संचालक ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज करने को ले आवेदन दिया है।

# मांगों को लेकर डाक्टरों ने निकाला कैंडल मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** रविवार देर शाम पांच सूत्री मांगों के समर्थन में चतरा सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने कैंडल मार्च निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। कैंडल मार्च सिविल सर्जन कार्यालय से निकाली, जो सदर अस्पताल पहुंचकर समाप्त हुई। कैंडल मार्च का नेतृत्व सिविल सर्जन डॉ. एसएन सिंह कर रहे थे। मार्च के दौरान चिकित्सकों ने सर्विस विदाउत सिक्योरिटी, प्रशासन क्यों अंजान है डॉक्टर भी इंसान हैं, वादा किया भरोसा दिया हमको हमेशा धोखा दिया, शौक नहीं मजबूरी है कार्य बहिष्कार जरूरी है जैसे नारे लगाये। वहीं झासा के सचिव डॉक्टर पंकज कुमार ने कहा कि अगर सरकार 12 मार्च तक मांगें नहीं मानी, तो 13 मार्च से जिले के चिकित्सक अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जायेंगें। कैंडल मार्च में सीएस व डॉ. पंकज के साथ डॉ. कुंदन कुमार, डॉ. अजहर, डॉ. अरविंद केशरी, डॉ. आदित्य शेखर आदि मौजूद थे।

## अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर जब्त, एक को जेल

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के टोटी बेसरा मार्ग पर अवैध कोयला लेकर जा रही ट्रेक्टर को पुलिस ने जब्त कर टोटी निवासी उगदेव उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. जानकारी देते हुए पुअनि दीपक नारायण सिंह ने बताया की पुलिस अधीक्षक को गुप्त सुचना प्राप्त हुई थी. सुचना के आधार पर बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी द्वारा टीम गठन किया गया. जहाँ पुअनि दीपक नारायण सिंह पुअनि रवि कुमार अनि मिथलेश कुमार सिंह आई आर बी 4 के पुलिस बल के तत्परता से टोटी हेसला से बेसरा पक्की सड़क मे जेएच 07 एल 2507 पर तीन टन कोयला ले जा रहे ट्रेक्टर को जब्त कर लिया वहीं उक्त कोयला से सम्बंधित चोरी करने के खिलाफ ग्राम टोटी हेसला निवासी उगदेव उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## विक्षिप्त के हमले से एक घायल

**चंदवा।** शहर में इन दिनों विक्षिप्तों की संख्या बढ़ गई है।अर्धविक्षिप्त सड़को पर अजीबोगरीब हरकत करते हुए दिखते हैं।स्थानीय प्रशासन को भी इनकी सुध लेने के लिए फुर्सत नहीं है। इन्हीं में से एक महिला विक्षिप्त के क्रियाकलाप काफी डराने वाली है। रविवार को महिला के हमले से मोटरसाइकिल सवार करण गंझू पिता अर्जुन गंझू परसाही निवासी को सुभाष चौक के समीप वजनदार वस्तु फेक कर मारी जिससे युवक के चेहरे पर गहरी चोट लगी और वह अपना संतुलन खोते हुए सड़क पर गिर पड़ा जिससे वह कुछ समय के लिए बेसुध हो गया।स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर और अस्पताल कर्मियों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। युवक के कान व चेहरे पर गहरी चोट लगी है।

## तैलिक साहू समाज का होली मिलन समारोह



**बालूमाथ।** तैलिक साहू समाज ने रविवार को मुरपा ग्राम स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन कर आपसी भाईचारा का संदेश दिया। समारोह के अध्यक्षता रामदेव साहू के द्वारा किया गया।जबकि मंच संचालन रामकुमार साहू ने किए।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे हिंदी सलाहकार समिति भारत सरकार के रिपुसूदन साहू ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से आपसी भाईचारा को बढ़ावा मिलता है। होली का त्यौहार आपसी भाईचारा का संदेश देता है। लोगों के द्वारा एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर फगुआ गीत गाकर एक दूसरे को मुबारकबाद दिए। कार्यक्रम के पूर्व मंचासीन अतिथियों को कार्यक्रम समिति के द्वारा पगड़ी व फुल माला पहना कर भव्य सवागत किया गया।इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू,प्रियंका देवी,अनीता देवी,सुप्रिया देवी,गोविंद प्रसाद, रंजीत साहू,मुंशी साव,युवा समाजसेवी दिनेश कुमार साहू, देवनंदन साहू, बिंदेश्वर साहू,सहित बारियातू हेरहंज बालूमाथ कई लोग मौजूद थे।

## बारियातू में खरवार भोगता समाज विकास संघ ने मनाया होली मिलन समारोह का आयोजन



**बारियातू।** प्रखंड के गोनिया मे खरवार भोगता समाज विकास संघ के तत्वाधान मे होली मिलन समारोह मनाया गया। जहाँ खरवार भोगता के लोगो ने एक दूसरे को अबीर लगाकर होली मिलन समारोह मनाया। वहीं पाहन विरोधी गंझु ने कहा की सभी गाँव मे पाहन द्वारा समत कटाई के बाद धुरहड़ के दिन हंसी खुशी से होली त्यौहार मनाया जाता है। वहीं आयोजक कर्ता युवा प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर गंझु, प्रखंड उपाध्यक्ष रवि गंझु, समाज सेवी सुकर गंझु, युवा प्रखंड सचिव विनोद पाहन,आमंत्रित सदस्य बिनोद गंझु, चिंतामनी गंझु, तुला गंझु, प्रसाद गंझु सहित दर्जनों महिला पुरुषों ने सर्व प्रथम तमिलनाडु मे हिंदी भाषी को हत्या एंव अत्याचार पर दो मिनट का मौन रखा। साथ ही भाईचरगी सद्भावना के साथ होली पर्व मनाने की अपील की गई ।

## हेरहंज में शांति समिति की बैठक



**हेरहंज।** थाना परिसर में पुलिस अवर निरीक्षक शशि रंजन की अध्यक्षता में होली एवं शबे बरात को लेकर शांति समिति की बैठक की गई । बैठक में पुलिस अवर निरीक्षक ने कहा होली एंव शब-ए- बरात मिलजुलकर मनाये। लड़ाई झगड़ों से दूर रहिए किसी तरह का अफवाह पर ध्यान न दे बल्कि पुलिस को सूचना दे पुलिस आपके साथ है जहा भी जरूरत होगी पुलिस वहा तुरंत पहुंचेगी। बैठक में पुलिस निरीक्षक कैलाश मंडल, विश्वजीत तिवारी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम प्रसाद ,पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र यादव कलीम मियां राजेश साव सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे ।

**पैनी नजर**

## एसडीओ ने किया त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक

# पुलिस आपकी सहायता के लिए सदैव तत्पर

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** बालूमाथ थाना परिसर में एसडीओ शेखर कुमार के अध्यक्षता में होली और शबे बरात को लेकर शांति समिति की बैठक हुई ।बैठक में मुख्य रूप से बालूमाथ के जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध सामाजिक कार्यकर्ता ,सद्भावना कमेटी के अलावे राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे । बैठक में एसडीओ शेखर कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन हर एक विकट से विकट परिस्थिति से निपटने के लिए सदा तत्पर रही है ।अगर क्षेत्र में शांति भंग करने के लिए कोई भी असामाजिक तत्व कोशिश करते हैं तो इसका त्वरित सूचना पुलिस प्रशासन को दें। मौके पर एसडीपीओ अजीत कुमार ने होली और शबे बरात का अग्रिम बधाई देते हुए कार्यक्रम का संबोधन कर बताया कि पुलिस प्रशासन सोशल मीडिया ,डीजे के गानों आदि पर अपने पैनी नजर है। अगर कोई भी भ्रमित खबर सोशल मीडिया पर वायरल करे तो इसकी जानकारी अविलंब पुलिस प्रशासन को दें। मौके पर सद्भावना समिति के अध्यक्ष राजेंद्र साहू ने बैठक को संबोधित कर कहा कि सद्भावना समिति क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए बनाई गई है वहीं बैठक में गांव-गांव तक शांति व्यवस्था कायम रहे इसके लिए कई प्रस्ताव रखे ।वहीं थाना प्रभारी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम के आश्वासन के साथ-साथ लोगों से शांति सौहार्दपूर्ण त्यौहार मनाने की आग्रह की ।इस दौरान



शैलेश सिंह ,संजीव सिन्हा ,हाजी मोतिउर रहमान ,लक्ष्मण कुशवाहा, ऐश्वर्य उरांव, मो.इमरान आदि कई गणमान्य लोगों ने बैठक को संबोधित कर अपने मंतव्यों को रखा। बैठक का संचालन बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम ने की वही समापन वरिष्ठ संवाददाता जावेद अख्तर ने की। मौके पर बैठक में बैठे सभी लोगों ने पुलिस- प्रशासन एवं एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दे गले लगाया। इस दौरान उपरोक्त लोगों के अलावे श्याम सुंदर यादव ,अमित कुमार,मो. जुबेर, प्रदीप यादव, नरेश लोहरा, डॉक्टर रोहन ,लक्ष्मण कुशवाहा ,मनोहर साव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आयुष चिकित्सालय स्थापित करने को लेकर अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत आयुष निदेशालय के अधिकारियों के द्वारा एक टीम गठित कर नेतरहाट का दौरा किया गया नेतरहाट में पर्यटकों को आकर्षित करने और उन्हें हेल्थ एंड वैलनेस का लाभ पहुंचाने के नियत से सरकार ने नेतरहाट में एक पंचकर्म प्रशिक्षण केंद्र एवं 10 संय्यायुक्त एक आयुष चिकित्सालय स्थापित करने के लिए कृत संकल्प है। अधिकारियों की टीम ने बताया कि सरकार माननीय मुख्यमंत्री का यह ड्रीम प्रोजेक्ट है नेतरहाट में प्रयटको को अधिक से अधिक आकर्षित करने के लिए या प्रोजेक्ट के लिए भूमि एवं सरकारी भवन की तलाश की जा रही है इस योजना को शीघ्र चालू किए जाने हेतु भवन की



तलाश की गई। टीम के सदस्यों के द्वारा नेतरहाट स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व नेतरहाट के नए एवं पुराने भवनों का निरीक्षण किया साथ ही शैले हाउस, निर्माण निमार्णाधीन यात्री सूचना केंद्र सहित अन्य स्थलों का निरीक्षण किया टीम के सदस्यों के द्वारा अपना प्रतिवेदन अपर मुख्य सचिव को सौंपेंगे। तत्पश्चात स्थल एवं भवन के चयन पर निर्णय लिया जाएगा। माननीय मुख्यमंत्री एवं पंचकर्म प्रशिक्षण केंद्र को अत्याधुनिक सुविधा युक्त बनाने हेतु कृत संकल्प है। इस केंद्र में पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों को स्नेहन संवेदन, वमन, विरेचन, वस्ती, शिरोधारा, एक्यूप्रेशर, नस्य ओजोन थेरेपी, स्टीम,मड थेरेपी आदि अन्य प्राकृतिक चिकित्सा से संबंधित उपचार भी मिलेंगे साथ ही आवश्यकता अनुसार रोगियों को अंतरावास की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# NEWS इन ब्रीफ

## हाथियों के उत्पात से लोगों में दहशत

**भंडरा।** प्रखंड क्षेत्र में पुनः हाथियों के आहट से लोगों में दहशत व्याप्त है। जानकारी के अनुसार डुमरी गांव में दो जंगली हाथियों ने सुबह तीन बजे सुकरा उरांव के घर को तोड़ अनाज चट कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार डुमरी में फसलों को रौंदते हुए हाथी पझरी, हाटी, कसपुर लड़ाईटंगरा होते हुए कुम्हरिया बगुला पतरा में डेरा जमा लिया। रविवार को दिनभर दोनों हाथियों के पतरा में होने की सूचना है। सूचना मिलने पर वन विभाग के लोग भी बगुला पतरा पहुंच गये हैं। बताया जा रहा है कि पतरा घना होने के कारण हाथी नजर नहीं आ रहा है। कुछ लोगों द्वारा हाथियों को देखे जाने की बात की जा रही है। फिलहाल भयभीत ग्रामीण पतरा के समीप जाने का हिम्मत भी नहीं उठा पा रहे हैं।

## घर के आंगन से बाइक की चोरी, मामला दर्ज

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के तोड़ार पाखन टोली निवासी स्वर्गीय मोहन भगत के पुत्र आनंद भगत ने बाइक चोरी की घटना को लेकर सेन्हा थाना में आवेदन देते हुए अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है। वही आवेदन के माध्यम से जानकारी देते हुए थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान से कहा कि शनिवार देर रात अज्ञात चोरो ने मेरे घर के आंगन में खड़ी बाइक डीएल 3 एसडीएल 7142 को चुरा ले गया। साथ ही बताया कि घटना की जानकारी रविवार सुबह जगने के बाद हुआ जब सुबह उठ कर देखे तोआंगन में खड़ी बाइक नही दिखा तो आसपास में छानबीन कर पूछ ताछ करने के बाद भी बाइक का पता नही चला तब अज्ञात चोरों द्वारा बाइक को चोरी कर लेने की जानकारी हुई।

## शंख नदी के पास सड़क हादसे में दंपति घायल

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत शंख नदी पुलिया के समीप रविवार की दोपहर सड़क हादसे में दंपति घायल हो गए घायल की पहचान टैसेरा निवासी झुना उराव एवं 29 वर्षीय लक्ष्मनिया खेस के रूप में हुई। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा लाया गया जहां पर उसकी इलाज चल रही है।

## अज्ञात चोरों ने सिंचाई मशीन की चोरी

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा जागीर बगीचा के समीप बारी से देर रात दो एच पी का सिचाई मशीन चोरी होने की सूचना सेन्हा थाना को देते हुए किसान संदीप महतो ने बताया कि देर शाम तक सिचाई मशीन बारी स्थित कुंआ में लगा हुआ था। वहीं रविवार को खेत सिचाई के लिए पहुंचा तो सेक्सन पाइप एवं बिजली तार कटा हुआ था। तभी कुआं में झांक कर देखा तो मशीन गायब था। संदीप महतो ने बताया कि सेन्हा थाना में रविवार को आवेदन देते हुए चोरी घटना से अवगत कराते अज्ञात चोर के विरुद्ध कारवाई करने का मांग किया गया है। वहीं चोरी घटना को लेकर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

# शहर में होली व शब-ए-बारात को लेकर पुलिस जवानों ने किया फ्लैग मार्च




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
होली एवं शब ए बारात पर्व 2023 को जिला अन्तर्गत शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के मद्देनजर थाना की पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। एसडीपीओ डेविड ए ढोढराय के नेतृत्व में पुलिस ने शहर में पैदल मार्च निकालकर लोगों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील की। इसके अलावा अफवाहों पर ध्यान नहीं देने एवं सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट नहीं डालने की भी अपील की गई। मौके पर थाना प्रभारी रवि प्रकाश, नियंत्रण कक्ष प्रभारी मनीष राय आदि उपस्थित थे।इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने लोगों से अपील की कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की शांति व्यवस्था भंग नहीं हो इस बात का खास ख्याल रखा जाए। शांति भंग करने की कोशिश की जाएगी तो वैसे तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी। वहीं, दूसरी ओर जिले में होली व शब-ए-बरात को लेकर रविवार को सभी थाना क्षेत्रों के विभिन्न गांव में प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों ने फ्लैग मार्च निकाला।

### बोलबा पुलिस द्वारा किया गया फ्लैग मार्च

वहीं प्रखंड मुख्यालय में होली एवं सब ए बरात त्यौहार को लेकर बोलबा पुलिस द्वारा पैदल फ्लैग मार्च किया गया।इस मौके पर एसआई सुमन कुमार ने बताया कि होली एवं सब ए बरात त्यौहार को लेकर बोलबा प्रखंड मुख्यालय में पुलिस प्रशासन द्वारा पैदल फ्लैग मार्च किया गया। साथ ही लोगों को होली का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए कहा गया। इस मौके पर यह भी बताया गया कि होली के त्यौहार के मौके पर किसी तरह की कोई अनहोनी घटना की संभावना पर तत्काल ही पुलिस को सूचित करें। होली के मौके पर किसी को जबरदस्ती रंग नहीं लगाने की कही गई। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज, एएसआई सुनील टोपनो, एएसआई जितेंद्र सिंह एवं पुलिस बल मौजूद थे।

## फ्लैग मार्च निकाल पुलिस ने शांति बनाए रखने की अपील की



**सिमडेगा।** होली पर्व को मद्दे रखते हुए मुफस्सिल पुलिस के द्वारा रविवार की सुबह तामड़ा गांव में फ्लैग मार्च किया। मौके पर थाना प्रभारी देव कुमार दास के नेतृत्व में पुलिस जवान तामड़ा दुर्गा मंदिर से होते हुए पूरे बस्ती एवं मस्जिद क्षेत्र का पैदल गस्त करते हुए मेन रोड पहुंचे जिसके बाद समाप्त किया गया। इस मौके पर लोगों से थाना प्रभारी ने अपील करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से होली एवं शब ए बरात मनाएं त्यौहार के दौरान किसी प्रकार की कोई भी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले गीत, किसी प्रकार के सोशल मीडिया में पोस्ट या फिर शराब का कारोबार ना करें जिससे कि समाज में त्यौहार के दौरान माहौल खराब हो। उन्होंने कहा त्यौहार के दौरान माहौल खराब करने वाले लोगों को सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब हो तामड़ा को सिमडेगा पुलिस द्वारा संवेदनशील स्थान मानते हुए वहां के सभी छोटी-बड़ी गतिविधियों पर बारीकी से नजर रख रही है ताकि किसी प्रकार से माहौल खराब ना हो। इस मौके पर पंचायत के उप मुखिया पंचायत के मुखिया एवं अन्य शामिल रहे।

## कुरडेग पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**कुरडेग।** होली एवं शब-ए-बरात त्योहार को देखते हुए पुलिस अधिक्षक सिमडेगा ने जिले के समस्त थाना अध्यक्षों को अपने अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतू निर्देशित करते हुए आवश्यक कार्रवाइ करने हेतू दिशा निर्देश दिए हैं। इसी के तहत कुरडेग पुलिस ने थाना प्रभारी मुन्ना रमानी के नेतृत्व में एसआइ रमेश कुमार पुलिस टीम के साथ कुरडेग थाना क्षेत्र के प्रकाला, झिरकामुण्डा, कदमटोली, कुरडेग बस स्टैण्ड एवं गली मुहल्लों में फ्लैग मार्च करते हुए लोगों से शांति भाइचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की। इस दौरान थाना प्रभारी मुन्ना रमानी ने कहा कि लोग त्योहार शांति एवं सौहार्द से मनाएं। इसके साथ ही बताया कि त्योहार में किसी भी दशा में सौहार्द में खलल नहीं आने दिया जाएगा। साथ ही अराजक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि पुलिस उन पर कड़ी नजर रख रही है। त्योहार के दौरान जो भी खलल डालने की कोशिश करेगा उसे बिल्कुल भी बख्शा नही जाएगा। उसके विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी इसके अलावे लोगों से अपील की गई कि लोग अफवाहों से दूर रहे और यदि कोई समाज विरोधी कार्य करते दिखे तो पुलिस को सुचित करें। फ्लैग मार्च में मुख्य रूप से थाना प्रभारी मुन्ना रमानी, एसआइ रमेश कुमार, एएसआइ शंकर सिंह, एएसआई राजदेव प्रसाद एवं थाना के पुलिस बल मौजूद रहे।

### डटमा में वन अग्नि सुरक्षा व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# वन हमारे जीवन के लिए प्रकृति का अनमोल उपहार : डीएफओ

### वनों की कटाई न कर इसे संरक्षित करने में लोग आगे आएंः डीएफओ



**नवीन मेल संवाददाता। किस्को**
वन प्रमंडल एवं जलवायु परिवर्तन विभाग झारखंड सरकार के आदेशानुसार लोहरदगा जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी के डटमा में वन विभाग की ओर से वन अग्नि सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम के तहत वन रक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, रेंजर अरूण कुमार, वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष प्रकाश नायक के द्वारा सखुआ के पेड़ पर रक्षा सूत्र बांधकर किया गया। इससे पूर्व डटमा ग्राम के पाहन जितबाहन भगत एवं पुजार विश्राम उरांव के द्वारा सतघंडी पतरा में विधिवत रूप से पुजा अर्चना कर रक्षा सूत्र बांधने का कार्यक्रम को शुरूआत कराया गया। कार्यक्रम के उपरांत डीएफओ अरविंद कुमार एवं रेंजर अरूण कुमार व अन्य अतिथियों का स्वागत झारखंडी रीति रिवाज के साथ किया गया। गीत संगीत और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर वनों की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।डीएफओ अरविंद कुमार ने कहा कि वन हमारे जीवन का सबसे बड़ा जीवनदाता है। इसे बचाने में सभी को एकजुटता दिखाते हुए वनों की कटाई की रोकथाम हेतु प्रतिज्ञा लेकर संरक्षित करने की आवश्यकता है ताकि वनों की कटाई पर रोक लगाया जा सके एवं जनता व पशु पक्षियों के लिए लाभदायक साबित हो सके। लोग महुआ के फल को चुनने के लिए जंगल में बेवजह आग लगा देते हैं जिससे वनप्राणियों के अलावा मनुष्यों को एवं पर्यावरण को काफी हानि पहुंचाता है। उन्होंने वनों की कटाई नहीं करने और इसकी रोकथाम हेतु प्रतिज्ञा दिलाते हुए कहा कि लोग वन को संरक्षित करें ताकि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सके। वन अग्नि से जंगल में लगने वाले आग से छोटे पौधे पूर्णतः मर जाते हैं जिससे जंगल के विकास को काफी नुकसान होता है। साथ ही छोटे वनप्राणी एवं सूक्ष्मजीव आग से जलकर मर जाते हैं। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि पेड़ों से गिरे पत्ते सूखे घास सभी मर जाते हैं जिससे प्राकृतिक खाद्य नहीं बन पाता है। वहीं बार-बार आग लगने से जंगल की मिट्टी पक जाती है और उसमें नये पौधे के उगने में दिक्कत होती है।

डीएफओ ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जंगल में अनावश्यक आग न लगायें बल्कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौधे लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित करें ताकि आपके और आने वाले वंशजों का भविष्य सुखद हो सके। मौके पर फोरेस्टर जया उरांव, वनरक्षी महाबीर उरांव, रमेश भगत, संदीप राम, प्रकाश नायक, नरेंद्र नायक, कुलदीप नायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## संकुल संगठन में मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा संकुल संगठन में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जिसमे सभी एसएचजी की दीदी उपस्थित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद रोस प्रतिमा सोरेंग, कोलेबिरा रैसिया मुखिया मैम, जेएसएलपीएस, डीएम एचआर शिल्पी, बीपीएम प्रेरणा, जोश सांगा, कोलेबिरा थाना प्रभारी प्रभात कुमार बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच मैनेजर, पंचायत समिति सदस्य, सबके द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीएलएफ सचिव रेशमा केरकेट्टा द्वारा किया गया। सर्वप्रथम सीएलएफ सचिव द्वारा महिला दिवस पर सबको शुभकामना संदेश दिया गया। जिला परिषद रोस प्रतिमा सोरेंग द्वारा महिला दिवस मनाएं जाने कि सार्थकता, शराबबंदी विषय पर दीदियों को जागरूक किया गया। कोलेबिरा मुखिया द्वारा सखी मंडल की महत्ता और महिला दिवस मनाएं जाने के बारे में बताया गया। कोलेबिरा थाना प्रभारी द्वारा महिला दिवस, मानव तस्करी, घरेलू हिंसा, गाड़ी चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाना चाहिए। इस बारे में जानकारी दिया गया। इसके अलावा आवश्यक हेल्पलाइन नम्बर संभधित जानकारी दिया गया।

## जमकर उड़े अबीर गुलाल

### मिठाईयां बांट कर लोगों ने दी एक दूसरे को होली की बधाइयां



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
सेन्हा प्रखंड स्थित सती मंदिर प्रांगण में जय श्रीराम समित की हुई बैठक। बैठक में संगठन विस्तार एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला संरक्षक अजय सोनी, अनूप गुप्ता जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो महामंत्री अजय साहू जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव सह-कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से प्रखंड कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का विस्तार किया गया। संरक्षक-पाहन चमरू उरांव, किनेश महतो, अध्यक्ष आनंद कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज कुमार महतो, महामंत्री सचिन कुमार, उपाध्यक्ष लछु उरांव, शुभम साहू, पिंटू महतो, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, संगठन मंत्री अभिषेक प्रसाद, बल्कू उरांव, धनंजय राम, चंद्रदीपक महतो, मनीष कुमार, कृष्णा पाठक, मीडिया प्रभारी विकास पाठक को बनाया गया। कमेटी विस्तार के पश्चात होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन जिसमें जमकर उड़े अबीर गुलाल सभी लोग एक दूसरे को अबीर लगाकर होली की दी बधाइयां इस दौरान मिठाई बाट कर मनाई खुशियां। जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो ने कहा होली का पर्व एक दूसरे को मिलाने का काम करती है जिससे दूरियां मिटती है आगे कहा होली का पर्व धूमधाम से मनाएं परंतु नशा से दूर रहें। जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने नई प्रखंड कमेटी के साथ-साथ होली पर्व की ढेर सारी बधाई दी। मौके पर रवि कुमार महतो, सत्यम कुमार, पंकज कुमार महतो, अकाश कुमार, निलेश कुमार, दिवाकर कुमार, संदीप महतो, राहुल कुमार, हर्ष राज पाठक, प्रिंस कुमार, गौतम महतो, श्रवण साहू, मुकेश कुमार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## विधायक ने सुनी लोगों की समस्या



**नवीन मेल संवाददाता। बांसजोर**
कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाडी अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बांसजोर के सुदूर बराईबेडा एवं खास बांसजोर लोगों के साथ बैठक किया। ग्रामीणों ने विधायक नमन बिक्सल कोंगाडी को कोलकाता कैश काण्ड के किये एफआईआर को झारखंड उच्च न्यायालय ने अवैध घोषित करते हुए खारिज कर दिया। इस जजमेंट के लिए ग्रामीणों ने झारखंड उच्च न्यायालय को धन्यवाद दिया और विधायक को भी धन्यवाद और शुभकामनाएं दिये। ग्रामीणों मे काफी खुशी देखने को मिला। ग्रामीणों ने कहा सच्चाई की जीत हुई षडयंत्रकारी का गंदा सोच सामने आया है। विधायक ने ग्रामीणों से उस क्षेत्र के समस्याओं को भी सुना और जल्द समस्याओं को समाधान करने की बातें कही। वही विधायक के साथ जिला परिषद सामरोम पौल तोपनो, विधायक प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक मोर्चा कांग्रेस पार्टी रावेल लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष बर्थलोमी तिर्की विजय तिर्की के अलावे प्रखंड कांग्रेस कमिटी के कइ सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## मामा-भांजा के हत्या मामले में आरोपी धराया



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**
चैनपुर थाना क्षेत्र के लंगड़ा मोड़ में घर में घुसकर मामा भीगना को गोली मार कर हत्या के प्रयास मामले में एक अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल यह घटना शुक्रवार की देर रात लगभग 9 बजे अंजाम दी गई थी। अपराधी मौके से फरार हो गए थे। चैनपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गोली मारने वाले एक अपराधी बरवेनगर निवासी अजबुल मियां उर्फ आजो पिता सुल्तान मियां को गिरफ्तार करते हुए मामले का खुलासा कर दिया है। चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी है कि जख्मी इबरार खान का आरोपी अजमल मियां के साथ पहले से ईटा बनाने एवं दोनों का खस्सी बकरी खरीद बिक्री के लेनदेन को लेकर अंदरूनी विवाद था। पूर्व में अजबुल मियां के पिता को मवेशी काटने के आरोप में चैनपुर थाना में कांड दर्ज किया गया था।

जिस संबंध में अभियुक्त अजबुल मियां को संदेह था कि इसके पिता को इमरान खान के द्वारा ही पुलिस को सूचना देकर पकड़वाया गया था। इन्हीं सब कारणों को लेकर दोनों के बीच मनमुटाव चल रहा था।

इबरार के द्वारा भी लोगों के पास यदा-कदा कहा जाता था कि अजबुल को हम को मारना है जिसकी सूचना अजबुल को किसी माध्यम से लग गई जिस कारण अजबुल भी आक्रोश में था। जिसके बाद शुक्रवार को अजबुल मियां के द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया। गोली चलाने वाले आरोपी की पहचान जख्मी इबरार खान के द्वारा कर लिया गया। अपने व्यान में भी अजबुल मियां उर्फ आजो के द्वारा गोली मारकर जख्मी करने की बात स्वीकार की है। छापेमारी दल में सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह एएसआई राजेश कुमार एवं सैट 12 एवं रिजर्व गार्ड मौजूद थे।

**मुकाबला** प्रेस व पुलिस प्रशासन के बीच हुआ रोमांचक क्रिकेट मुकाबला

# पुलिस इलेवन 6 विकेट से जीता




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिले में शांति, सौहार्द एवं सद्भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को समाहरणालय मैदान में पत्रकार और पुलिस के बीच क्रिकेट का रोमांचक मुकाबला सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मुकाबले से पुलिस कप्तान आर रामकुमार, सीआरपीएफ के कमांडेंट राहुल कुमार, एएसपी अभियान दीपक पांडेय, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद पहुंचकर दोनों पक्षों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रशासन इलेवन बनाम प्रेस इलेवन के बीच खेले गए सद्भावना क्रिकेट मैच 15-15 ओवरों के खेले गये। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला प्रेस इलेवन की टीम ने किया। निर्धारित 15 ओवरों में 5 विकेट खोकर 100 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से सबसे ज्यादा रोहित ने 47 जयजीत ने 22 तथा आकाश ने नाबाद 15 रन बनाए। जबकि प्रशासन इलेवन की टीम के तरफ से गेंदबाजी करते हुए एसपी सह कप्तान आर रामकुमार ने 1 विकेट, रघुवंश ने 1 विकेट तथा आईलेक्स ने एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी प्रशासन इलेवन की टीम ने 12 ओवर 4 बॉल में 4 विकेट के नुकसान पर 101 रन बना लिए। टीम की तरफ से सबसे ज्यादा संतोष ने 34, सनी, नितीश नाबाद रहे। एसडीओ अरविंद कुमार लाल 3 रन बनाए। जबकि कमेंटरी बॉक्स में पत्रकार सतीश शाहदेव और पत्रकार प्रीतम कुमार ने जिम्मेवारी निभाई। प्रेस इलेवन की टीम के तरफ से बॉलिंग में जयजीत ने 1 तथा रोहित ने 1 विकेट लिए। प्रशासन इलेवन की टीम ने बड़ी आसानी से 6 विकेट से मैच जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच प्रेस टीम के रोहित को दिया गया। विजेता उपविजेता टीम को पुलिस कप्तान आर रामकुमार, सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार, एसडीओ अरविंद कुमार लाल व वरिष्ठ पत्रकार कयूम खान ने मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सत्यकाम, राकेश सिन्हा, विक्रम चौहान, अमित कुमार, किशोर कुमार वर्मा, सुमित घोष, राहुल कौशल, नूतन कच्छप, बबलू उराव, दानिश रजा समेत बड़ी संख्या में पत्रकार और पुलिस प्रशासन तथा दर्शक मौजूद रहे। मौके पर दोनों टीमों के कप्तानों ने सभी को होली की हार्दिक बधाई दी और जिले में शांति, सौहार्द एवं सद्भाव को इसी तरह बढ़ावा देते रहने का संकल्प लिया।

### कैरो थाना में होली को लेकर शांति समिति की बैठक

# शांतिपूर्ण-सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं त्योहार : थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**
आगामी त्यौहार सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए कैरो थाना पुलिस द्वारा पंचायत स्तर पर ग्रामीणों के साथ बैठक कर लोगों को आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने का अपील की जा रही है। इस दौरान बैठक कर पर्व त्यौहार को आपसी प्रेम सौहार्दपूर्ण वातावरण में एक दूसरे के साथ मिलजुल कर मनाने आपसी गिले-शिकवे को भुलाकर एक दूसरे की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मिलजुल कर पर्व त्यौहार मनाने की अपील किया जा रहा है। इसी क्रम मे रविवार को थाना क्षेत्र के हनहट गांव में थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव, सब इंस्पेक्टर हरिऔध करमाली, ऋषिकांत कुमार शर्मा ने ग्रामीनो के साथ बैठक कर पर्व त्यौहार को आपसी प्रेम सौहार्दपूर्ण वातावरण में एक दूसरे के साथ मिलजुल कर मनाने पर विचार विमर्श कर होलिका दहन स्थल का सत्यपन करते हुए सुरक्षित तरीके से होलिका दहन करने की बात कही गई। होलिका दहन पर आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय करने का निर्देश दिया है। मौके पर थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव ने कहा की शांति व्यवस्था बनी रहे इसको लेकर पुलिस प्रशासन सदैव ही तत्पर है खासकर पर्व त्योहार के मौके पर सोशल मीडिया के द्वारा जो अफवाहें फैलाई जाती हैं उन अफवाहों से हमें बचने की जरूरत है अफवाह फैलाने वालों पर निश्चिंत कार्यवाई किया जायेगा। त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं तथा त्यौहारों की गरिमा बनाए रखें जिससे त्यौहारों के दौरान कोई दिक्कत न आए। इससे पूर्व शनिवार को भी थाना के एएसआई धर्मेन्द्र कुमार सिंह व उपेंद्र कुमार सिंह के द्वारा अलग अलग जगहों पर बैठक किया गया था।

# यूपी में इलेक्ट्रिक व्हीकल खरीद पर टैक्स-रजिस्ट्रेशन फीस माफ

**एजेंसी। लखनऊ**
प्रदेश सरकार ने प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खरीद को प्रोत्साहन देने के इरादे से ईवी की खरीद पर तीन साल तक टैक्स और रजिस्ट्रेशन शुल्क को माफ करने का फैसला किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की खरीद पर कोई टैक्स नही लगेगा और न ही कोई रजिस्ट्रेशन फीस देनी होगी। सरकार ने पूर्व में जारी अधिसूचना को संशोधित करते हुए यह निर्णय किया है। इसके अंतर्गत तीन साल तक का टैक्स और रजिस्ट्रेशन फीस नहीं देनी होगी। वहीं प्रदेश में ही निर्मित इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की खरीद पर यह छूट पांच साल तक मान्य होगी। सरकार की ओर से सभी जिलों के आरटीओ को भी तत्काल प्रभाव से निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। प्रमुख सचिव एल वेंकटेश्वर लू द्वारा जारी संशोधित अधिसूचना के अनुसार उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति 2022 के अनुसार 14 अक्टूबर 2022 से 13 अक्टूबर 2025 तक उत्तर प्रदेश में बिक्री एवं रजिस्ट्रीयुक्त इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) पर कर से शत प्रतिशत छूट दी जाएगी। वहीं 14 अक्टूबर 2022 को अधिसूचित इलेक्ट्रिक व्हीकल नीति की प्रभावी अवधि के चौथे एवं पांचवें वर्ष यानी 14 अक्टूबर 2025 से 13 अक्टूबर 2027 तक प्रदेश में विनिर्मित बिक्रीकृत तथा रजिस्ट्रीकृत ईवी पर भी शत प्रतिशत छूट मिलेगी। इलेक्ट्रिक व्हीकल से आशय के संबंध में स्पष्टीकरण भी दिया गया है। इसके अनुसार वो ईवी का तात्पर्य इलेक्ट्रिक मोटर का उपयोग करने वाले समस्त ऑटोमोबाइल से है जो बैट्री, अल्ट्रा कैपेसिटर अथवा ईंधन सेल द्वारा चालित होते हैं। इनमें समस्त 2 व्हीलर, 3 व्हीलर एवं 4 व्हीलर स्ट्रांग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक यान (एचईवी), प्लग इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक यान (पीएचईवी), बैटरी इलेक्ट्रिक यान (बीईवी) तथा फ्यूल सेल इलेक्ट्रिक यान (एफसीईवी) सम्मिलित हैं। सूत्रों ने बताया कि 14 अक्टूबर 2022 से तीन साल तक ईवी खरीद पर शत प्रतिशत टैक्स व रजिस्ट्रेशन पर छूट मिलेगी। इससे प्रदेश में मौजूदा लाखों इलेक्ट्रिक व्हीकल ओनर्स के साथ-साथ ईवी खरीदने की



प्लानिंग कर रहे उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। जिन लोगों ने 14 अक्टूबर 2022 से अब तक इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की खरीद की है और टैक्स व रजिस्ट्रेशन फीस भर दी है, उनका पैसा स्वतः ही उनके अकाउंट में वापस आ जाएगा।

### रुपये में विदेशी लेनदेन की नीति ने पकड़ी रफ्तार

# 49 वोस्ट्रो खाते खुले

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय मुद्रा रुपये में विदेश व्यापार को बढ़ावा देने की नीति जोर पकड़ती दिख रही है क्योंकि महज छह महीने में ही 49 विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते खोले जा चुके हैं। सूत्रों ने बताया कि अब तक खोले गए 49 विशेष वोस्ट्रो खातों के अलावा कई खातों के लिए नियामक मंजूरी का इंतजार किया जा रहा है। इन खातों के जरिए आठ देशों के साथ रुपये में व्यापार हो सकेगा। ये देश रूस, मॉरीशस, श्रीलंका, मलेशिया, म्यामां, सिंगापुर, इजराइल और जर्मनी हैं। रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध छिड़ने के बाद पश्चिमी देशों द्वारा पाबंदियां लगाने की पृष्ठभूमि में भारत रुपये में विदेशी लेनदेन को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में भारतीय रिजर्व बैंक (फ्छक) ने जुलाई 2022 में घरेलू मुद्रा में सीमा-पार व्यापारिक लेनदेन पर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए थे। फ्छकके दिशा-निर्देश जारी करने के बाद रूस के सबसे बड़े बैंक स्बेरबैंक और दूसरे सबसे बड़े बैंक वीटीबी बैंक पिछले वर्ष जुलाई में रुपये में व्यापार की मंजूरी पाने वाले पहले विदेशी बैंक बने थे। रूस के एक अन्य बैंक गैजप्रोमबैंक ने भी



कोलकाता स्थित यूको बैंक के साथ यह खाता खोला है। हालांकि इस रूसी बैंक की भारत में कोई शाखा नहीं है। स्इक मॉरीशस लिमिटेड और पीपल्स बैंक ऑफ श्रीलंका ने भारतीय स्टेट बैंक के साथ रफ्श्अ खोला है। बैंक ऑफ सीलोन ने चेन्नई में अपनी भारतीय अनुषंगी के साथ वोस्ट्रो खाता खोला है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने आरओएस बैंक रशिया के साथ जबकि चेन्नई के इंडियन बैंक ने एनडीबी बैंक और सीलोन बैंक समेत श्रीलंका के तीन बैंकों के साथ विशेष रुपया खाता खोला है। भारतीय रुपये में आर्थिक लेनदेन करने और व्यापार तथा निवेश के रास्ते रिश्ते मजबूत करने के बारे में भारत और श्रीलंका के बीच बातचीत चल रही है। इसी कड़ी में कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने दोनों देशों के बीच लेनदेन के लिए भारतीय रुपये के उपयोग को लेकर एक चर्चा का आयोजन किया। उच्चायोग से जारी एक बयान में कहा गया, ह्यबैंक ऑफ सीलोन, भारतीय स्टेट बैंक और इंडियन बैंक के प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि अपने वोस्ट्रो खातों के जरिए वे भारतीय रुपये में लेनदेन शुरू कर चुके हैं। प्रतिभागी बैंकों ने लेनदेन में लगने वाले कम समय, विनियम दरों में कमी और व्यापार कर्ज की सुगम उपलब्धता जैसे लाभ भी बताए।

### भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बना रूस

**नई दिल्ली।** भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात फरवरी में बढ़कर रिकॉर्ड 16 लाख बैरल प्रतिदिन हो गया है जो उसके परंपरागत आपूर्तिकताओं इराक एवं सऊदी अरब के संयुक्त तेल आयात से भी अधिक है। तेल के आयात-निर्यात पर नजर रखने वाली संस्था वर्टेक्सा ने बताया कि भारत जितनी मात्रा में तेल आयात करता है उसकी एक तिहाई से अधिक आपूर्ति अकेले रूस ने की है और वह लगातार पांचवे महीने भारत को कच्चे तेल का इकलौता सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। रूस और यूक्रेन के बीच फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने से पहले तक भारत के तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी एक फीसदी से भी कम होती थी। लेकिन पिछले महीने फरवरी में यह 35 फीसदी बढ़कर 16.20 लाख बैरल प्रतिदिन हो गई। रूस से भारत का आयात बढ़ने का असर सऊदी अरब और अमेरिका से होने वाले तेल आयात पर पड़ा है। सऊदी अरब से आयात किया जाने वाला तेल मासिक आधार पर 16 फीसदी घट गया जबकि अमेरिका से होने वाले तेल आयात में 38 फीसदी की कमी आई है। वर्टेक्सा के मुताबिक, अब रूस से भारत जितना तेल आयात करता है वह दशकों से उसके आपूर्तिकर्ता रहे इराक और सऊदी अरब से किए जाने वाले कुल आयात से भी अधिक है।

# बैंकों ने कराया निवेशकों का 55,000 करोड़ का फायदा

**एजेंसी। नई दिल्ली**
पिछला हफ्ता शेयर बाजार में निवेशकों के लिए मुनाफे वाला रहा। बाजार की टॉप 10 में से पांच कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में 88,604.99 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। इसमें फायदा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफ और भारती एयरटेल को हुआ है, जबकि रिलायंस, टीसीएस, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी को नुकसान हुआ है। बाजार की बात करें तो लगातार कई कारोबारी सत्रों की गिरावट के बाद शुक्रवार को बाजार में बड़ी तेजी देखने को मिली थी। इस दौरान सेंसेक्स एक दिन में 899.62 अंक या 1.53 प्रतिशत बढ़कर 59, 808.97 अंक पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 272.45 अंक या 1.57 प्रतिशत बढ़कर 17,594.35 अंक पर बंद हुआ। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्यांकन 35,832.32 करोड़ रुपये बढ़कर 5,00,759.98 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 20,360.13 करोड़ रुपये बढ़कर 6,06,514.71 करोड़ रुपये, एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 15,236.59



करोड़ रुपये बढ़कर 9,01,307.58 करोड़ रुपये, एचडीएफसी का बाजार मूल्यांकन 13,051.48 करोड़ रुपये बढ़कर 4,84,417.42 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 4,124.47 करोड़ रुपये बढ़कर 4,26,158.52 करोड़ रुपये हो गया है। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 30,150.9 करोड़ रुपये घटकर 6,22,711.80 करोड़ रुपये, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का बाजार पूंजीकरण 20,966.36 करोड़ रुपये घटकर 12,23,129.40 करोड़ रुपये, हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 3,336.42 करोड़ रुपये गिरकर 5,80,360.79 करोड़ रुपये, रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 507.03 करोड़ रुपये घटकर 16,13,602.63 करोड़ रुपये और आईटीसी का बाजार मूल्यांकन 24.72 करोड़ रुपये घटकर 4,77,886.13 करोड़ रुपये रह गया।

### आज से सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में कर सकेंगे निवेश

**नई दिल्ली।** इस बार होली पर सरकार आपको सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश करने का मौका दे रही है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम 2022-23 की चौथी सीरीज सोमवार यानी 6 मार्च से खुलेगी। इसमें 10 मार्च तक निवेश का मौका है। इस बार सरकार ने सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड के लिए 5,611 रुपए प्रति ग्राम का भाव तय किया है। ऑनलाइन अप्लाई करने और डिजिटल पेमेंट करने पर प्रति ग्राम 50 रुपए का डिस्काउंट मिलेगा। यानी, आपको 1 ग्राम सोने के लिए 5,561 रुपए देने होंगे। इस हिसाब से आपको 10 ग्राम सोने के 55,610 रुपए चुकाने होंगे। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, सरार्फा बाजार में शनिवार यानी 5 मार्च को 24 कैरेट सोना 56,103 रुपए प्रति 10 ग्राम पर है। यानी 1 ग्राम सोने का दाम 5,610 रुपए हुआ। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड एक सरकारी बॉन्ड होता है, जिसे फ्छककी तरफ से जारी किया जाता है। इसे डीमैट के रूप में परिवर्तित कराया जा सकता है।

### सोना और चांदी में मजबूती

**इंदौर।** सप्ताहांत सोना तथा चांदी में मजबूती दर्ज की गई। इस दौरान सोना 75 रुपये तथा चांदी 800 रुपये महंगी बिकी। कारोबार की शुरूआत में सोना 56500 रुपये पर खुलने के बाद शनिवार के दिन 56575 रुपये प्रति दस ग्राम होकर थमा। चांदी में व्यापार की शुरूआत 64500 रुपये पर हुई वहीं शुक्रवार के दिन 65300 रुपये बिकी। कामकाज में सोना ऊंचे में 56600 नीचे में 56200 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका। व्यापार में चांदी ऊपर में 65500 तथा नीचे 64200 रुपये प्रति किलोग्राम बिकी। चांदी सिक्का पूछपरख से मजबूत बताया गया। विदेशी बाजार में सोना 1850 डॉलर तथा चांदी 2125 सेन्ट प्रति औंस बिकी।

### वैश्विक रुख का बाजार पर रहेगा असर

मुंबई। हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद से मुश्किलों का सामना कर रहे अडानी समूह में करीब दो अरब डॉलर के निवेश आने की खबर से बीते सप्ताह आधी फीसदी से अधिक की बढ़त पर रहे घरेलू शेयर की अगले सप्ताह दिशा निर्धारित करने में वैश्विक रुख के साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 345.04 अंक अर्थात 0.58 प्रतिशत की तेजी लेकर सप्ताहांत पर 59808.97 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 128.55 अंक यानी 0.74 प्रतिशत मजबूत होकर 17594.35 अंक पर पहुंच गया। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह छोटी और मझौली कंपनियों के प्रति भी निवेशकों की निवेश धारणा मजबूत रही।

### एसुस ने किया भारत में अपना स्टोर लॉन्च



**नई दिल्ली।** भारत में सफलता के नए आयाम रचते हुए, ताइवान की टेक जायंट कंपनी, एसुस इंडिया ने आज नई दिल्ली में अपने 200वें स्टोर के लॉन्च की घोषणा की। शहर के इलेक्ट्रॉनिक केंद्र- नेहरू प्लेस में स्थित 500 वर्ग फुट से अधिक में फैला हुआ यह एक्सक्लूसिव स्टोर ग्राहकों को कंज्यूमर पीसी, गेमिंग लैपटॉप्स, क्रिएटर सीरीज, ऑल-इन-वन डेस्कटॉप्स और अन्य एक्सेसरीज के माध्यम से प्रतिष्ठित नवाचारों का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करेगा। भारत में ग्राहकों को खरीदी के बेहतर अनुभव प्रदान करने की राह में यह एक्सक्लूसिव एसुस स्टोर, कंपनी के ठोस प्रयासों को दर्शाता है। 200वें स्टोर की शुरूआत, न सिर्फ एसुस इंडिया की खुदरा उपस्थिति को बढ़ाएगी, बल्कि भारतीय बाजार के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता पर नए सिरे से जोर भी देगी। ऐसे में व्यापक उपभोक्ता आधार के लिए इसकी आसानी से सुलभता होगी।

## विदेश

# इंडोनेशिया तेल डिपो में लगी आग, 19 की मौत



**एजेंसी। जकार्ता**
इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में एक ईंधन भंडारण डिपो में लगी भीषण आग में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है और तीन लोग अब भी लापता है। बचावकर्ता एवं दमकलकर्मी लापता लोगों की तलाश में रविवार को भी जुटे रहे। सरकारी तेल और गैस कंपनी पर्टामिना द्वारा संचालित ईंधन भंडारण डिपो उत्तरी जकार्ता के तनाह मेराह इलाके में घनी आबादी वाले क्षेत्र के पास स्थित है। यह इंडोनेशिया की ईंधन जरूरतों के 25 प्रतिशत की आपूर्ति करता है। अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि आग बुझाने के लिए कम से कम 260 दमकलकर्मियों और 52 दमकल गाड़ियों को तैनात किया गया था। राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख जनरल लिस्त्यो सिगिट प्रबोवो ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, डिपो को पश्चिम जावा प्रांत में पर्टामिना की बालोंगन रिफाइनरी से ईंधन मिला था और इस समय अत्यधिक दबाव संबंधी तकनीकी समस्या के कारण आग लगी। डिपो के पास रहने वाले लोगों ने बताया कि उन्हें गैसोलीन की तेज गंध आ रही थी, जिससे कुछ लोगों को उल्टियां भी हुईं और रात करीब आठ बजे भीषण विस्फोट हुआ।

### नहीं रूक रहा फ्लाइट में पेशाब कांड, आरोपी गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एअरलाइन ने इस घटना के बारे में डीजीसीए को एक रिपोर्ट सौंपी है। ऐसा प्रतीत होता है कि एअरलाइन पेशेवर तरीके से इस स्थिति से निपटी और उसने सभी उचित कदम उठाए हैं। यह घटना उड़ान संख्या एए292 में हुई, जिसने शुक्रवार को रात नौ बजकर 16 मिनट पर न्यूयॉर्क से उड़ान भरी थी और शनिवार रात नौ बजकर 50 मिनट पर यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर उतरी। अमेरिकन एअरलाइंस ने रविवार को एक बयान में कहा कि एक यात्री के दुर्व्यवहार के कारण विमान के दिल्ली पहुंचने पर कानून प्रवर्तन अधिकारी से सम्पर्क करना पड़ा। हालांकि, उसने घटना के बारे में खास जानकारियां नहीं दी। दिल्ली हवाई अड्डे के पुलिस उपायुक्त देवेश कुमार महला ने रविवार को कहा कि अमेरिकन एअरलाइंस से अमेरिका में पढ़ाई कर रहे एक छात्र के खिलाफ सह-यात्री पर पेशाब करने की शिकायत मिली है।

# कुछ शर्तों के साथ ईरान व आईएईए सहयोग को सहमत



**एजेंसी। तेहरान**
ईरानी परमाणु प्रमुख ने कहा है कि तेहरान और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) सुरक्षा उपायों के समझौतों के आधार पर अपने संबंधों को विनियमित करने पर सहमत हुए हैं। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन (एईओआई) के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लामी ने शनिवार को तेहरान में आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामी ने कहा कि दोनों पक्षों के संबंधों को सुरक्षा उपायों पर आधारित करने से आईएईए को ईरान की परमाणु गतिविधियों के बारे में आश्वस्त होने और किसी भी विसंगति को रोकने में मदद मिलेगी। आईएईए के अध्यक्ष ने कहा कि संचार विश्वास बनाने के तरीके में होना चाहिए, दोनों पक्षों को जोड़ने से इसे बाहरी हस्तक्षेप से बचाना चाहिए ताकि उनके मुद्दों को हल करने के लिए सहयोग भरोसेमंद तरीके से जारी रहे। उन्होंने कहा कि एईओआई और एजेंसी इस बात पर सहमत हुए हैं कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम और देश के वैज्ञानिकों की क्षमताओं के बारे में बेहतर जानने के लिए एजेंसी को 30वें ईरानी परमाणु सम्मेलन में भाग लेना चाहिए।

### ऑक्सीजन प्लांट में विस्फोट में 6 की मौत 30 घायल

**ढाका।** बांग्लादेश में चटगांव के सीताकुंडा उपजिला के कदम रसूल (केशबपुर) इलाके में एक ऑक्सीजन संयंत्र में हुए विस्फोट में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक घायल हो गए। सीताकुंडा थाने के प्रभारी अधिकारी तोफज्जेल अहमद ने आईएएनएस से बात करते हुए मरने वालों की संख्या और घायलों की संख्या की पुष्टि की। चटोग्राम मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सूचना केंद्र के सूत्रों ने कहा कि मृतकों में से पांच की पहचान शम्सुल आलम, फरीद, रतन लखरेट, मोहम्मद शाहिद और मोहम्मद कादर के रूप में हुई है। अन्य मृतकों की पहचान की पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। छह मृतकों में घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर कदमरसुल बाजार में धातु की वस्तु गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। चटोग्राम के उपायुक्त मोहम्मद फखरुज्जमां ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद आईएएनएस को बताया कि घायलों का चटोग्राम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### सैनिकों ने अपहृत 14 नागरिकों को छुड़ाया

**लागोस।** नाइजीरियाई सैनिकों ने उत्तरी राज्य कडूना में डाकुओं द्वारा बंधक बनाए गए 14 लोगों को छुड़ा लिया है। कडुना राज्य के आंतरिक सुरक्षा और गृह मामलों के आयुक्त सैमुअल अरुवान ने शनिवार को एक बयान में कहा कि नाइजीरियाई सैनिकों ने हाल ही में राज्य के चिकुन क्षेत्र में डाकुओं के ठिकाने को निशाना बनाकर अभियान चलाया था। अरुवान ने कहा कि सैनिकों ने डाकुओं पर काबू पा लिया और उनमें से एक को मार डाला, जबकि अन्य भाग गए। अरुवन ने कहा, बचाए गए सभी लोग सुरक्षित हैं।

### कोरोना को लेकर चीन पर यूएस के आरोप

**जेनेवा।** वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने सभी देशों से कोरोना के ओरिजन से जुड़ी जानकारी शेयर करने के लिए कहा है। हल्ठड का ये बयान अमेरिकी दावे के बाद सामने आया है। हाल ही में हू के डायरेक्टर क्रिस्टोफर रे ने कहा था- कोरोना चीन के वुहान लैब से ही लीक हुआ है। चीन ने हू के दावे को गलत बताया। इसके बाद हल्ठड के चीफ टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस ने कहा- अमेरिका ने जो दावा किया है उसी जुड़ी कोई रिपोर्ट पेश नहीं की है। अमेरिकी एनर्जी डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने भी इंटेलिजेंस रिपोर्ट के हवाले से चीन को जिम्मेदार ठहराया था। लेकिन हमारे पास ऐसी किसी भी रिपोर्ट का कोई एक्सेस नहीं है। किसी भी देश के पास कोरोना के ओरिजन से जुड़ी कोई भी जानकारी हो वो हमें दे दें।

### दो दिवसीय पाक पीएम का दोहा दौरा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ कतर में होने वाली वठ की लीस्ट डेवलप्ड कंट्रीज की कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे। कतर के शासक शेख तमीम बिन हमद अल थानी के न्योते पर पीएम शाहबाज रविवार को 2 दिन के दौरे पर दोहा पहुंचेंगे। वठ की ये कॉन्फ्रेंस 9 मार्च तक चलेगी। इसमें दुनिया के सबसे कम विकसित देशों में सस्टेनेबल डेवलपमेंट में तेजी लाने पर चर्चा की जाएगी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी देशों के लीडर्स विकास को लेकर एक-दूसरे का सहयोग करने पर बातचीत करेंगे। साथ ही विकासशील देशों के साथ बेहतर पार्टनरशिप पर भी चर्चा होगी।

### सऊदी अरब में दो लोगों को मौत की सजा

**रियाद ।** सऊदी अरब में विभिन्न अपराध के दो दोषी व्यक्तियों को मौत की सजा दी गई है। स्थानीय मीडिया ने यह रिपोर्ट दी है। समाचार पत्र डान की आज प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार आधिकारिक सऊदी प्रेस एजेंसी (एसपीए) ने शनिवार को बताया कि इनमें से एक व्यक्ति एक तेल संस्थान को उड़ान के प्रयास का दोषी जबकि दूसरे व्यक्ति नाबालिगों से जबरन ह्ययौन संबंधह्व बनाने का दोषी पाया गया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष मृत्युदंड का पहला मामला हैं। पिछले वर्ष 147 लोगों को फांसी दी थी जोकि वर्ष 2021 के 69 के आंकड़े से दोगुना से अधिक है। पिछले साल की संख्या में मार्च 2022 में एक ही दिन में आतंकवाद से संबंधित अपराधों के लिए 81 लोगों को मौत सजा देना शामिल था। स्थानीय मीडिया ने आंतरिक मंत्रालय का हवाला देते हुए कहा कि शनिवार को दी गई मौत की सजा सरकार की ह्यसुरक्षा और न्याय प्राप्त करने की उत्सुकताह्व को प्रदर्शित करती है और अन्य अपराधियों के लिए चेतावनी है।

### पाक : सड़क हादसे में सात की मौत, 23 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले 24 घंटों में हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम सात लोगों की मौत हो गयी जबकि 23 अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी बचाव सेवा ने रविवार को दी। बचाव सेवा ने मीडिया से कहा कि पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम प्रांत बलूचिस्तान के झोब जिले में शनिवार शाम एक ट्रक और कंटेनर ट्रक के बीच हुई टक्कर में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। खबरों के अनुसार, यह हादसा झोब जिले के मुगल कोट पुलिस स्टेशन के पास कपड़ों से लदे हुए कंटेनर ट्रक के ब्रेक फेल होने के कारण हुआ जबकि ट्रक में सीमेंट लदा हुआ था। रविवार को गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र के उत्तरी चिलास शहर के पास एक बस के खाई में गिर गई जिसमें तीन यात्रियों की मौत हो गई जबकि अन्य 23 लोग घायल हो गए।

**तबाह** | बाखमुत की गलियों में लड़ रही रूस-यूक्रेन की सेना, मेयर का दावा

# शहर से संपर्क के साधन बर्बाद हो चुके हैं

**एजेंसी। कीव**
रूस और यूक्रेन की सेना बाखमुत शहर में स्ट्रीट फाइटिंग पर उतर आई है। रूस कई महीनों के संघर्ष के बावजूद यूक्रेन के इस हिस्से पर कब्जा नहीं कर पाया है। अब दोनों देशों की सेना ट्रेंच छोड़कर वहां की गलियों में लड़ रही है। हालात ये हो चुके हैं कि अब वहां के 4 हजार लोग बिना बिजली और पानी के रहने को मजबूर हैं। बाखमुत के मेयर ने दावा किया है कि शहर में कोई ऐसी इमारत नहीं बची है जिसे लड़ाई में नुकसान न हुआ हो। पूरा शहर तबाह हो चुका है। ओलेक्जेंडर मरचेंकों ने कहा कि रूस की



सेना भले ही शहर तक पहुंच चुकी है। फिर भी कब्जा नहीं कर पाई है। शहर के बाहरी इलाकों के अलावा गलियों में भी लड़ाई शुरू हो चुकी है। ओलेक्जेंडर मरचेंकों ने कहा है कि रूस अब बाखमुत के लोगों का जनसंहार करना चाहता है । वो बिना किसी मकसद के आगे बढ़ रहे हैं। शहर से हर तरह के संपर्क के साधन बर्बाद हो चुके हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक बाखमुत के कमांडर्स को मानना है कि बाखमुत से रूस को खदेड़ने की कीमत काफी ज्यादा है। इसके लिए काफी खर्च होगा और सैनिकों की जान भी जाएगी। रूस की प्राइवेट आर्मी वैगनर के चीफ येवगेनी प्रिगोजिन ने कल यानी शनिवार को दावा किया था कि अब बाखमुत पर उनका कब्जा हो चुका है। येवगेनी ने जेलेंस्की को कहा था कि वो अब इस शहर को बचाने की ज्यादा कोशिश न करें। हालांकि यूक्रेन अब भी बेकार हो चुकी सड़कों को रिपेयर कर इस इलाके में अपने ज्यादा से ज्यादा सैनिकों को भेज रहा है।

### फिलीपींस गर्वनर हत्या का संदिग्ध और तीन अन्य गिरफ्तार

**मनीला।** फिलीपींस के प्रांतीय गवर्नर और पांच अन्य की हत्या मामले में एक संदिग्ध और तीन अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि पुलिस ने अंधाधुंध गोलीबारी में मारे गये सेंट्रल फिलीपींस प्रोविशियल गर्वनर रोएल डेगामो और पांच अन्य के मामले में एक संदिग्ध सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। देश में हाल ही में राजनेताओ पर हमलों पर एक के बाद एक हो रहे हमलों के क्रम में कम से कम छह हथियारबंद हमलावर सेना की वर्दी में शनिवार रात नीग्रो मूल के गर्वनर के घर में घुस गये और अंधाधुंध फायरिंग में उनकी हत्या कर दी। इस हमले की राष्ट्रपति फडीनेंड मार्कोस जूनियर ने कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा ऐसे जघन्य हत्याकांड को अंजाम देने वालों को जब तक गिरफ्तार कर उनके अंजाम तक नहीं पहुंचाया जाता है तब तक सरकार शांत नहीं रहेगी।

ज्ञान की बात

**चलने वाले पैरो में कितना फर्क होता है, एक आगे तो एक पीछे लेकिन न कभी आगे वाले को अभिमान होता है न कभी पीछे वाले को अपमान महसूस होता है, क्यूकि उन्हें पता होता है कि कुछ ही समय बाद स्थिति बदलने वाली है, इसी को जीवन कहते है।**



# कैसे रूकेगी दुर्घटना?

**पूरे** झारखंड में सड़क हादसे कम नहीं हो रहे हैं। इन हादसों में मरने वालों की संख्या भी बढ़ रही है। पुलिस हर उपाय कर रही है, लेकिन वो पूरी तरह से कामयाब नहीं हो पा रही है। पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा की मानें तो सड़क हादसों में होने वाली मौतों का आंकड़ा तेजी से बढ़ता जा रहा है। वाहन चेकिंग भी सख्त हुई है। सड़कों पर कई उपाय किए जा रहे हैं। लेकिन मौत रूक नहीं रही है। फरवरी के पहले पखवाड़े में पलामू जैसे इलाके में 17 लोगों की मौत हुई थी। जबकि दूसरे पखवाड़े में 13 से अधिक लोगों की मौत हुई है। फरवरी में औसत हर दिन एक व्यक्ति की जान गई है। पलामू में लगातार सड़क हादसे डेथ जोन साबित हो रहे हैं। 300 से ज्यादा नेशनल हाइवे हो या ग्रामीण सड़क लगातार दुर्घटना हो रही है। इन दुर्घटनाओं में मौत का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है।

**पलामू में लगातार सड़क हादसे डेथ जोन साबित हो रहे हैं। 300 से ज्यादा नेशनल हाइवे हो या ग्रामीण सड़क लगातार दुर्घटना हो रही है। इन दुर्घटनाओं में मौत का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है।**

2022 में पलामू में सड़क हादसों में 164 लोगों की मौत हुई थी। 2021 में 154 जबकि 2020 में 163 लोगों की मौत हुई थी। सड़क हादसों में ज्यादातर मरने वाले की उम्र 20 से 25 वर्ष की है। पलामू जैसे इलाके में औसतन सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली 10 मौतों में से सात मौत कम उम्र के लोगों की है। 2023 के शुरूआती महीनों में पलामू में सड़क हादसों के 60 से भी अधिक मामले दर्ज किए गए हैं, जिसमें 45 से अधिक मौत हुई है। सड़कों पर वाहन चेकिंग सख्ती से की जा रही है और जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है। ऐसे में सड़क हादसों से होने वाली मौतों को रोकना बड़ी चुनौती है। मामले में जागरुकता अभियान भी चला रहे हैं। नुक्कड़ नाटक हो या स्कूल कॉलेजों में जागरुकता अभियान चलाकर पुलिस लोगों को ट्रैफिक नियमों के पालन करने के लिए अपील कर रही है। बावजूद बेतहाशा बढ़ती गाड़ियों की संख्या और तेज रफ्तार बड़े कारण हैं। आने वाले दिनों में और गाड़ियों के टकराने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। लाख चाहने के बावजूद पुलिस सड़क हादसों को रोकने में विफल साबित हो रही है। ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वाले खिलाफ सख्त कार्रवाई की योजना भी तैयार की गई है। ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और सड़कों पर पुलिस की पहरेदारी पहले से अधिक बढ़ाई गई। लेकिन उसका असर नहीं दिख रहा है। ऐसे में हम कह सकते हैं कि ईमानदार प्रयास हमारी ओर से नहीं किये जा रहे हैं। अविलंब ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर सड़क हादसों को रोकने के लिए नई तकनीक का इस्तेमाल करना जरूरी है। बहरहाल पलामू के लिए एक अच्छी खबर यह कि हाल के दिनों में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर फरवरी महीने में अकेले 3700 वाहनों से फाइन वसूला गया है। ऐसी स्थिति में पूरे राज्य में अविलंब सड़क हादसे को रोकने के लिए कड़े कानून बने।

# भारत की प्रतिष्ठा धूमिल करने के राहुली प्रयास





ललित गर्ग

**देश** पर सर्वाधिक समय शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर विदेशी की धरती पर होहल्ला मचाते हुए भारत की छवि को धूमिल करने का घृणित एवं गैरजिम्मेदाराना काम किया है। गांधी ने लंदन की कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में पेगासस को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। वह देश में इस तरह की बातें करते ही रहे हैं कि मोदी सरकार के चलते भारतीय लोकतंत्र खतरे में है और सरकार से असहमत लोगों के साथ विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है। वह वहां यह भी कह गये कि भारत की सभी संस्थाओं और यहां तक कि न्यायालयों पर भी सरकार का कब्जा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनके सरकार चलाने के तौर-तरीकों की तीव्र आलोचना की, जो महज खिसियाहट भरी अभद्र राजनीति का ही परिचायक नहीं था, बल्कि इसका भी प्रमाण था कि संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के लिए कोई किस हद तक जा सकता है, देश के गौरव को दाव पर लगा सकता है। राहुल गांधी ने जिस तरह प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया, क्या वह देश के सर्वोच्च राजनीतिक दल की गैर जिम्मेदाराना राजनीति का परिचायक नहीं है? राहुल गांधी ने यह बात ठीक उस वक्त कही, जब कुछ ही घंटे पहले सर्वोच्च न्यायालय ने दो ऐसे फैसले दिये थे, जो सरकार के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण करते हुए भी देखे गये। एक फैसले के तहत उसने निर्वाचन आयोग के आयुक्तों की नियुक्ति में सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश को भागीदार बनाया और दूसरे के तहत अदाणी मामले की जांच करने के लिए अपने हिसाब से एक समिति गठित की। सबसे हैरानी एवं दुर्भाग्य की बात यह रही कि राहुल गांधी ने पेगासस मामले को नये सिरे से उछाला और अपनी जासूसी का आरोप लगाते हुए यह हास्यास्पद दावा भी किया कि खुद खुफिया अधिकारियों ने उनसे कहा था कि उनका फोन रिकार्ड किया जा रहा है और उन्हें संभल कर बात करनी चाहिए। स्पष्ट है कि उन्होंने यह बताना आवश्यक नहीं समझा कि सुप्रीम कोर्ट की एक समिति ने इस मामले की जांच की थी और उसने यह पाया था कि उसके पास जांच के लिए आए फोन में से किसी में भी जासूसी उपकरण नहीं मिला। लगता है पेगासस राहुल के मोबाइल में नहीं, उनके दिमाग में है। राहुल गांधी अक्सर भाजपा सरकार एवं नरेन्द्र मोदी के विरोध में स्तरहीन एवं तथ्यहीन आलोचना, छिद्रान्वेशन करते रहे हैं। ऐसा लगता है उनकी चेतना में स्वस्थ समालोचना के बजाय विरोध की चेतना मुखर रहती है। राहुल गांधी न सही, कम से कम उनके सहयोगियों और सलाहकारों को यह पता होना चाहिए कि उनकी घिसी-पिटी बातें और यह राग लोगों को प्रभावित नहीं कर रहा बल्कि देश को बर्बाद कर रहा है। विदेश की धरती पर ऐसी सारहीन, तथ्यहीन एवं भ्रामक आलोचना से दुनिया में भारत की छवि को भारी नुकसान पहुंचता है। राहुल गांधी की राजनीतिक अपरिपक्वता एवं नासमझी के अनेक किस्से हैं, अक्सर वे खुद को सही साबित करने के लिए छल का सहारा लेने में लगे रहते हैं। अफसोस केवल यह नहीं कि बिना किसी सुबूत राहुल गांधी झूठ का पहाड़ खड़ा करने में लगे हुए हैं, बल्कि इस पर भी है कि अनेक जिम्मेदार राजनेताओं ने उनकी झूठ की राजनीति में सहभागी बनना बेहतर समझा। यही कारण है कि कांग्रेस एवं उसके अनर्गल प्रलाप में सहभागी बनने वाले राजनीतिक दल लगातार हार का मुंह देख रहे हैं, फिर भी कोई सबक लेने एवं सुधरने का प्रयास नहीं करते। पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में कांग्रेस को जो पराजय मिली, वह उसके खोखले चिंतन, अपरिपक्व राजनीति, तथ्यहीन बयानों और दृष्टिहीनता का ही नतीजा है। राहुल गांधी अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों के लिए किस तरह विदेश में देश को नीचा दिखाने पर तुले हुए हैं, इसका पता इससे चलता है कि उन्होंने यह कह दिया कि मोदी सरकार सिखों, ईसाइयों और मुसलमानों को दोयम दर्जे का नागरिक समझती है। यह एक किस्म की शरारत ही नहीं, देश की एकता को खंडित करने की कोशिश भी है। यह देश को तोड़ने एवं आपसी सौहार्द को भंग करने की कुचेष्ठा है। अच्छा होता कि कोई उन्हें यह बताता कि भाजपा ने ईसाई बहुल नगालैंड में केवल 20 सीटों पर चुनाव लड़कर 12 सीटों पर जीत हासिल की हैं। किसी को राहुल गांधी को यह भी बताना चाहिए कि वह भारत विरोधी एवं भारत के दुश्मन चीन का बखान करके भारत के जख्मों पर नमक छिड़कने का ही काम कर रहे हैं। यह एक तरह की सस्ती, स्वार्थी और एक तरह से देशघाती राजनीति है। राहुल गांधी भले ही नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार रूपी साफ-सुथरे 'आइने' पर धूल जमी होने का ख्वाब देख रहे हो मगर असलियत में उसके 'चेहरे' पर ही धूल लगी हुई है जिसे उसे साफ करके 'आइने' में अपना चेहरा देखना होगा। क्योंकि दुनियाभर के राजनेता एवं प्रतिष्ठित व्यक्ति भारत एवं नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा कर रहे हैं।

**राहुल गांधी अक्सर भाजपा सरकार एवं नरेन्द्र मोदी के विरोध में स्तरहीन एवं तथ्यहीन आलोचना, छिद्रान्वेशन करते रहे हैं। ऐसा लगता है उनकी चेतना में स्वस्थ समालोचना के बजाय विरोध की चेतना मुखर रहती है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### आईए सुनें भगवान शनिदेव की कथा

**अगर** किसी को छोटा या बड़ा कहा गया तो उन्हें क्रोध के कारण काफी हानि हो सकती है। इसी बीच राजा को एक तरीका सूझा। उन्होंने 9 तरह की धातु बनवाई जिसमें स्वर्ण, रजत (चाँदी), कांसा, ताम्र (तांबा), सीसा, रांगा, जस्ता, अभ्रक व लोहे शामिल थे। राज ने सभी धातुओं को एक-एक आसन के पीछे रख दिया। इसके बाद उन्होंने सभी देवताओं को सिंहासन पर बैठने के लिए कहा। धातुओं के गुणों के अनुसार सभी आसनों को एक-दूसरे के पीछे रखवाकर उन्होंने देवताओं को अपने-अपने सिंहासन पर बैठने को कहा। जब सभी देवताओं ने अपना-अपना आसन ग्रहण कर लिया तब राजा विक्रमादित्य ने कहा- 'इस बात का निर्णया हो चुका है। जो सबसे पहले सिंहासन पर बैठा है वही बड़ा है।' यह देखकर शनि देवता बहुत नाराज हुए उन्होंने कहा, 'राजा विक्रमादित्य! यह मेरा अपमान है। तुमने मुझे सबसे पीछे बैठाया है। मैं तुम्हारा विनाश कर दूंगा। तुम मेरी शक्तियों को नहीं जानते हो।' शनि ने कहा- 'एक राशि पर सूर्य एक महीने, चंद्रमा सवा दो दिन, मंगल डेढ़ महीने, बुध और शुक्र एक महीने, बृहस्पति तेरह महीने रहते हैं। लेकिन मैं किसी भी राशि पर साढ़े सात वर्ष रहता हूं। मैंने अपने प्रकोप से बड़े-बड़े देवताओं को पीड़ित किया है। मेरे ही प्रकोप के कारण श्री राम को वन में जाकर रहना पड़ा था क्योंकि उन पर साढ़े साती थी। रावण की मृत्यु भी इसी कारण हुई। अब तू भी मेरे प्रकोप से नहीं बच पायेगा। शनिदेव ने बेहद क्रोध में वहां से विदा ली। वहीं, बाकी के देवता खुशी-खुशी वहां से चले गये।

*(क्रमशः)*

# पूरे देश में एक समान शिक्षा होनी चाहिए



अश्विनी उपाध्याय

**संसद** द्वारा बनाया गया 'शिक्षा अधिकार कानून' पूरे देश में लागू है इसलिए एक नया कानून बनाने की बजाय उसमें संशोधन करना चाहिए। वर्तमान कानून में 'समान शब्द जोड़ दिया जाय तो यह 'समान शिक्षा अधिकार कानून' बन जायेगा और अभी यह 14 वर्ष तक लागू है उसे 16 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। आरक्षण से 75 साल में नहीं बल्कि 7500 साल में भी सबको समान अवसर नहीं मिलेगा। सबको समान अवसर उपलब्ध कराना है तो 12वीं तक समान शिक्षा (एक देश एक शिक्षा बोर्ड और एक देश एक पाठ्यक्रम) लागू करना होगा। देखा जाये तो स्कूल माफियाओं के दबाव में 12वीं तक एक देश एक शिक्षा बोर्ड लागू नहीं हुआ। कोचिंग माफियाओं के दबाव में 12वीं तक एक देश एक पाठ्यक्रम लागू नहीं हुआ। किताब माफियाओं के दबाव में हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन, जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान की एक किताब लागू नहीं हुई। समान शिक्षा बिना समता-समरसता मूलक समाज की स्थापना नामुमकिन है इसलिए जिस प्रकार पूरे देश में 'एक देश-एक कर' लागू किया गया, उसी प्रकार 10वीं तक 'एक देश-एक सिलेबस' भी लागू करना अति आवश्यक है। पढ़ने-पढ़ाने का माध्यम भले ही अलग हो लेकिन सिलेबस पूरे देश में एक समान होना चाहिए और किताब एक होनी चाहिए। वर्तमान समय में स्कूलों की पांच कैटेगरी हैं और किताब भी पांच प्रकार की हैं। आर्थिक रूप से कमजोर और गरीबी रेखा से नीचे के बच्चों की किताब और सिलेबस अलग है, निम्न आय वर्ग के बच्चों की किताब और सिलेबस अलग है, मध्यम आय वर्ग के बच्चों की किताब और सिलेबस अलग है, उच्च आय वर्ग के बच्चों की किताब और सिलेबस अलग है तथा संभ्रांत वर्ग के बच्चों की किताब और सिलेबस बिलकुल ही अलग है। वर्तमान शिक्षा प्रणाली संविधान की मूल भावना के बिलकुल विपरीत है। यह समता, समानता और समरसता मूलक समाज के निर्माण की बजाय जातिवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद, संप्रदायवाद, वर्गवाद, कट्टरवाद और मजहबी उन्माद को बढ़ाती है लेकिन किताब माफियाओं, कोचिंग माफियाओं और स्कूल माफियाओं के दबाव के कारण मैकाले द्वारा बनाई गई शिक्षा प्रणाली आज भी लागू है। यदि बोर्ड के हिसाब से देखें तो उइएए की किताब और सिलेबस अलग, की किताब और सिलेबस अलग, बिहार बोर्ड की किताबें और सिलेबस अलग, बंगाल बोर्ड की किताबें और सिलेबस अलग, असम बोर्ड की किताबें और सिलेबस अलग, कर्नाटक बोर्ड की किताबें और सिलेबस अलग, तमिलनाडु बोर्ड की किताबें और सिलेबस अलग, तथा गुजरात बोर्ड की किताबें और सिलेबस सबसे अलग हैं, जबकि भारतीय प्रशासनिक सेवा, इंजीनियरिंग, मेडिकल, रक्षा सेवा, बैंक और अध्यापक पात्रता परीक्षा सहित अधिकांश प्रतियोगी परीक्षाएं राष्ट्रीय स्तर पर पर होती हैं और पेपर भी एक होता है परिणाम स्वरूप इन प्रतियोगी परीक्षाओं में देश के सभी छात्र-छात्राओं को समान अवसर नहीं मिलता है। भारतीय संविधान के आर्टिकल 14 के अनुसार देश के सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हैं, आर्टिकल 15 के अनुसार जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र, रंग-रूप लिंग और जन्म स्थान के आधार पर किसी भी भारतीय नागरिक से भेदभाव नहीं किया जा सकता है तथा आर्टिकल 16 के अनुसार नौकरियों में देश के सभी युवाओं को समान अवसर मिलना चाहिए। आर्टिकल 17 शारीरिक और मानसिक छूआछूत को प्रतिबंधित करता है और आर्टिकल 19 प्रत्येक नागरिक को देश में कहीं भी भ्रमण करने, बसने और रोजगार-व्यापार करने का अधिकार प्रदान करता है। आर्टिकल 21अ के अनुसार शिक्षा 14 वर्ष तक के सभी बच्चों का मौलिक अधिकार है। आर्टिकल 38(2) के अनुसार केंद्र और राज्य सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह समस्त प्रकार की असमानता को समाप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाये। आर्टिकल 39 के अनुसार बच्चों के समग्र, समावेशी और संपूर्ण विकास के लिए कदम उठाना केंद्र और राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। आर्टिकल 46 के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और गरीब बच्चों के शैक्षिक और आर्थिक विकास के लिए विशेष कदम उठाना केंद्र और राज्य सरकार का कर्तव्य है। आर्टिकल 51(अ) के अनुसार देश के सभी नागरिकों में भेदभाव की भावना समाप्त करना, आपसी भाईचारा मजबूत करना तथा वैज्ञानिक और तार्किक सोच विकसित करना केंद्र और राज्य सरकार का नैतिक कर्तव्य है लेकिन वर्तमान शिक्षा प्रणाली संविधान के उपरोक्त उद्देश्यों को प्राप्त करने में पूर्णतः असफल रही है।

**देश में 'एक देश-एक कर' लागू किया गया, उसी प्रकार 10वीं तक 'एक देश-एक सिलेबस' भी लागू करना आवश्यक है। पढ़ने-पढ़ाने का माध्यम अलग हो लेकिन सिलेबस पूरे देश में एक समान होना चाहिए।**

शिक्षा

## फोटो की दुनिया




## ट्वीट-ट्वीट

Mohan Bhagwat🇮🇳( Parody) ... · 6h
ऐसे सुंदर दृश्य केवल सनातन धर्म मे ही मिल सकते है, आधुनिक युग के तुलसी श्री श्री 1008 रामभद्राचार्य जी को जैसे ही पता चला कि श्री रामकथा में रामायण में प्रभु श्री राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल जी भी आये हैं तो उन्हें गले से लगा लिया और रो पड़े.❤️
जय श्रीराम🚩जय गोविंदा🙏

## फेसबुक वॉल से




# शेखावटी की होली और चंग की थाप



रमेश सर्राफ धमोरा

**बसंत** पंचमी से ही राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में होली का हल्ला शुरू हो जाता है। यहां के सभी गांवों के मोहल्लों में अपनी- अपनी चंग (ढफ) पार्टी होती है। चंग बजाने के साथ धमाल का सिलसिला गणगौर तक चलता है। चंग वादन की अभिव्यक्ति प्रभावशाली होती है। चंग पर थाप पड़ते ही लोग नाचने पर मजबूर हो जाते हैं। चंग के साथ गाये जाने वाले लोकगीतों को धमाल कहा जाता है। धमाल में होली से सम्बन्धित स्थानीय किस्से, कहावतें होती हैं। पुरुष चंग को अपने एक हाथ से थामकर और दूसरे हाथ से छड़ी के टुकड़े से व हाथ की थपकियों से बजाते हैं। साथ में झांझ, मंजीरे बजाते रहते हैं। एक घेरा बनाकर लोग धमाल गाते हैं। इसमें भाग लेने वाले पुरुष ही होते हैं, किंतु उनमें से कुछ पुरुष महिला वेष धारण कर नाचते हुये लोगो का मनोरंजन करते हैं। चंग वादन के बीच में गांव के पुरुषो द्वारा विभिन्न प्रकार के सांग निकाले जाते हैं। गांवो में ढफ मण्डली की कोई विशेष वेष-भूषा नहीं होती हैं। लोग प्रतिदिन पहनने वाले कपड़े पहनकर ही ढफ बजाते हैं। ढफ वादन का आयोजन रात को होता है। ढफ वादन बहुत ही अनुशासित, व्यवस्थित तरीके से होता है। शेखावाटी इलाकों में देर रात तक ढप की थाप पर गूंजती होली की धमाल फाल्गुनी रंग को परवान चढ़ा देती है। गांवों की चौपालों पर रसिकों की टोलियां ढफ की थाप पर थिरकते हुए दिखाई देती हैं। कलाप्रेमी होली तक चलने वाले इन आयोजनों में धमालों की टेर लगाते हैं। जो देखने-सुनने वालों को भी क्षेत्रीय संस्कृति के आनंद की अनुभूति करवाती है। पहले गांवों में होली के दिनो में औरतें घरों के बाहर चौक में इक्कठी होकर होली के गीत गाती थी जिन्हें क्षेत्र में होली के बधावा गाना कहा जाता है। हालांकि अब ये नजारे कम ही देखने को मिलते हैं। शेखावाटी में ढूंढ का चलन अभी भी व्याप्त है। परिवार में पुत्र के जन्म होने पर उसके ननिहाल पक्ष से कपड़े, मिठाई दिये जाते हैं, जिनकी पूजा कर बच्चे को कपड़े पहनाये जाते हैं व मिठाई मोहल्ले में बांटी जाती है। आजकल क्षेत्र में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अन्तर्गत बेटी जन्म को बढ़ावा देने के मकसद से गांवों में बेटी के जन्म पर भी ढूंढ पूजना प्रारम्भ हुआ है। जो कन्या भ्रूण हत्या रोकने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास साबित होगा। चंग का निर्माण भेड़ के चमड़े को धूप में सुखा कर काठ के गोल घेरे में चढ़ाकर किया जाता है। इस पर हल्दी का लेप लगाया जाता है। इन चंगों पर विभिन्न प्रकार के चित्र बनाने के साथ ही ढफ मण्डलियों के नाम भी लिखे जाते हैं। वर्षों से ढफ बना रहे चिराना के दौलतराम सैनी ने बताया कि चिराना में बनने वाले ढफ वजन में हल्के व मजबूत होते हैं। ढफ का घेरा बनाने के लिए आम के पेड़ की लकड़ी काम में ली जाती है जो काफी हल्की और मजबूत होती हैं। ढफ अमूमन 22 से 32 इंच तक के होते हैं। चंगों पर मंढने के लिए भेड़ की खाल मंगवाई जाती है। खाल को आकड़े के दूध से साफ करके गुड़, मेथी, गोंद का घोल बनाकर उससे खाल को लकड़ी के घेरे पर चिपकाया जाता है। इसे छांव में ही सुखाया जाता है। नवलगढ़ में ढफ बनाने वाले मिंतर खटीक ने बताया कि वह अपना पुस्तैनी काम संभाल रहा है। लेकिन अब धीरे-धीरे चंग का प्रचलन कम होने लगा हैं। ढफ बनाने वालों का कहना है कि किसी जमाने में हमारे पास खरीदारों की लाइन लगती थी। अब स्थिति बिल्कुल विपरीत है। नये लोगों का रुझान दिन प्रतिदिन घटने तथा महंगाई के कारण इनकी ब्रिकी घटने लगी हैं। ढफ विक्रेताओं का कहना है कि आज के युवा को ढफ बजाना भी नहीं आता है वो सिर्फ कैसेट के माध्यम से ही धमाल सुनते हैं। इनकी जगह फिल्मी गानों ने ले ली हैं। पहले जहां वसंत पंचमी से ही ढफ की आवाज सुनने लग जाती थी वो अब होली पर भी सुनाई नहीं दे रही है। शहरो में जरूर कई संस्थान धमाल पार्टी का आयोजन करवाते हैं। क्षेत्र में मण्डावा, फतेहपुर शेखावाटी, रामगढ़ शेखावाटी की ढफ मण्डलियां कोलकाता, मुम्बई, चेन्नई, बेंगलुरु, हैंदराबाद, सूरत, अहमदाबाद सहित देश, प्रदेश के विभिन्न शहरों में अपनी प्रस्तुति देने जाती रहती हैं। सरकारी स्तर पर इस लोककला को जिंदा रखे हुए कलाकारों को किसी भी प्रकार का प्रोत्साहन नहीं दिया जा रहा हैं। हालात ऐसे ही रहे तो आने वाली पीढ़ी होली की बातें सिर्फ कहानियों में ही सुना करेगी।

**चंग वादन के बीच में गांव के पुरुषो द्वारा विभिन्न प्रकार के सांग निकाले जाते हैं। गांवो में ढफ मण्डली की कोई विशेष वेष-भूषा नहीं होती हैं। लोग प्रतिदिन पहनने वाले कपड़े पहनकर ही ढफ बजाते हैं।**

होली

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# भारत की इन जगहों पर नहीं मनाया जाता होली का त्योहार

होली में लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर अपने सारे गिले-शिकवे भुला देते हैं। वहीं अपनों के साथ रंगों से खेलना और स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद लोगों में दोगुना उत्साह भर देते हैं। लेकिन भारत में कुछ ऐसी भी जगहें हैं, जहां पर होली का त्योहार नहीं मनाया जाता है। होली का त्योहार लगभग हर जगह धूमधाम से मानाया जाता है। यह रंगों का त्योहार होने के साथ ही साथ दिलों को जोड़ने वाला भी त्योहार है। जहां एक ओर लोग-एक -दूसरे को रंग और गुलाल लगाते हैं, तो वहीं दूसरी ओर सारी कड़वाहट को मिटाकर एक दूसरे के गले लगते हैं। अपनों के साथ रंगो से खलने की खुशी और स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ हर किसी में उत्साह जगा देता है। होली में हर जगह रौनक दिखाई देती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत में कुछ ऐसी भी जगहें हैं। जहां पर यह त्योहार नहीं मनाया जाता है। इसके पीछे सदियों से कुछ मान्यताएं चली आ रही हैं। जिनका आज भी पालन किया जाता है।

### उत्तराखंड का रुद्रप्रयाग जिला

आपको जानकार हैरानी होगी कि उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में दो ऐसे गांव हैं, जहां पर होली का त्योहार नहीं मनाया जाता है। इन दोनों गांवों में करीब 150 साल से होली नहीं मनाई गई है। क्विली और कुरझान गांव के लोगों का मानना है कि यहां स्थित देवी त्रिपुर सुंदरी को शोर-शराबा नहीं पसंद है। आपको बता दें कि रुद्रप्रयाग में अलकनंदा और मंदाकिनी नदी के मिलन के कारण इसे संगम स्थल भी कहा जाता है। लेकिन यहां पर रहने वाले लोग देवी त्रिपुर सुंदरी के लिए शोर-शराबे वाले त्योहारों को मनाने से परहेज करते हैं।



### गुजरात

गुजरात में आपको कल्चर देखने के लिए मिलेगा। साथ ही गुजरात अपने आप में ही एक रंगीला राज्य है। लेकिन यहां पर होली वाले दिन एक गांव में सन्नाटा रहता है। गुजरात के बनासकांठा जिले में स्थित रामसन गांव में होली का त्योहार नहीं मनाया जाता है। बताया जाता है कि इस गांव में करीब 200 साल से होली का त्योहार नहीं मनाया गया है। माना जाता है कि इस गांव को कुछ संतो ने श्राप दिया था। जिसके कारण यहां के लोगों ने होली मनाना बंद कर दिया। लोगों का मानना है कि अगर वह होली का त्योहार मनाएंगे तो संतो के श्राप से कुछ अनहोनी हो सकती है।

### तमिलनाडु

साधारण तौर पर देखा जाए तो दक्षिण भारत में बहुत कम लोग होली का त्योहार मनाते हैं। जबकि उत्तर भारत में होली की धूम देखने वाली होती है। हर साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होली का त्योहार मनाया जाता है। जबकि इस दिन दक्षिण भारत के लोग मासी मागम का स्वागत करते हैं। यह एक पवित्र दिन माना जाता है। कहा जाता है कि इस दिन पूर्वज नदियों, तालाब और पानी के टैंकों में डुबकी लगाने के लिए धरती पर आते हैं।

### झारखंड

बता दें कि झारखंड बोकारो के एक गांव में भी होली त्योहार नहीं मनाया जाता है। इस गांव में पिछले 100 साल से होली नहीं मनाई गई है। इस गांव का नाम दुर्गापुर है। कहा जाता है कि इस गांव के राजा के बेटे की मृत्यु होली वाले दिन हुई थी। उसके बाद राजा की भी मौत होली वाले दिन हुई थी। मरने से पहले राजा ने अपनी प्रजा को होली का त्योहार न मनाने का आदेश दिया था। जिसके बाद से इस गांव में होली का त्योहार मनाना बंद हो गया। बताया जाता है कि अगर इस गांव के लोगों को होली खेलनी होती है तो उन्हें दूसरे गांव जाना पड़ता है।

❖ अनन्या मिश्रा

## काव्य कोना

### सन्नाटा - आहट

सन्नाटा - आहट,
पलकों के मूँदने की आहट,
शून्य में सन्नाटे का आभास
नदी का किनारा,
कदम चुमती,
किनारे की पगडंडी,
पानी की सोने सी चमक,
रंगों की बदलने की आहट,
उदयाचल से आती पहली किरण।
सन्नाटा - आहट,
नदी की सौम्य धारा,
हवा की अठखेलियाँ ,
साक्षी -
नीरवता भंग होने का,
नई नई बलखाती लहरें,
लहर बहर बलखाती लहरें,
संगीत के ओज पर,
आनंद के जोश पर,
आशा की नई किरण जगाती लहरें।

❖ नाग मणि

# चोब चीनी जो शरीर में शक्ति को स्थिर कर दे



**वैद्य ब्रजेश कुमार दुबे**
पतंजली आरोग्य केन्द्र रेड़मा
डालटनगंज पलामू झारखण्ड
मो. - 7903216488, 9334716688

**संस्कृत :** द्वीपान्तखचा, अमृतोपहिता। हिन्दी : चोबचीनी। बंगाल : तोपचीनी। मराठी : चोपचीनी। फारसी : **बेचीनी। तेलगू :** पटंगी चक्का। अंग्रेजी : चायना रूट। लेटिन : स्माइलेक्स चायना।

**स्वरूप (वर्णन :** यह एक काष्टीय सघन, शाखित सूत्रारोही फैली हुई लता होती है। पत्ते सरल उपफा युक्त, उपपत्र सूत्रों में रूपांतरित होते हैं। पत्र में पांच प्रधान शिराएं होती है। पुष्प छोटे-छोटे जो छत्रक में होते हैं।

**प्रयोज्य अंग :** भूमिजन्म कांड एवं मूल कंद।

**स्वाद :** अल्प तिक्त।

**रासायनिक संगठन :** इसके मूल कंद में वसा, शर्करा, गोंद, स्टार्च, सैंपोनिन, ग्लूकोसाइड्स, टैनिन तथ राल पाये जाते हैं।

**गुण :** उत्तेजक दीपन, कुष्ठन्ध, रसायन, बल्य, फिरंगहर, वाजीकर, वातन्ध, पौष्टिक।

**उपयोग :** कुष्ठरोग, वृकरोग, मूत्राशय रोग, शिरा शूल, अंगघात, फिरंग रोग, स्नायविक रोग, आमवात, अपस्मार, वात रोग, उन्माद, अग्निमंध राजयक्ष्मा, ब्रण गलगण्ड मामा। शरीर में स्थिर शक्ति एवं रक्त शुद्धि के लिये इसका चूर्ण प्रतिदिन 1/4 तोले से 1/2 तोले की मात्रा में दूध के साथ सेवन से लाभ होता है। संधिवात में किंग पंचम चार्ल्स को संधिवात रोग हो गया था। इस औषधि के सेवन से वह रोग नष्ट हो गया था। इसके मूल का चूर्ण का प्रयोग फिरंग,ख आमवात, जीर्ण धर्म विकार एवं रक्त दोष के लिये बहुत ही प्रसिद्ध औषधि है।

आयुर्वेदिक मत- पूर्व कालीन आयुर्वेदिक ग्रन्थों में इस औषधि का उल्लेख कहीं देखने को नहीं मिलता मगर मध्यकालीन भाव मिश्र ने अपने भाव प्रकाश ग्रन्थ में इसका वृतान्त लिखा है।

भाव प्रकाश के मतानुसार चोबचीनी चरपरी, मधुर, कड़वी गरम मल-मूत्र को शोधने वाली तथा अफारा, शूल, वात ब्याधि, अपस्मार, उन्माद और अंग को वेदना को दूर करने वाली है। विशेष रूप से यह फिरंग रोग में लाभदायक है। इसका रस कुछ मधुर और कड़वा होता है। यह गरम और अग्निवर्द्धक होती है। कब्जियत को मिटाती है। आफरा और उदरशूल को दूर करती है। दस्त और पेशाब को साफ लाती है। पक्षाघात, संधिवात तथ ावायु के दूसरे रोगों में बहुत लाभदायक है। अपस्मार और उन्माद में भी फायदा पहुंचाती है। उपदंश रोग के लिये यह एक अक्सीर औषधि है। पुरुषों के वीर्य दोष और स्त्रीयों के रजोदोष को दूर करती है। कण्ठमाला और नेत्र रोगों में भी यह लाभदायक है। डा. वामनगणेश देसाई का कथन है कि चोबचीनी की मुख्य क्रिया त्वचा के ऊपर और त्वचा के उपभागों अर्थात संध्यिों बंधन और इस ग्रन्थियों पर होती है। यह एक उत्तम रसायन और दिव्य औषधि है। इसकी मात्रा 3 माशे से 6 माशे तक है, जो सोंठ के साथ दूध के अनुपान से दी जाती है। सूजाक की वजह से पैदा हुई संधियों की सूजन और संधियों की अकड़ना में तथा उपदंश की दूसरी और तीसरी अवस्था में चोबचीनी बहुत लाभ पहुंचाती है। इन रोगों में पोटेशियम आयोडाइट की अपेक्षा अधिक शीघ्रता से और अधिक निश्चयपूर्वक चोबचीनी लाभ पहुंचाती है। चोबचीनी शरीर की संधियों और शिराओं के अन्दर प्रवेश करके अविकृत वित को सहायता पहुंचाती है। खून को साफ करती है, संधियों को मजबूत करती है, पेशाब को गति देती है, मासिक धर्म को साफ करती है। लकवा हाथ पेरों का सूजना, उपदेश के कारण होने वाला सिर दर्द, आधा शीशी पूराना नजला, विस्भूति, चक्कर, उन्माद, उपदंश और दमें के रोगों में भी लाभदायक है। सून को शुद्ध करने का इसमें खास गुण होने की वजह से यह फोड़े-फुन्सी, घाव तथा खून की गर्मी से होने वाले रोगों में अवसीर फायदा करती है। इसके सेवन से अफीम खाने की आदत छूट जाती है। जहरी पदार्थों के विकार को भी यह शान्त करती है। इसी प्रकार जो लोग कामदेव की शक्ति नष्ट हो जाने से नाउम्मीद हो गये हैं। उनको भी यह फिर से नवीन पुरुषार्थ देती है।

**यूनानी मत :** यूनानी मत से चोबचीनी शरीर के अन्दर मुलायमियत पैदा करती है। भीतर की खराबियों को दूर करती है। खून साफ करती है। दिल, दिमाग, कलेजे और कामेन्द्रिय को ताकत देती है। फालिज, लकवा, कंपकंपी, ऐंठन, पागलपन माली खोलिया इत्यादि ज्ञान तक तन्तु सम्बंधी बीमारियां, गर्भाशय की बीमारियां गुदा सम्बन्धी बीमारियां तथा कोढ़, खुजली, जहरीले फोड़े, दाद इत्यादि। रक्त सम्बंधी रोगों में बहुत लाभ पहुंचाती है। वात से पैदा हुए बुखार, चोकिया ज्वर और फील पांव में भी यह लाभदायक है। इससे अफीम खाने की आदत छूट जाती है। इसके सेवन से चेहरे का रंग लाल, साफ और रौनकदार हो जाता है। जिसको बेजानकारी में पेशाब जाने का रोग है। इसेभी यह ठीक कर देती है। यह औषधि भगंदर का नाश करती है। इसके दर्द को नाश करने के लिए आनार उत्तम है।



# मथुरा-वृंदावन की होली में सराबोर होने देश-विदेश से आते हैं लोग

होली का त्योहार ऐसे तो पूरे देश में मनाया जाता है। लेकिन मथुरा-वृंदावन और बरसाना की होली को देखने के लिए दूर-दूर से लोग यहां पहुंचते हैं। मथुरा-वृंदावन में होली का खास आयोजन किया जाता है। यहां लोग केवल रंग ही नहीं बल्कि राधा-कृष्ण की भक्ति में भी सराबोर हो जाते हैं।

ब्रज की होली पूरे विश्व में फेमस है। यह त्योहार देश के हर हिस्से में मनाया जाता है। ब्रज में होली का आयोजन विशेष तरीके से किया जाता है। आपको बता दें कि मथुरा-वृंदावन की होली को देखने न सिर्फ देश बल्कि विदेशों से भी लोग आते हैं। यहां पर मथुरा, वृंदावन, बरसाना और नंदेगाव में अलग-अलग तरह से होली का त्योहार मनाया जाता है। वहीं भगवान श्री कृष्ण का यह जन्मस्थान होने के कारण यहां के प्रति लोगों की आस्था और अधिक बढ़ जाती है। हर स्थान पर विशेष होली मनाने के पीछे कुछ न कुछ कहानियां और मान्यताएं जुड़ी हुई हैं। आइए जानते हैं कि मथुरा-वृंदावन में होली में क्या विशेष किया जाता है।



### मथुरा की होली

मथुरा भगवान श्री कृष्ण का जन्मस्थान है। वहीं वृंदावन में भगवान श्री कृष्ण बड़े हुए थे। मान्यता है कि जब श्री कृष्ण युवा हुए तो उन्होंने अपनी मां को राधारानी के गोरे होने के बारे में बताया था। क्योंकि भगवान श्री कष्ण का रंग श्याम वर्ण यानि की सांवला था। इस पर मां यशोदा ने कृष्ण से राधा को रंग देने के लिए कहा। जिस पर कृष्ण अपने ग्वाल-बालों के साथ राधा और उनकी सखियों को रंगने के लिए बरसाना पहुंचे थे। तभी से यहां पर होली मनाने की परंपरा शुरू हुई।

### बरसाना की लट्ठ मार होली

बरसाना में एक हफ्ते पहले से ही होली का उत्सव शुरू हो जाता है। वहीं बरसाना की लठ्ठ मार होली बहुत फेमस है। बता दें कि बरसाना मथुरा के पास स्थित है। यहां पर होली के दौरान महिलाएं डंडे से पुरुषों को पीटती हैं। मान्यता है कि जब भगवान श्री कृष्ण राधा और उनकी सखियों को रंग लगाने बरसाना आए थे तो राधा रानी और उनकी सखियों ने डंडे से श्री कृष्ण और ग्वालों को खुद से दूर किया था। तब से लेकर आज तक यह परंपरा ऐसे ही चली आ रही है।

### नंदगांव की होली

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, भगवान श्री कृष्ण ने नंदगांव में अपने बचपन का सबसे अधिक समय बिताया था। बरसाना में लठ्ठ मार होली खेलने के बाद यहां पर होली का उत्सव मनाया जाता है। मान्यताओं के अनुसार, जब भगवान श्री कृष्ण राधारानी को रंगने बरसाना गए थे तो इसके अगले दिन राधारानी और उनकी सखियां कृष्ण को रंग लगाने नंदगांव गई थी। इसीलिए यहां पर बरसाना में होली मनाए जाने के अगले दिन होली मनाई जाती है।

### वृंदावन की होली

वृंदावन में स्थित बांके-बिहारी मंदिर में सप्ताह भर होली का उत्सव मनाया जाता है। होली के इन दिनों में बांके बिहारी को सफेद रंग के वस्त्र पहनाए जाते हैं। वृंदावन की होली में रंगीन पानी और गुलाल के साथ खेली जाती है। इसके अलावा यहां पर फूलों वाली होली काफी ज्यादा फेमस है। इस दौरान वृंदावन पहुंचने वाले श्रद्धालु फूलों की होली खेलते हैं। वहीं मंदिर के गोस्वामी सभी पर रंग छिड़कते हैं। इसके बाद मंदिर में संगीत यानि की भजन पर लोग नाचते हुए होली खेलते हैं।

## सूडोकु नवताल- 6630

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6629 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 7693

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ | |
| 9 | 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | 11 | |
| ■ | | ■ | 12 | | 13 | ■ | | ■ |
| 14 | | | | ■ | 15 | | | |
| ■ | | ■ | 16 | 17 | | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | 19 | 20 |
| | ■ | 21 | 22 | | 23 | 24 | ■ | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | |

### बाएँ से दाएँ

1.धनुर्धर-2,2
4.तरुणी,नाजनीन-4
7.संतुष्ट होना-5
9.टेलीग्राम-2
11.महोदय (अंग्रेजी-2)
12.कटि,कमरिया-3
14.फटकार,भर्त्सना-4
15.वतन,स्वेदश-4
16.पार होना,पार करना-3
18.विद्रोही-2
19.गरीब,निर्धन-2
21.लोचदार,लचकदार-5
25.पारंपरिक,पुरातन-4
26.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4

### ऊपर से नीचे

1.शीघ्रता,जल्दी-3
2.मूल्य,कीमत-2
3.जनता,आम आदमी-2
4.किनारा,कोरा-2
5.इंकार,मनाही-2
6.पानी गर्म करने का यंत्र-3
8.भ्रम,वहम-3
10.साधू,संन्यासी-3,2
11.मुलायम सिंह की राजनीतिक पार्टी-5
12.कपड़े की दीवार-3
13.जिव्हा,जीभ-3
17.रसदार,रसभरा-3
18.कारण,वजह-3
20.नेत्र,लोचन-3
21.बुरी आदत-2
22.एक पड़ोसी देश-2
23.पराया,पंख-3
24.रग,नाड़ी-2

शब्द पहेली -7692 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | शा | र | दा | ■ | सा | हि | ल | ■ |
| दा | म | ■ | न | ■ | ल | ■ | त | ब |
| खि | ■ | प्रा | थ | धा | न | ■ | ■ | रा |
| ल | ब | ण | ■ | न | ■ | त | ह | त |
| ■ | ■ | ना | म | ■ | रा | ह | ■ | ■ |
| ती | र | थ | ■ | स | ■ | ल | ग | न |
| स | ■ | ■ | गु | च | ल | का | ■ | क |
| रा | ज | ■ | नी | ■ | ह | ■ | बे | दा |
| ■ | न | र | म | ■ | जा | हि | ल | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में सरकारी हस्तक्षेप बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। अधिक परिश्रम करने पर सफलता मिलेगी, लेकिन अनावश्यक खर्च भी अधिक बढ़ेगा।

**वृष राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिलने के योग हैं। किसी यात्रा पर जा सकते हैं। खुद पर संयम रखें।

**मिथुन राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। मित्रों के सहयोग से कारोबार में अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। बड़े कार्यों में सफलता हासिल होगी।

**कर्क राशि** : आज का दिन शुभ फलदायक रहेगा। आर्थिक लाभ मिल सकता है। नौकरी तथा कारोबार के क्षेत्र में धनलाभ के योग हैं।

**सिंह राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। आकस्मिक धनलाभ के योग हैं। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। नए कार्य शुरू करने के लिए दिन अनुकूल नहीं है।

**कन्या राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। मन अशांत और शरीर थोड़ा थकान से भरा रहेगा। आर्थिक लाभ होगा, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ़ने की संभावना रहेगी।

**तुला राशि** : आज का दिन अच्छा बीतेगा। आकस्मिक धनलाभ होने की भी संभावना है। दोस्तों से लाभ हो सकता है। नौकरी-पेशे वाले लोगों को लाभ होगा।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन शुभ रहेगा। पूरा दिन अद्भुत अनुभव व जोश से भरा रहेगा। धैर्यशीलता में वृद्धि होगी। अधिकारी आप के कार्य से संतोष का अनुभव करेंगे।

**धनु राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। आर्थिक लाभ के योग रहेंगे, लेकिन परिश्रम की भी अधिकता रहेगी। नौकरी में अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मकर राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। आकस्मिक धनलाभ मिल सकता है। प्रिय व्यक्ति से मुलाकात आनंदायक रहेगी। छात्रों के लिए अच्छा समय है। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।

**कुंभ राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है, खर्चों की अधिकता रहेगी। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है।

**मीन राशि** : आज का दिन लाभदायक रहेगा। निवेश करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। शारीरिक व मानसिक रूप से उत्तम रहेगा। परिजन व पड़ोसियों से बहस करने से बचें, क्योंकि कोई छोटी सी बहस भी बड़े झगड़े में परिवर्तित हो सकती है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### बीएसएफ ने बांग्लादेशी सहित भारतीय दंपति को पकड़ा

**दक्षिण दिनाजपुर।** जिले में भारत-बांग्लादेश की सीमा पर तैनात बीएसएफ के जवानों ने एक बांग्लादेशी सहित एक दंपति को सीमांत इलाके से पकड़ा है। बीएसएफ ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी है। जानकारी के अनुसार, रायगंज सेक्टर के तहत बीएसएफ की 61वीं बटालियन की बीओपी उत्तर आगरा के सीमा जवानों ने एक बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा है। पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिक का नाम हृदय दास (19) है। बीएसएफ के जवानों ने एक भारतीय दंपति को भी पकड़ा है।

### दिल्ली सरकार ने 17 से बुलाया बजट सत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने 17 मार्च को बजट सत्र बुलाया है। पहली बार ऐसा होगा कि केजरीवाल सरकार मनीष सिसोदिया के बिना बजट पेश करेगी। इस बार का बजट दिल्ली सरकार के वित्त मंत्री कैलाश गहलोत पेश करेंगे। वहीं, ऐसा माना जा रहा था कि इस बार मनीष सिसोदिया दिल्ली का बजट पेश करेंगे। लेकिन, आबकारी नीति में कथित घोटोले के आरोपों के बाद सीबीआई ने सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया था, जिसके बाद सिसोदिया ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

### आईएमए पूरे केरल में करेगा प्रदर्शन

**तिरुवनंतपुरम।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) केरल चैप्टर ने एक मरीज के परिजनों द्वारा कथित तौर पर एक वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ के साथ मारपीट किए जाने के बाद राज्य भर में विरोध मार्च निकालने का फैसला किया है। आईएमए ने रविवार को कोझिकोड जिले के एक निजी अस्पताल में शनिवार रात हुए हमले में शामिल छह लोगों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोकन ने आईएएनएस को बताया कि उन लोगों के एक समूह ने उन पर हमला किया था, जिन्होंने एक मरीज के रिश्तेदार होने का दावा किया था। एक हफ्ते पहले एक नवजात बच्चे की अस्पताल में मौत हो गई थी और मां के परिजन प्रसव के बाद देखभाल में देरी को लेकर विरोध कर रहे थे।

### आईएनएस विक्रांत पर नौसेना कमांडरों का होगा सम्मेलन

# सैन्य मुद्दों पर होगी चर्चा

**स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर पर नौसेना कमांडरों को संबोधित करेंगे रक्षा मंत्री**

**सैन्य रणनीतिक स्तर के महत्वपूर्ण सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा करेंगे नौसैन्य अधिकारी**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नौसेना कमांडरों का सम्मेलन भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सोमवार से शुरू होगा। यह पहला मौका है जब कमांडरों के सम्मेलन का पहला चरण समुद्र में आयोजित किया जायेगा। इसमें सैन्य रणनीतिक स्तर के महत्वपूर्ण सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा करने के साथ-साथ वरिष्ठ नौसैन्य अधिकारी आईएनएस विक्रांत के प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करेंगे।

उद्घाटन सत्र में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नौसेना कमांडरों को संबोधित करेंगे। इस वर्ष के सम्मेलन की खासियत है कि पहली बार कमांडर सम्मेलन भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर आयोजित किया जा रहा है। इस क्षेत्र में मौजूदा भू-रणनीतिक स्थिति के कारण नौसेना कमांडरों के इस सम्मेलन का अपना महत्व और प्रासंगिकता है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में नौसेना कमांडरों को संबोधित करेंगे। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी भी नौसेना के कमांडरों के साथ बातचीत करेंगे, ताकि तीनों सेनाओं के बीच राष्ट्र की रक्षा और भारत के राष्ट्रीय हितों के प्रति तालमेल को बढ़ाया जा सके। सम्मेलन के पहले दिन की गतिविधियों में समुल्लः में ऑपरेशनल प्रदर्शन भी किये जाने की योजना है। नौसेना कमांडर भारतीय समुद्री हितों की चुनौतियों का समाधान करने के लिए नौसेना की तैयारी पर भी विचार-विमर्श करेंगे। नौसेनाध्यक्ष एडमिरल आर. हरि कुमार नौसेना कमांडरों के साथ पिछले छह महीनों में भारतीय नौसेना के प्रमुख परिचालन, सामग्री, रसद, मानव संसाधन विकास, प्रशिक्षण और प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा करेंगे। साथ ही महत्वपूर्ण गतिविधियों के लिए भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे। सम्मेलन के दौरान नौसेना कमांडरों को भारतीय नौसेना में निष्पादित 'अग्निपथ योजना' के बारे में अपडेट किया जाएगा। अग्निवीरों का पहला बैच 23 मार्च के अंत में आईएनएस चिल्का से पास आउट होने वाला है, जिसमें भारतीय सशस्त्र बलों की महिला अग्निवीरों का पहला बैच भी शामिल है।

### अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने स्वदेशी कैरियर से एलसीए के संचालन के लिए भारत को सराहा



भारत-अमेरिका रक्षा प्रौद्योगिकी और व्यापार पहल के तत्वावधान में गठित एयरक्राफ्ट कैरियर टेक्नोलॉजी को-ऑपरेशन पर संयुक्त कार्य समूह की छठी बैठक 27 फरवरी से 3 मार्च तक भारत में आयोजित की गई। रियर एडमिरल जेम्स डाउनी, कार्यक्रम कार्यकारी अधिकारी (पीईओ), कैरियर्स के नेतृत्व में एक 11 सदस्यीय अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली और कोच्चि में विभिन्न रक्षा और औद्योगिक प्रतिष्ठानों का दौरा किया। संयुक्त कार्य समूह की बैठक का उद्घाटन सत्र 27 फरवरी को दिल्ली में आयोजित किया गया था और इसकी सह-अध्यक्षता रियर एडमिरल संदीप मेहता, सहायक नियंत्रक कैरियर प्रोजेक्ट्स (एसीसीपी) ने की थी। बैठक के दौरान, डाउनी ने विमान वाहक के निर्माण में सक्षम बहुत कम देशों में से एक के रूप में भारत की स्थिति को स्वीकार किया और जहाज के चालू होने के बाद कम समय में स्वदेशी वाहक से स्वदेशी विमान, एलसीए के संचालन की भारत की ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना की।

# सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरुद्ध कई विपक्षी नेतओं ने पीएम को लिखा पत्र

**केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का लगाया आरोप**

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

विपक्षी दलों के नौ नेताओं ने आप नेता मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरुद्ध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है। इस चिट्ठी में आम आदमी प्रमुख व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख व प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, भारत राष्ट्र समिति के प्रमुख व तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव, आप नेता व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, राजद नेता व बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला, राकांपा प्रमुख शरद पवार, शिवसेना ठाकरे ग्रुप के प्रमुख उद्धव ठाकरे, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का नाम शामिल है। चिट्ठी में लिखा गया है कि आपके शासन में 2014 से अब तक जितने राजनेताओं की गिरफ्तारी हुई, छापे मारे गए या पूछताछ हुई, उनमें ज्यादातर विपक्षी नेता हैं। मजेदार बात यह है कि उन विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों की जांच धीमी पड़ जाती है, जो बाद में भाजपा में शामिल हो जाते हैं। सिसोदियाजी के विरूद्ध लगाए गए आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं। इन नेताओं ने केन्द्र सरकार पर सीबीआई, ईडी, आयकर सहित अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। इसके एक दिन पहले शनिवार चार मार्च को वरिष्ठ वकील व राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन करके इंसाफ मंच बनाने की घोषणा की। इसमें उन्होंने कहा था कि 11 मार्च को जंतर-मंतर पर इंसाफ मंच का वेबसाइट लॉन्च करने के दौरान वह देश के लिए एक विजन डॉक्यूमेंट भी पेश करेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा था कि यह राजनीतिक कदम नहीं, बल्कि बदलाव के लिए उत्प्रेरक है। सिब्बल ने कहा कि वकीलों को अपनी आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं एक आंदोलन शुरू करना चाहता हूं क्योंकि व्यापार, पत्रकारिता, लोग और विपक्ष हर जगह अन्याय है। सिब्बल ने आरोप लगाया था कि चुनी हुई सरकारों को अस्थिर किया गया है। ईडी के 121 मामलों में से 115 विपक्षी नेताओं के खिलाफ हैं।

मालूम हो कि सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ वकील व पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल कई राजनीतिक दलों के नेताओं के केस भी लड़ते रहे हैं। उद्धव ठाकरे शिवसेना, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल व झारखंड मुक्ति मोर्चा के केस हैं।

ऐसे में सिब्बल के इंसाफ मंच बनाने की पहल का ऐसे सभी नेताओं ने समर्थन किया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अन्याय के खिलाफ लड़ाई के लिए वकील एवं सांसद कपिल सिब्बल द्वारा शुरू किए गए मंच 'इंसाफ' से जुड़ने की सभी से अपील की।

केजरीवाल ने ट्वीट किया यह कपिल सिब्बल साहब की बहुत महत्वपूर्ण पहल है। मैं सभी से इससे जुड़ने की अपील करता हूं और हम मिलकर अन्याय का मुकाबला करेंगे। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने भी कपिल सिब्बल के न्याय मंच का समर्थन किया था। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने इस बारे में एक बयान में कहा कि वे सभी राजनीतिक पार्टियां जो देश में लोकतंत्र बनाए रखना चाहती हैं, उन्हें इसका समर्थन करना चाहिए। बीआईएस प्रमुख के. चन्द्रशेखर राव व राकांपा नेता शरद पवार व अन्य कई नेताओं ने भी इसका समर्थन किया है। कई नेताओं का कहना है कि इस समय जबकि ज्यादातर विपक्षी दल एक मंच पर आने को राजी नहीं हैं, तीसरा, चौथा मंच बनाने के चक्कर में पड़े हैं, जिसका सीधा लाभ भाजपा को होगा। इस माहौल में कपिल सिब्बल के इंसाफ मंच के मार्फत केंद्र सरकार व उसके आकाओं के अन्याय के विरुद्ध अभियान चलाने की योजना आगे बढ़ने की संभावना है।

### मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी पर नया विवाद

## बच्चों को ढाल बनाने का लगा आरोप

**एजेंसी। नई दिल्ली**

शराब घोटाला मामले में मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के सात दिन बाद भी देश की राजधानी में मचा सियासी तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसके उलट 'ईमानदार कौन' को लेकर सियासी जंग पहले से ज्यादा तेज हो गई है। इस जंग में आप का 'आई लव यू मनीष सिसोदिया, कांग्रेस की ओर से 'शराब की सेल में पटपड़गंज विधायक जेल में' और बीजेपी का केजरीवाल सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ खुलकर सड़क आने की घटना ने आग में 'घी' डालने जैसा काम किया है। डोर टू डोर अभियान के तहत आप नेता जहां सिसोदिया को कट्टर ईमानदार साबित करने पर तुले हैं तो बीजेपी और कांग्रेस वाले सिसोदिया की आड़ में पूरी सरकार को भ्रष्ट और जन विरोधी करार देने पर उतारू हैं।

खास बात यह है कि सियासी दलों में बीच यह तकरार अब पोस्टर वार में तब्दील हो गया है। बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने एनसीपीसीआर से की शिकायत में आरोप लगाया था कि स्कूलों के बाहर स्टॉल लगाकर बच्चों से सिसोदिया के समर्थन में पोस्टर बनवाए और लगवाए जा रहे हैं। स्कूली छात्रों का इस्तेमाल शराब घोटाले के आरोपी को बचाने के लिए किया जा रहा है। इसका बच्चों के मनोविज्ञान पर गलत असर पड़ेगा। बीजेपी का आरोप है कि शराब घोटाले में गिरफ्तार मनीष सिसोदिया का महिमामंडन करने और उनके पक्ष में सहानुभूति जताने के लिए स्कूली बच्चों को मोहरा बनाया जा रहा है। इससे बच्चों पर बुरा असर पड़ेगा।

### कर्नाटक में इंटर-कास्ट मैरिज मामला

## कपल पर 6 लाख का जुर्माना

**एजेंसी। चामराजनगर/कर्नाटक**

कर्नाटक के चामराजनगर जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां अंतर-जातीय विवाह करने पर एक जोड़े पर न केवल जुर्माना लगाया गया, बल्कि जोड़े को गांव से बहिष्कार का सामना करना पड़ा। घटना कोल्लेगल तालुक के कुनागल्ली गांव में हुई।

पुलिस के मुताबिक, दोनों की शादी पांच साल पहले हुई थी, लेकिन गांववालों को दोनों की अलग-अलग जाति के बारे में हाल ही में पता चला। ग्रामीणों ने दंपति पर 6 लाख रुपये का जुर्माना लगाया और उनका बहिष्कार कर दिया। दंपति इस अपमान को बर्दाश्त नहीं कर पाए और 1 मार्च को कोल्लेगल में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उप्परा सेट्टी समुदाय के गोविंदराजू को अनुसूचित जाति की मांड्या की श्वेता से प्यार हो गया था। जब उन्होंने शादी करने का फैसला किया, तो लड़के और लड़की के परिवार बिना किसी विरोध के सहमत हो गए और सब-रजिस्ट्रार के कार्यालय में उनकी शादी हो गई। गोविंदराजू मालवल्ली में बस गए, लेकिन अक्सर कुनागल्ली में अपनी पत्नी के साथ अपने माता-पिता से मिलने आते थे।

## कोनराड संगमा कल मेघालय सीएम पद की लेंगे शपथ

**शिलांग।** नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने मेघालय में सरकार बनाने के लिए बहुमत होने का दावा किया है और कोनराड संगमा मंगलवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। एनपीपी के प्रवक्ता सैदुल खान ने रविवार को आईएएनएस से कहा, हिल स्टेट पीपुल्स डेमोकेट्रिक पार्टी (एचएसपीडीपी) के दो विधायक हैं, और उन्होंने हमारी पार्टी को अपना समर्थन दिया है। हमारे पार्टी प्रमुख ने राज्यपाल को अपना समर्थन पत्र पहले ही सौंप दिया है। नए विधायक सोमवार को शपथ लेंगे।




## आपका काम ही आपका सबसे अच्छा पीआर है : यामी गौतम



**बॉलीवुड** अभिनेत्री यामी गौतम ने साझा किया कि वह अपना सर्वश्रेष्ठ देने में विश्वास करती हैं और यह भी कहा कि लोकप्रियता अच्छे काम पर निर्भर करती है और कहा कि काम आपका सबसे अच्छा पीआर है। उन्होंने ऐसा जवाब एक सोशल मीडिया यूजर को दिया जिसने उन्हें एक अच्छी पीआर एजेंसी किराए पर लेने की सलाह दी। यामी ने 'चांद के पार चलो', 'ये प्यार ना होगा कम' जैसे टीवी शो में काम किया और बाद में 'विक्की डोनर', 'बदलापुर', 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' जैसी फिल्मों में नजर आईं। हाल ही में एक ट्विटर यूजर ने एक्ट्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि करियर में बेहतर ग्रोथ के लिए उन्हें एक बेहतर पीआर एजेंसी की जरूरत है।

## 'बड़े अच्छे लगते हैं 2': पिहू की सगाई की सच्चाई का पता लगाएंगे राघव



'ये उन दिनों की बात है' के अभिनेता रणदीप राय वर्तमान में शो 'बड़े अच्छे लगते हैं 2' में राघव की भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं और एक्टर ने साझा किया कि उनका किरदार नीति टेलर द्वारा अभिनीत अपनी दोस्त और प्रेमिका प्राची के बारे में चिंतित है और किसी भी कीमत पर उसकी समस्या को हल करना चाहता है। राघव अपनी बहन पीहू के माहिर से सगाई करने के फैसले के पीछे की सच्चाई जानना चाहता है। जैसे-जैसे शो ने 20 साल का लीप लिया है, प्राची कपूर (नीति टेलर), राघव (रणदीप आर. राय), पीहू कपूर (पूजा बनर्जी) और अंगद (लीनेश मट्टू) जैसे नए चेहरों को पेश किया गया है। अब प्राची और पीहू दोनों की सगाई होने वाली है। हालांकि, राघव पीहू की भावनाओं के प्रति आश्वस्त नहीं है और सच जानना चाहता है। इसके अलावा, वह प्राची के माहिर से शादी करने के फैसले को लेकर चिंतित है, जो एक अच्छा लड़का नहीं है। वह यह पता लगाने की कोशिश करता है कि पीहू इस सगाई के लिए क्यों राजी हुई। सीक्वेंस के बारे में विस्तार से बताते हुए रणदीप ने कहा, राघव, पीहू और प्राची के करीबी दोस्त हैं, क्योंकि वे एक साथ बड़े हुए हैं।

## रणबीर कपूर ने बताया कैसे सीखा 'तू झूठा मैं मक्कार' का मोनोलॉग



**बॉलीवुड** एक्टर रणबीर कपूर ने 'तू झूठी मैं मक्कार' के निर्देशक लव रंजन के साथ काम करने के अपने अनुभव और फिल्म के लिए मोनोलॉग सीखने में आनेवाली चुनौतियों के बारे में बात की। उन्होंने कहाः लव रंजन के निर्देशक के साथ काम करना दूसरों की तुलना में बहुत अलग है, इसलिए, यह हम सभी के लिए एक बहुत ही नया अनुभव था। हमें शूट से कुछ घंटे पहले स्क्रिप्ट दी जाती थी, इसलिए हमारे पास अपने भीतर के सुपरहीरो को चैनल करने और मोनोलॉग के उन 5 पन्नों को अपनी पूरी ताकत से निपटाने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता था। रणबीर को उनकी फिल्म 'वेक अप सिड' से प्रसिद्धि मिली और दर्शकों ने उन्हें फिल्म 'अजब प्रेम की गजब कहानी' में एक रोमांटिक हीरो के रूप में देखा।

## 'चोर निकल के भागा' में यामी गौतम के साथ नजर आएंगे शरद केलकर

**अभिनेता** शरद केलकर अजय सिंह द्वारा निर्देशित अपकमिंग फिल्म 'चोर निकल के भागा' में यामी गौतम के साथ नजर आएंगे। फिल्म का हिस्सा बनने को लेकर अपने उत्साह को व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, मैं इस मनोरंजक सस्पेंस थ्रिलर का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। शरद फिल्मों और टीवी दोनों में अपने काम के लिए लोकप्रिय हैं। उन्होंने 'रात होने को है', 'सात फेरेः सलोनी का सफर', 'पति पत्नी और वो', 'बैरी पिया' जैसे टीवी शो किए और उन्होंने 'हलचल', '1920:' जैसी फिल्मों में भी काम किया। ईविल रिटर्न्स', 'हाउसफुल 4', 'तान्हाजी' जिसमें उन्होंने शिवाजी की भूमिका निभाई। उन्होंने यामी, सनी कौशल, इंद्रनील सेनगुप्ता और फिल्म की पूरी कास्ट के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया।

### आयोजन | देश भर के जिलों में 'वॉक फॉर हेल्थ' कार्यक्रम

# शारीरिक स्वास्थ्य को देगा बढ़ावा

**पदयात्रा विजय चौक से कर्तव्य पथ होते हुए शुरू हुई और इंडिया गेट से होते हुए निर्माण भवन पहुंची**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए देश भर के जिला मुख्यालयों पर 'वॉक फॉर हेल्थ' नाम से एक मेगा वॉकथॉन कार्यक्रम का आयोजन किया। इसी तर्ज पर रविवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी में भी इसी तरह का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य के लिए पदयात्रा विजय चौक से कर्तव्य पथ होते हुए शुरू हुई और इंडिया गेट से होते हुए निर्माण भवन पहुंची।



यह कार्यक्रम 'स्वस्थ महिला स्वस्थ भारत' की थीम के तहत आयोजित किया गया था। रिपोर्टों के अनुसार, गैर-संचारी रोग (एनसीडी) देश में 63 प्रतिशत से अधिक मौतों के लिए जिम्मेदार हैं और प्रमुख व्यवहार जोखिम कारकों से ध्ढ़ता से जुड़े हुए हैं। एनसीडी के विकास के लिए शारीरिक निष्क्रियता प्रमुख जोखिम कारकों में से एक है।

संयुक्त सचिव (स्वास्थ्य) विशाल चौहान, मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, डॉक्टरों, नर्सों और केंद्र सरकार के अस्पतालों जैसे सफदरजंग अस्पताल, राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल और लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के कर्मचारियों ने वॉकथॉन में भाग लिया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले 500 से अधिक लोगों ने उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मानसिक बीमारी और कैंसर जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को रोकने और नियंत्रित करने के लिए स्वस्थ और सक्रिय जीवन जीने का संकल्प लिया।

# तमिलनाडु से घर लौट रहे मजदूर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
तमिलनाडु में बिहार-झारखंड के मजदूरों के साथ हो रही मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद बिहार के साथ-साथ झारखंड के भी मजदूर लगातार अपने राज्य वापस लौट रहे हैं। रविवार की सुबह भी कई मजदूर रांची स्टेशन आए। झारखंड आए मजदूरों ने कहा कि जिस तरह से वीडियो में दिखाया गया है कि हिंदी भाषी मजदूरों के साथ मारपीट की जा रही है। इससे सभी मजदूर डरे हुए हैं और वह अपने घर और राज्य वापस आने को निकल रहे हैं। हालांकि मजदूरों की सुरक्षा को लेकर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार अपने मजदूरों की सुरक्षा को लेकर गंभीर है। जैसे ही मजदूरों को तंग करने का वीडियो सरकार के सामने आया सरकार ने तुरंत संज्ञान लेते हुए डीआईजी के नेतृत्व में एक टीम तमिलनाडु भेजी है, जो भी मजदूर और झारखंडवासी राज्य के बाहर रहकर जीवन यापन कर रहे हैं, सरकार उनके साथ है। वापस आए मजदूरों ने कहा कि जिस तरह से वीडियो वायरल हुआ है, ऐसे में मजदूरों का डरना लाजमी है लेकिन तमिलनाडु की सरकार सभी मजदूरों को आश्वस्त कर रही है कि डरने की जरूरत नहीं है। रविवार की सुबह ट्रेन से उतरे मजदूरों ने कहा कि जब तक झारखंड और बिहार की सरकार अपने स्तर से प्रयास नहीं करेगी तब तक मजदूरों का डरना लाजमी है। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि कोरोना काल में जिस तरह से राज्य सरकार ने झारखंड के बाहर काम करने वाले मजदूरों को सबसे पहले विमान और बस भेज कर अपने राज्य वापस लाने का काम किया था, उसी प्रकार तमिलनाडु में भी यदि मजदूरों के साथ दुर्व्यवहार हो रहे हैं, उनकी सुरक्षा के लिए हमारी टीम पूरी तरह से तैयार है। अपने मजदूरों की सुरक्षा के लिए सरकार तमिलनाडु सरकार से भी बात करेगी। हालांकि तमिलनाडु की सरकार की तरफ से टोल फ्री नंबर भी जारी किए गए हैं और हिंदी भाषी लोगों से अपील की जा रही है कि किन्ही को डरने की जरूरत नहीं है। यदि किसी भी हिंदी भाषी लोगों को कोई असामाजिक तत्व डराता है तो तुरंत जारी किये गए टॉल फ्री नंबर पर संपर्क करें।

## पलाश के फूल से रंग और गुलाल बनाने का मिला प्रशिक्षण

**रांची।** रंगों का त्योहार होली को लेकर प्राकृतिक रंगों और गुलाल बनाने की तैयारी शुरू हो गयी है। तेजस्विनी परियोजना मुरहू और खूंटी के अंतर्गत घाघरा, पिपराटोली, बगरू, मुरहू, कोडाकेल, सर्वदा, केवड़ा, बिचना, बहम्नी, घघारी, हेठगोवा, सिल्दा सहित 13 तेजस्विनी क्लबों में 110 किशोरियों और युवतियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें पलाश के फुल से गुलाल व रंग बनाने के बारे में बताया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य किशोरियों-युवतियों को बाजार में मिलने वाले केमिकल से निर्मित रंगों व स्किन पर होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। स्वरोजगार के प्रति बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण प्राप्त क्लब की किशोरी-युवती अपने घर के आसपास आसानी से पाए जाने वाले पलाश के फूल से रंग और गुलाल बनाकर स्थानीय बाजार-हाट में बेचकर अपनी आय को बढ़ाकर स्वालंबन की दिशा में आगे बढ़ सकती है।

# प्रदेश कांग्रेस अडाणी प्रकरण पर सभी प्रखंडों में आज देगी धरना




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पार्टी के नेता सोमवार को सभी प्रखंडों में अदाणी प्रकरण को लेकर धरना देंगे। धरना प्रखंडों में स्थित एलआईसी और एसबीआई कार्यालय के बाहर दिया जाएगा। राजेश ठाकुर रविवार को प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस की ओर से 13 मार्च को राजभवन घेराव भी किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रखंडों में धरना देकर हम पंचायत तक के लोगों को बताएंगे कि किस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अडानी ग्रुप से मित्रता एसबीआई और एलआईसी में जमा राशि को बर्बाद कर रही है। इसका खमियाजा देश की गरीब जनता भुगत रही है। उल्लेखनीय है कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद अदाणी ग्रुप के शेयरों में गिरावट आयी। इससे एसबीआई और एलआईसी के प्रभावित होने की बात कहकर कांग्रेस ने बीते दिनों सभी जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन किया था। राजेश ठाकुर ने रामगढ़ उपचुनाव में पार्टी को मिली हार मामले में कहा कि पार्टी इसकी समीक्षा करेगी। जब उनसे पूछा गया कि उपचुनाव के नतीजे के बाद उनके इस्तीफे की मांग उठी है, तो उन्होंने कहा कि ऐसी बातों को गंभीरता से नहीं लेनी चाहिए। कैश कांड में कांग्रेस के तीन निलंबित विधायकों (डॉ इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप) के ऊपर हुए जीरो एफआईआर के हाईकोर्ट के निरस्त किए जाने के पूछे सवाल पर कहा कि तीनों विधायकों ने उन्हें फोन कर जानकारी दी है। तीनों को दोबारा पार्टी में शामिल किए जाने के मुद्दे पर कहा कि इसपर शीर्ष नेतृत्व विचार करेगा। इस दौरान प्रदेश महासचिव विनय सिन्हा दीपू, अमुल्य नीरज खलखो, प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, डॉ. एम. तौसीफ, रांची महानगर अध्यक्ष डॉ. कुमार राजा उपस्थित थे।

## बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद रैपिड रिस्पांस टीम आई एक्शन में

# लोगों को किया जा रहा जागरूक




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जेल मोड़ चौक कचहरी के नजदीक बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद प्रभावित क्षेत्र के 1 किमी के दायरे में शेष बचे कुक्कुटों का कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एवं तत्पश्चात संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण क्लीनिंग एंड डिजाइफेक्शन का कार्य किये जाने एवं इसके 10 किमी की परिधि के क्षेत्र का मानचित्र बनाकर सर्विलेंस जोन के रूप में चिन्हित करते हुये इस क्षेत्र में एविएन इंफ्यूलेंजा के निगरानी एवं निस्तारण के लिए टीम गठित किया गया है। टीम द्वारा प्रभावित क्षेत्र के 1 किलोमीटर के दायरे में कुक्कुट पालन से संबंधित सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। साथ ही लोगों को बर्ड फ्लू के संबंध में माइकिंग के माध्यम से जागरूक भी किया जा रहा है। उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा 7 रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। जो संबंधित क्षेत्र में डिसइन्फेक्शन का भी कार्य कर रही है। नगरपालिका क्षेत्र में गठित टीम के सहयोग प्रदान करने एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है जो निम्न है : जेल मोड़, नगड़ाटोली, वर्द्धमान कम्पाउण्ड, लालपुर, प्लाजा चौक, लोहराकोचा। प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी : रितेश पन्ना, सह०प्र० पदा, रातू 9835722516, जेल मोड से अपर करमटोली लोअर करमटोली एवं करमटोली चौक तक, प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी : अरूण सिंह, सह०प्र० पदा० नगड़ी 7033296888, जेल मोड़ से कचहरी चौक राजभवन, रातू रोड चौक, मुख्यमंत्री आवास मोरहाबादी।
प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी : विनोद नारायण झा, सह०प्र०पदा०. लापुंग, जेल मोड़ से कचहरी रोड चडरी,फिरायालाल वार्ड नं0 19 जेल मोड़के 01 कि०मी० के परिधि में।
प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी : अरविंद कुमार, सह०प्र० पदा0 अनगड़ा 7654268059 है। प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों को गठित टीम से समन्वय स्थापित करते हुये विधि-व्यवस्था बनाये रखते हुये कार्य में सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है। कार्य के वरीय प्रभार में श्री अमित भगत, अंचल अधिकारी, शहर, रांची मो. नं-7463048857 हैं।
जिला प्रशासन की टीम 01 किलोमीटर के प्रभावित दायरे में घर-घर जाकर पक्षियों / अण्डों आदि की उपलब्धता का सर्वेक्षण कर रही है। सर्वेक्षण टीम द्वारा प्राप्त पक्षियों / अण्डों आदि की प्राप्ति रशीद उपलब्ध कराया जायेगा एवं उसी के आधार पर बाद में नियमानुसार मुआवजे का भुगतान अपर समाहर्त्ता, रांची द्वारा आपदा प्रबंधन मद से किया जायेगा। इस क्षेत्र के स्वच्छ घोषित होने के 21 दिन के उपरांत ही पक्षियों / अण्डों का क्रय-विक्रय किया जा सकेगा। बर्ड फ्लू के प्रसार की रोकथाम से संबंधित एक्शन प्लान के आलोक में इस 01-10 किलोमीटर की परिधि में मुर्गी/मुर्गा/बतख/चुजा आदि पक्षी एवं अण्डों के क्रय-विक्रय पर अगले आदेश तक पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही इस 01 से 10 किलोमीटर की परिधि में पूर्व से उपलब्ध पक्षियों / अण्डों को इस दायरे से बाहर भेजने और इस दायरे में बाहर से पक्षियों/अण्डों को लाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बर्ड फ्लू की घटना से प्रभावित क्षेत्र के शून्य से 1 किलोमीटर के दायरे के पूर्णरूप से स्वच्छ घोषित हो जाने के बाद ही इसके 01 से 10 किलोमीटर में पूर्व से उपलब्ध पक्षियों /अण्डों की क्रय-विक्रय की जा सकेगी तथा क्षेत्र के स्वच्छ घोषित होने के 21 दिन के उपरांत सामान्य स्थिति की घोषणा के पश्चात ही सामान्य तौर पर इस क्षेत्र में पक्षियों / अण्डों का क्रय-विक्रय किया जा सकेगा। वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची द्वारा अपने स्तर से संबंधित थाना प्रभारियों को गठित टीम के सहयोग एवं 10 कि०मी० की परिधी में पक्षियों / अण्डों के क्रय-विक्रय पर अगले आदेश तक के लिए प्रतिबंध के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया गया है। प्रतिबंधित क्षेत्र में आदेश का उल्लंघन करते पाये जाने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 एवं सुसंगत कानूनों के अन्तर्गत कार्रवाई की जायेगी।

## हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस के खुलने का समय बदला

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल पर विकास कार्यों के लिए ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इसके मद्देनजर रांची रेल मंडल से चलने वाली ट्रेन संख्या 18036 हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस के प्रस्थान समय में बदलाव किया गया है। यात्रा प्रारंभ 11 मार्च एवं यात्रा प्रारंभ एक अप्रैल को अपने निर्धारित समय 9.20 बजे के स्थान पर 2 घंटे 15 मिनट विलंब से अर्थात 11.35 बजे हटिया से खुलेगी। यात्रा प्रारंभ 14 मार्च, यात्रा प्रारंभ 17 मार्च, यात्रा प्रारंभ 20 मार्च, यात्रा प्रारंभ 23 मार्च, यात्रा प्रारंभ 26 मार्च, यात्रा प्रारंभ 29 मार्च और यात्रा प्रारंभ सात अप्रैल, 2023 को अपने निर्धारित समय 9.20 बजे के स्थान पर 2 घंटे 40 मिनट विलंब से अर्थात 12 बजे हटिया से खुलेगी। लोगों का कहना है कि समय के बदलने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जो समय पर पहुंचना चाहिए था वह नहीं हो पा रहा है।

# श्री बारात आयोजन समिति ने मनाई धूमधाम से होली



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर रांची के तत्वावधान में रविवार को पहाड़ी मंदिर में बाबा भोलेनाथ जी का भव्य श्रृंगार, महाकाल जी की आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। साथ ही समिति के सभी सदस्यों एवं बाबा के भक्तों की उपस्थिति में धूमधाम से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आज के इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से स्वामी दिव्यांनन्द जी महाराज, अध्यक्ष राजेश साहू, दीपक नंदा, गगन कुमार, मुरारी मंगल, शिव किशोर शर्मा, उर्मिला चौधरी, बादल सिंह, निखिल मिश्रा, मेहुल प्रसाद, दीपू तिवारी, पीयूष राज, रोनित साहू, गुलशन मिधा, संजय कुमार, राजू काठपाल, राम सिंह, सुरभि, सुभाशीष चटर्जी, सपना चटर्जी आदि शिव भक्त मौजूद रहे। जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा ने दी।

## राजधानी रांची की तीन प्रमुख सड़कों को किया जाएगा विकसित

**रांची।** राजधानी की तीन प्रमुख सड़कों को दो लेन-चार लेन तक किया जायेगा। पथ निर्माण विभाग ने शहर की इन सड़कों को विकसित करने के लिए चिह्नित किया है,जिससे बनने से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था और सुगम हो जायेगी। अरगोड़ा स्थित डीएवी पुंदाग से एनएच 23 इटकी रोड में स्थित डीएवी हेहल तक पहुंच पथ बनाया जायेगा। लगभग 2.65 किमी लंबे इस रोड को चौड़ा किया जायेगा। इसी तरह नामकुम के दुगासीरेन चौक से चांदनी चौक तक की 8.68 किमी लंबी सड़क को भी विकसित किया जायेगा। वहीं, कांके रोड के होली डे होम से चिरौंदी, टैगोर हिल के आगे आशीर्वाद बैंक्वेट हॉल तक की रोड को डेवलप करने के लिए चिंह्नत किया गया है।

# आदिवासी और जैन धर्म एक दूसरे के पूरक




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** अंतर्मना आचार्य 108 श्री प्रसन्न सागर जी महाराज ने प्रेस क्लब के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित पत्रकार संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पारसनाथ श्री सम्मेद शिखरजी एक आस्था का तीर्थ क्षेत्र है जिसके साथ आदिवासी समुदाय और जैन समुदाय की गहरी आस्था जुड़ी हुई है। श्री सम्मेद शिखर जी का महत्व जितना जैन समुदाय के लिए है उतना ही आदिवासी समुदाय का है क्योंकि भगवान पारसनाथ किसी जाति विशेष के नहीं बल्कि आदिवासी समाज के भी हैं। इसलिए हम कह सकते हैं कि आदिवासी और जैन समाज एक दूसरे के पूरक हैं और एक दूसरे के बिना अधूरे हैं। आचार्य श्री ने पत्रकारों के सवाल के जवाब देते हुए कहा कि अगर पारसनाथ की धरती पर कुछ ऐसा काम हो रहा है जो संवैधानिक तौर पर उचित नहीं है तो उस पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए इससे जैन समुदाय को किसी भी प्रकार की आपत्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पारसनाथ पर्वत का संरक्षण और सुरक्षा के प्रयास होने चाहिए। पर्वत पर किसी भी प्रकार का निर्माण करना गैर कानूनी है क्योंकि वह वन विभाग की संपत्ति है। उन्होंने पत्रकारों को सरस्वती पुत्र कहते हुए संबोधित किया और कहा कि मीडिया की भूमिका आज के दौर में अब काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि मीडिया के माध्यम से विचारों का संचार तीव्र गति से होता है और अगर सद्विचार को चंद लोग भी आत्मसात करते हैं तो संतों की तपस्या, संतों के उपदेश सफल माने जाते हैं। अहिंसा संस्कार पदयात्रा करते हुए संस्कारों का शंखनाद कर रहा हूं। आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज ने कहा कि गांधी जी ने दांडी यात्रा की थी, विनोबा भावे ने पदयात्रा की थी और वह समाज में नष्ट होती नैतिकता, गुम होते आदर्श और विलुप्त होता आगम को लेकर अहिंसा संस्कार पदयात्रा बीते 15 वर्षों से कर रहे हैं। देश के लोग पाश्चात्य व्यवस्था को फॉलो कर रहे हैं और देसी संस्कृति विलुप्त होती जा रही है ऐसे में संस्कारों को संरक्षित रखना एक बड़ी चुनौती है। आचार्य श्री ने कहा कि पहले चांद देखने पर मामा की याद आती थी लेकिन अब मोबाइल की संस्कृति ने जन्म ले लिया और हम उसके आदी बन गए हैं। उन्होंने कहा कि साहित्य हमारे देश में फुटपाथ पर बिक रहा है जूते चप्पल शोरूम में बेचे जा रहे हैं तो आप समझ सकते हैं कि हमारी संस्कृति किस प्रकार विलुप्त होती जा रही है। जीवन में तीन सूत्र अत्यंत महत्वपूर्ण है प्रकृति, संस्कृति और विकृति।

## तैयारी — होली के रंग में रंगने लगा बाजार, दुकानें सजीं

# सोलह सौ तक की पिचकारी बाजार में



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची के बाजार होली के रंगों में रंगने लगे हैं। लोगों ने होली की तैयारियां शुरू कर दी है। दुकानें सज-धज कर तैयार है, जहां अनेकों तरह के मुखोटा और तरह-तरह के गुलाल दिख रहे हैं। बच्चों को लुभाने के लिए होली के बाजारों में स्पाइडर मैन करेक्टर वाले गन, मोनो फिश वाटर टैंक, पब्जी गन, कैप्टेन अमेरिका और मेजिकल गन दिख रहे हैं। इसके अलावे छोटे और बड़े पिचकारी भी बाजार में उपलब्ध हैं। बाजार में मौजूद इन पिचकारी की कीमत 40 से 1600 रुपयों के बीच है। बाजार में थंडर मटका गुलाल भी मौजूद है, जिसकी कीमत 1300 रूपए से शुरू होता है। इस मटके को दबाने पर कलरफूल गुलाल निकलते हैं। मेजिक गन गुलाल की कीमत 300 रूपए है। इसके साथ ही कलर स्मोक हैंड पायरो गन की कीमत 1100 रूपए से शुरू है। लोगों की डिमांड पर डरवाने मास्क और मलिंगा बाल भी बाजार में उतारे गए हैं। जबकि होली है और बुरा ना मानो होली है लिखे हुए टी-शर्ट 100 रुपये में मिल रहे हैं। बाजार में इस साल नेचुरल और हर्बल गुलाल का क्रेज भी काफी ज्यादा है। होली के आते ही लोग अपने स्किन को लेकर काफी सतर्क हो जाते है। इस वजह से भी हर्बल गुलाल की डिमांड काफी बढ़ी है। रंग-बिरंगे गुलाल की बात करें तो ये सिंगल पैकेट के साथ-साथ पांच पिस के सेट में बिक रहे हैं। मार्केट में हरा, गुलाबी-पीला, लाल, नीला, पर्पल जैसे अनेकों रंग मिल रहे हैं और इनकी कीमत 100 से 500 के बीच है। रांची में होली के सभी सामान दिल्ली, मुंबई और कोलकाता से मंगाए जा रहे हैं। पिछले वर्ष की तुलना में से इस वर्ष होली की वैराइटीज की कीमत में तकरीबन 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रांची के अपर बाजार के दुकानदारों का कहना कोरोना के बाद इस बार लोग बिना डरे काफी उत्साह-उमंग के साथ होली का त्योहार ।

## होली में रांची स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने के लिए मारामारी

**रांची।** होली में दूसरे राज्यों से आने-जाने वाले लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। होली आठ मार्च को लोगों को ट्रेनों में कंफर्म टिकट नहीं मिल रही है। होली से पूर्व कई ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट हो गयी है। ऐसे में यात्री अन्य विकल्प की भी तलाश कर रहे हैं। ट्रेनों में अभी से भारी भीड़ उमड़ने लगी है। मारामारी जैसी नौबत आ गयी है। जिन ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट है, उसमें ट्रेन संख्या 15027 (हटिया-गोरखपुर मौर्या एक्सप्रेस) ट्रेन में छह मार्च को स्लीपर में वेटिंग 170, थर्ड एसी में 32 वेटिंग और सेकेंड एसी में वेटिंग 28 है। ट्रेन संख्या 18624 (हटिया-इस्लामपुर) में छह मार्च को स्लीपर में वेटिंग 151, थर्ड एसी में वेटिंग 40, सेकेंड एसी में वेटिंग 30 है। सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस ट्रेन में छह मार्च को स्लीपर में 250 वेटिंग, थर्ड एसी में 150 वेटिंग। एल्लेपी-धनबाद एक्सप्रेस में छह मार्च का टिकट नहीं मिल रहा है।

# पृष्ठ एक के शेष

**पलामू में हथियार के साथ एक गिरफ्तार...**
चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कंकारी में पल्सर बाइक पर सवार दो युवक लूटपाट की फिराक में घूम रहे हैं। इसी गुप्त सूचना के आधार पर चैनपुर थाना के पुलिस द्वारा छापामारी दल का गठन किया गया। और छापामारी दल में शामिल सभी पुलिसकर्मी घटनास्थल कर एक व्यक्ति को दौड़ाकर पकड़ लिया।जबकि दूसरा व्यक्ति भागने में सफल रहा। पकड़े गए व्यक्ति के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा,दो जिंदा गोली,मोबाइल फोन,पल्सर गाड़ी बरामद किया है। वहीं पकड़े गए व्यक्ति का नाम रंजीत कुमार सिंह उम्र 23 वर्ष है जो पलामू जिले के पिपरा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। छापामारी दल में एसआई पप्पू कुमार, पुलिस जवान संजय विश्वकर्मा,करण सिंह मुंडा शामिल थे।

**होली का रंग...**
और आठ मार्च को 31 डिग्री सेंटीग्रेड रहने का अनुमान है। पिछले 24 घंटे में राज्य का अधिकतम तापमान 36 डिग्री के पार पहुंच गया है। जमशेदपुर का पारा 36.6 और डालटनगंज का 36.4 डिग्री तक पहुंच गया जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान सिमडेगा का रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रांची, जमशेदपुर, डालटनगंज, बोकारो और चाईबासा का अधिकतम और न्यूनतम तापमान दोनों सामान्य से अधिक हो गया है।

**अन्याय के खिलाफ सामूहिक...**
के साथ समर्थन है। यह एक लंबी लड़ाई होगी। हेमंत ने यह भी कहा कि केंद्र की सत्ता में बैठे लोगों के द्वारा जो अन्याय किया जा रहा है, उसका विरोध करने के लिए सामूहिक आंदोलन का समय आ गया है। सामूहिक आंदोलन इसलिए भी जरूरी है कि देश की लोकतांत्रिक अखंडता को बचाया जा सके।
जन आंदोलन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील : कपिल सिब्बल ने गैर-चुनावी राजनीतिक मंच शुरू करते हुए कहा था कि उनका मकसद राजनीतिक नहीं, बल्कि संवैधानिक मूल्यों के लिए लड़ना है। कपिल सिब्बल ने देश के वकीलों के साथ अन्य लोगों से भी इस लड़ाई में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की है।

**नेवी ने जहाज से किया...**
लॉन्च मिसाइल का सफल परीक्षण किया था। ये 400 किलोमीटर तक के टारगेट को निशाना बना सकती है। वायु सेना ने अपने ऑफिशियल बयान में कहा था कि इस मिसाइल को सुखोई एसयू-30 फाइटर एयरक्राफ्ट से टेस्ट किया गया। रक्षा विभाग ने बताया कि टेस्ट के दौरान मिसाइल ने टारगेट की गई शिप को बीचोबीच मारा। यह मिसाइल के एयर-लॉन्च वर्जन का एंटी-शिप वर्जन है।
**क्या है ब्रह्मोस? :** ब्रह्मोस एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है, जिसे पनडुब्बी, शिप, एयरक्राफ्ट या जमीन कहीं से भी छोड़ा जा सकता है। ब्रह्मोस रूस की पी-800 ओकिंस क्रूज मिसाइल टेक्नोलॉजी पर आधारित है। इस मिसाइल को भारतीय सेना के तीनों अंगों, आर्मी, नेवी और एयरफोर्स को सौंपा जा चुका है। ब्रह्मोस मिसाइल के कई वर्जन मौजूद हैं। ब्रह्मोस के लैंड-लॉन्च, शिप-लॉन्च, सबमरीन-लॉन्च एयर-लॉन्च वर्जन की टेस्टिंग हो चुकी है।

**'कटलैस' एक्सप्रेस...**
था। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, सी. स्वॉर्ड 2 और आईएमएक्स सीई-23 जैसे अभ्यासों में सहभागिता भारतीय नौसेना को आईओआर में समुद्री भागीदारों के साथ संबंधों को सुदृढ़ बनाने और अंतर-पारस्परिकता और सामूहिक समुद्री क्षमता बढ़ाने में सक्षम बनाती है। यह नौसेना को क्षेत्रीय स्थिरता और सुरक्षा में रचनात्मक योगदान करने में भी सक्षम बनाती है।

**मरांडी ने प्रधान सचिव को....**
मरांडी ने प्रधान सचिव को पदनाम मामले में पार्टी का प्रतिनिधिमंडल प्रवर्तन विभाग से भी मिलकर वीडियो की कॉपी के साथ ज्ञापन सौंपेगा और इस मामले में वसूली से हुए मनी लांड्रिंग की भी विस्तृत जांच की मांग करने जा रहा है।
**धृतराष्ट्र नहीं बनें मुख्य सचिव :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य के मुख्य सचिव की गिनती अच्छे अधिकारी में होती है। मैं उनसे अनुरोध करता हूं कि वे धृतराष्ट्र नहीं बनें। इस गंभीर मामले पर कठोर कार्रवाई का प्रस्ताव मुख्यमंत्री को देने में विलंब नहीं करें। ऐसे कितनी घोटाले से किस किस को बचाने की फाइल और कितने दिन रोकेंगे मुख्यमंत्री? कागजात नहीं मरते। कारवाई तो होगी ही।

**आरोप साबित करें नहीं तो अपना उपचार कराएं बाबूलाल : झामुमो**
सत्तासीन झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सुप्रियो भट्टाचार्य ने बाबूलाल के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा है कि उन्हें पहले वीडियो क्लिप की प्रमाणिकता साबित करनी चाहिए। जिस स्थान का वीडियो क्लिप बताया जा रहा है उस स्थान की प्रमाणिकता भी साबित करनी चाहिए और उन्हें यह भी बताना चाहिए कि यह वीडियो उन्हें कहां से प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा है कि बाबूलाल पहले भी अपनी पार्टी झारखंड विकास मोर्चा के सिंबल पर निर्वाचित विधायकों के रघुवर सरकार के समय भाजपा में शामिल होने के लिए पैसे की सौदेबाजी से संबंधित पत्र जारी किया था। उस पत्र का क्या हुआ। उस मामले को लेकर वह आगे कहां तक गए यह उन्हें राज्य की जनता को बताना चाहिए। क्या उन्होंने उस पत्र की फॉरेंसिक जांच कराई। इसी प्रकार प्रधान सचिव पर जिस वीडियो क्लिप के माध्यम से आरोप लगाया है, उसकी फॉरेंसिक जांच कराई है क्या। झामुमो ने कहा है कि अगर बाबूलाल आरोप साबित कर देते हैं तो जरूर दोषी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए अगर वह आरोप साबित नहीं कर पाते हैं, तो उन्हें मनोचिकित्सक से उपचार कराने की जरूरत है।

## NEWS इन ब्रीफ

### इथोपियाई धावकों ने टोक्यो मैराथन में जीते पांच पोडियम स्थान

**टोक्यो।** इथोपियाई धावकों ने चमकदार प्रदर्शन करते हुए छह पोडियम स्थानों में से पांच स्थान जीत लिए। देसो गेलमिसा ने हमवतन मोहम्मद इसा को मात्र एक सेकंड से पीछे छोड़कर पुरुषों की दौड़ 2:05:22 में जीत ली। उनके टीम साथी सेगाया गेटाच्यु तीसरे स्थान पर रहे। इथोपिया ने महिला वर्ग दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में केन्या की रोजमैरी वानजीरु ने 2:16:28 में जीत अपने नाम की। सेहाय गेमचू ने 2:16:56 के समय के साथ दूसरा और अशेते बेकेरे (2:19:11) को तीसरा स्थान मिला।

### एलेक्स डी मिनौर ने जीता अपना सबसे बड़ा खिताब

**एकापुलको/मेक्सिको।** ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए अमेरिका के टॉमी पॉल को 3-6, 6-4, 6-1 से हराकर मेक्सिकन ओपन का खिताब जीत लिया। आठवीं सीड ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने शनिवार को दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और आठ ब्रेक अंकों में से छह बचाये। उन्होंने दो घंटे 27 मिनट में मैच समाप्त किया। इस जीत से उन्होंने अपना सातवां और सबसे बड़ा खिताब जीता। मिनौर का यह लगातार तीन सेटों का संघर्ष था।

### कोस्ट्युक, ग्राचेवा अपने पहले करियर फाइनल में

**ऑस्टिन/अमेरिका।** पहले एटीएक्स ओपन को नया डब्लूटीए एकल चैंपियन मिलना तय है, क्योंकि मार्टा कोस्ट्युक और वारवरा ग्राचेवा ने अपने पहले करियर फाइनल में प्रवेश किया है। कॉस्ट्युक और ग्राचेवा ने अपने सेमीफाइनल में क्रमशः डेनियल कोलिन्स और कैटी वोलिनेट्स को हराया। पहले सेमीफाइनल में आठवीं सीड यूक्रेन की कॉस्ट्युक ने चौथी सीड अमेरिका की कोलिन्स को 6-4, 6-3 से पराजित किया। 20 वर्षीय कॉस्ट्युक टूर लेवल पर अपने पिछले चार सेमीफाइनल में पहुंची, लेकिन उससे आगे नहीं बढ़ पायीं।

### मेदवेदेव ने तीन हफ्ते में लगातार तीसरा खिताब जीता

**दुबई।** रूसी स्टार डेनियल मेदवेदेव ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप जीत लिया है। 27 साल के मेदवेदेव ने फाइनल में हम वतन आंद्रे रूबलेव को 6-2 6-2 से हराया। यह डेनियल का पिछले तीन हफ्तों में लगातार तीसरा खिताब है। इससे पहले, वे दोहा और रॉटरडैम के खिताब जीत चुके हैं। मेदवेदेव 2021 के बाद से लगातार तीन खिताब जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं।

# शेष भारत ने जीती ईरानी ट्रॉफी

### मप्र को 238 रनों के बड़े अंतर से किया पराजित

**एजेंसी। ग्वालियर**

शेष भारत ने मध्य प्रदेश को 238 रनों के बड़े अंतर से पराजित कर ईरानी ट्रॉफी का खिताब जीत लिया। यशस्वी जायसवाल (213 और 144) को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। शेष भारत ने पहली पारी में 484 रन बनाये जबकि मध्य प्रदेश की टीम 294 रन पर सिमट गयी। शेष भारत ने दूसरी पारी में 246 रन बनाकर मध्य प्रदेश के सामने जीत के लिए 437 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा।




विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए मध्य प्रदेश की टीम 198 रन पर सिमट गयी।

मध्य प्रदेश ने कल के दो विकेट पर 81 रन से आगे खेलना शुरू किया। लेकिन उसका कोई भी बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं निभा पाया। कप्तान हिमांशु मंत्री ने 51, हर्ष गवली ने 48 और अमन सोलंकी ने 31 रन बनाये। शेष भारत की तरफ से सौरभ कुमार ने 60 रन पर तीन विकेट लिए जबकि मुकेश कुमार, अतीत शेठ और पुलकित नारंग को दो-दो विकेट मिले।

# मुंबई इंडियंस ने डब्ल्यूपीएल के लिए की है अच्छी शुरुआत : पार्थिव पटेल

**एजेंसी। नवी मुंबई**

भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज पार्थिव पटेल का मानना है कि उद्घाटन महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरुआती मैच में मुंबई इंडियंस की गुजरात जायंट्स पर 143 रन की बड़ी जीत टूर्नामेंट के लिए सही शुरुआत है। लेकिन अभी और भी बहुत कुछ होना बाकी है। उन्होंने कहाः टॉस हारने के बाद मुंबई इंडियंस के लिए अच्छी शुरुआत करना बहुत महत्वपूर्ण था। खासकर, पावरप्ले के दौरान और उन्होंने ठीक वैसा ही किया। यह महिला क्रिकेट के लिए एक बड़ा मंच है और खिलाड़ियों सहित हर कोई इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा था। मैच समाप्त होने के बाद स्पोर्ट्स18 और जियोसिनेमा के डब्ल्यूपीएल विशेषज्ञ पटेल ने कहाः इसलिए, मुझे यकीन है कि हर कोई नर्वस था। लेकिन टूर्नामेंट की अच्छी शुरुआत के लिए यह महत्वपूर्ण था। मुंबई इंडियंस ने इसे बहुत अच्छा किया, एक विस्फोटक शुरुआत की। हमें यकीन है कि आने वाले दिनों में और अधिक दिलचस्प मैच होंगे।



# दिल्ली कैपिटल्स ने आरसीबी को हराया

## शेफाली वर्मा ने खेली तूफानी पारी, नोरिस ने झटके 5 विकेट




### दिल्ली ने विमेंस टी-20 में बनाया दूसरा बड़ा स्कोर

**दिल्ली** ने विमेंस की मेजर लीग टी-20 में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया है। दिल्ली से पहले बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स टीम ने 2017 में 4 विकेट पर 242 रन बनाए थे। अब दिल्ली ने 2 विकेट पर 223 रन बना लिए। दिल्ली के बाद बिग बैश की मेलबर्न रेनेगेड्स डब्ल्यूपीएल की मुंबई इंडियंस टीम तीसरे नंबर पर हैं। दोनों के नाम 207 रन का स्कोर है।

**एजेंसी। मुंबई**

विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में रविवार के पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 60 रन से हरा दिया। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी दिल्ली ने 20 ओवर में 2 विकेट पर 223 रन बनाए थे। जवाब में बेंगलुरु 20 ओवर में 8 विकेट पर 163 रन ही बना सकी। दिल्ली की तारा नोरिस ने 29 रन देकर 5 विकेट लिए। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया। दिल्ली से शेफाली वर्मा ने सबसे ज्यादा 84 रन बनाए। कप्तान मेग लेनिंग ने 72 रन की पारी खेली। बेंगलुरु से कोई भी बैटर 35 से ज्यादा रन नहीं बना सकीं।

**35 रन से ज्यादा कोई नहीं बना सकीं :** 224 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी बेंगलुरु के लिए स्मृति मंधाना, हीथर नाइट, मीगन शट और एलिस पेरी के अलावा कोई भी बैटर कुछ खास नहीं कर सकीं। मंधाना 35, नाइट 34 और पेरी 31 रन बनाकर आउट हुईं। मीगन शट 30 रन के स्कोर पर प्रीति बोस (2*) के साथ नाबाद रहीं। इनके अलावा सोफी डिवाइन ने 14 रन बनाए। वहीं, दिशा कसाट 9, रिचा घोष 2, आशा शोभना 2 और कनिका अहूजा शून्य पर आउट हुईं।



**पावरप्ले में एक ही विकेट गंवाया :** बेंगलुरु को कप्तान स्मृति मंधाना और सोफी डिवाइन ने तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने 4.2 ओवर में 41 रन की पार्टनरशिप की। डिवाइन 14 रन बनाकर आउट हुईं, इसके बाद स्कोरिंग रेट कम हो गया। 6 ओवर के बाद टीम का स्कोर एक विकेट पर 54 रन था। दिल्ली की ओपनर शेफाली वर्मा ने सबसे ज्यादा 84 और कप्तान मेग लेनिंग ने 72 रन बनाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 162 रन जोड़े। मारियन कैप 17 बॉल में 39 और जेमिमा रोड्रिग्ज 15 बॉल में 23 रन के स्कोर पर नाबाद रहीं। दोनों ने महज 31 बॉल पर 60 रन की नाबाद पार्टनरशिप कर डाली। बेंगलुरु से दोनों विकेट हीथर नाइट को मिले।

**बेंगलुरु ने 7 बॉलर्स आजमाए :** बेंगलुरु ने पूरे मैच में 7 बॉलर्स को ट्राई किया, लेकिन विकेट एक ही बॉलर को मिले। सभी बॉलर्स ने 8 रन प्रति ओवर से ज्यादा के इकोनॉमी रेट से रन दिए। 4 बॉलर्स की इकोनॉमी तो 10 रन से ज्यादा रही। दिल्ली की ओपनर शेफाली वर्मा और मेग लेनिंग ने 10वें ओवर में ही 100 रन की पार्टनरशिप पूरी कर ली। पावरप्ले में बगैर नुकसान के 58 रन बनाने के बाद भी दोनों ने आक्रामक बैटिंग की। शेफाली ने 31 बॉल में अपनी फिफ्टी पूरी की। वहीं, लेनिंग ने भी अगले ही ओवर में 30 बॉल में अर्धशतक बना लिया। 15वें ओवर में दोनों ही बैटर आउट हो गईं। लेनिंग 43 बॉल में 72 रन बनाकर पवेलियन लौटीं और शेफाली ने 45 बॉल में 84 रन बनाए। दोनों ने 87 बॉल पर ओपनिंग विकेट के लिए 162 रन जोड़े।

## सानिया मिर्जा ने हैदराबाद में खेला फेयरवेल मैच




*__हैदराबाद।__ भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने रविवार को हैदराबाद में अपना फेयरवेल मैच खेला। पिछले महीने संन्यास ले चुकीं सानिया मिर्जा ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप में अपने करियर का आखिरी प्रोफेशनल मैच खेला था, हालांकि वे टूर्नामेंट नहीं जीत सकीं। उस मैच के बाद सानिया मिर्जा ने अपनी सोशल पोस्ट में कहा था- 'मेरे सभी दोस्त, मेरा परिवार और प्रशंसकों के सामने में आखिरी बार खेलुंगी।'*

### गार्सिया का फाइनल में वेकिच से मुकाबला

**मॉन्टेरी/मेक्सिको।** विश्व की पांचवें नंबर की खिलाड़ी कैरोलिन गार्सिया ने चौथी सीड एलिस मर्टेन्स को मॉन्टेरी ओपन के सेमीफाइनल में 6-3, 6-4 से हराकर सत्र के अपने दूसरे फाइनल में प्रवेश कर लिया। खिताब के लिए उनका मुकाबला क्रोएशिया की डोना वेकिच से होगा जिन्होंने चीन की झू लिन को हराकर 2023 के अपने पहले फाइनल में जगह बनायी। अपने 12वें डब्लूटीए टूर खिताब की तलाश में गार्सिया वेकिच के खिलाफ अपना करियर रिकॉर्ड बराबर करने की कोशिश करेंगी। वेकिच ने गार्सिया के खिलाफ नौ मुकाबलों में से पांच जीते हैं। उनकी आखिरी भिड़ंत 2021 में टोक्यो ओलंपिक में हुई थी। गार्सिया ने मर्टेन्स के खिलाफ 33 विनर्स लगाए जबकि मर्टेन्स 17 विनर्स ही लगा पायीं।

# एलएलसी : भारत महाराजा का प्रतिनिधित्व करेंगे सुरेश रैना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) मास्टर्स में इंडिया महाराजा का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो कतर के दोहा में एशियन टाउन क्रिकेट स्टेडियम में 10 मार्च से खेला जाएगा। रैना ने 18 टेस्ट, 226 वनडे (5615 रन) और 78 टी20 (1605 रन) में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। टेस्ट में डेब्यू पर शतक लगाने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज, क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में शतक बनाने वाले पहले भारतीय भी हैं और उनके शतक भारत के बाहर बनाए गए थे। एलएलसी मास्टर्स, जिसमें तीन टीमें हैं - इंडिया महाराजा, एशिया लायंस, और वर्ल्ड जायंट्स। एलएलसी मास्टर्स के साथ अपने जुड़ाव पर रैना ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहाः मैं एलएलसी मास्टर्स का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं। प्रारूप ऐसा है कि हम फिर से भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा खुशी की बात है। हम इस बार ट्रॉफी घर लाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सह-संस्थापक और सीईओ रमन रहेजा ने कहाः हमने इस सीजन के लिए पचास खिलाड़ियों के पूल में लगभग 20 नए सीनियर खिलाड़ियों को शामिल किया है। हम लीजेंड्स लीग क्रिकेट में रैना और हरभजन का स्वागत करते हैं। हमें उम्मीद है कि इंडिया महाराजा के लिए इन दिग्गजों की ओर से कुछ शानदार पारी देखने को मिलेगी। लीजेंड्स लीग क्रिकेट मास्टर्स का पहला मैच इंडिया महाराजा और एशिया लायंस के बीच 10 मार्च को खेला जाएगा।



## डब्ल्यूपीएल 2023 | मुंबई इंडियंस की मालकिन नीता अंबानी को उम्मीद

# युवा लड़कियों के सपनों को करेगा पूरा

**एजेंसी। मुंबई**

महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में मुंबई इंडियंस की मालकिन व रिलायंस इंडस्ट्रीज की निदेशक नीता अंबानी को उम्मीद है कि टूर्नामेंट से और अधिक महिलाओं को खेलों में अपना करियर बनाने में मदद मिलेगी। पहले बल्लेबाजी करते हुए, कप्तान हरमनप्रीत कौर की तेज तर्रार और 14 चौकों की मदद से 65 रनों की पारी ने मुंबई इंडियंस को रविवार को डब्ल्यूपीएल 2023 के पहले मैच में डीवाई पाटिल स्टेडियम में 207/5 के विशाल स्कोर तक पहुंचाया।

जवाब में, गुजरात जायंट्स मैच में कभी भी लक्ष्य का पीछा करने में असमर्थ रही। मुंबई इंडियंस की गेंदबाज नियमित अंतराल पर विकेट लेते रहीं और उन्हें 15.1 ओवर में मात्र 64 रन पर रोक दिया। मुंबई ने टूर्नामेंट शुरू करने के लिए 143 रन की शानदार जीत दर्ज की। नीता अंबानी ने कहाः यह एक शानदार दिन रहा है और मैच में महिलाओं के लिए एक प्रतिष्ठित क्षण है। डब्ल्यूपीएल का हिस्सा बनना बहुत रोमांचकारी है। मुझे उम्मीद है कि यह देश भर की युवा लड़कियों को खेल अपनाने, अपने सपने को साकार करने में प्रेरित करेगा।



नीता ने अनुभवी और युवा खिलाड़ियों के मुंबई के लिए आगे बढ़ने की भी सराहना की। उन्होंने कहाः मुंबई इंडियंस एक खास तरह की क्रिकेट खेलने के लिए जानी जाती है, निडर और रोमांचक। हमारी लड़कियों ने मैच में इतना अच्छा प्रदर्शन किया है। जिस तरह से उन्होंने खेला है, मुझे उस पर बहुत गर्व है। उन्होंने कहाः यह एक शानदार प्रदर्शन था। हमारी कप्तान हरमन ने क्या विशेष पारी खेली। अमेलिया केर शानदार थीं, उन्होंने भी अच्छा प्रदर्शन किया। 59 वर्षीय मुंबई इंडियंस की मालकिन ने डीवाई पाटिल स्टेडियम में बड़ी संख्या में मौजूद सभी प्रशंसकों का उत्साहवर्धन किया और उनकी उपस्थिति को स्वीकार किया।

### मेडिकल क्लीयरेंस हासिल करने में नाकाम रहने के बाद डियांड्रा टीम से बाहर : गुजरात जायंट्स

**एजेंसी। मुंबई**

मुंबई इंडियंस के खिलाफ उद्घाटन महिला प्रीमियर लीग 2023 का शुरुआती मैच खेलने से पहले, गुजरात जायंट्स ने घोषणा की थी कि वेस्टइंडीज की बड़ी हिटर डियांड्रा डॉटिन को बाहर कर दिया गया है और आयरलैंड में जन्मी आस्ट्रेलियाई आलराउंडर किम गार्थ को डॉटिन की जगह लिया गया है। लेकिन कहानी में ट्विस्ट तब आया जब डियांड्रा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए कहा कि वह बिल्कुल ठीक हैं। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम कहानी पर लिखाः गेट वेल सून अगर मैं पूछूं तो क्या होगा? बाद में, उन्होंने ट्विटर पर लिखाः मैं वास्तव में सभी संदेशों की सराहना करती हूं, लेकिन सच कहूं तो मैं अभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुई हूं। अब, गुजरात ने पुष्टि की कि डियांड्रा मौजूदा डब्ल्यूपीएल सीजन के लिए टीम का हिस्सा नहीं होगी, क्योंकि समय पर मेडिकल क्लीयरेंस हासिल नहीं कर पाई थी।

